सेंसेक्स 77,502.12 ● निफ्टी 24,175.70 ● डॉलर 95.42 ₹ ● सोना 1,39,970 ₹ ● चांदी 2,50,000 ₹

पेज 06 जब शहर तपते हैं

पेज 08 बिजली मेंटेनेंस कार्यों में लाएं...

पारा आपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
| --- | --- |
| 30.00 | 25.00 |

सूर्यास्त (आज) ▸ 18.39

सूर्योदय (कल) ▸ 05.06

बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

हर खबर पर नजर

आषाढ़ कृष्ण पक्ष तृतीया संवत 2083

पेज 12





RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, शुक्रवार 03 जुलाई 2026 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 09 अंक : 03 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com



झारखंड दर्शन के पाठकों व शुभेच्छुओं से आग्रह है कि किसी भी प्रकार के विज्ञापन देने के लिए आप फोन नंबर 9262578999 पर सम्पर्क कर सकते हैं। साथ ही अगर आप तक हमारे अखबार की प्रति नहीं पहुंच रही है तो भी उपरोक्त नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रबंधक

**आवश्यकता**

हमारे हिंदी दैनिक झारखंड दर्शन को अपने लेखा विभाग के लिए एक योग्य और अनुभवी अकाउंटेंट और मार्केटिंग के लिए व्यक्ति की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपना रिज्यूमे इस ईमेल एवं फोन नंबर पर भेज सकते हैं।

email - jharkhanddarshan405@gmail.com

Phone - 91025 69636, 92625 78999


## झारखंड में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रारम्भ

# सीएम ने भरा एसआईआर प्रपत्र, लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागिता का दिया संदेश

● सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य के पात्र मतदाताओं से ससमय एसआईआर प्रपत्र भरकर सत्यापन कराने की अपील की

संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को रांची के कांके स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत स्वयं एन्यूमरेशन प्रपत्र भरकर जमा किया।

मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंड के सभी पात्र मतदाताओं से तय समय सीमा के भीतर एसआईआर प्रक्रिया पूरी करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मतदान का अधिकार सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री के समक्ष निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में 64-हटिया विधानसभा क्षेत्र के बूथ नम्बर-290 की बीएलओ ने एन्यूमरेशन फार्म भरने की प्रक्रिया पूरी की। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन ने भी स्वयं अपना एन्यूमरेशन प्रपत्र भरकर जमा किया।







मुख्यमंत्री ने राज्य के समस्त मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे समय पर अपना एसआईआर प्रपत्र भरें तथा मतदाता सूची में अपनी जानकारी का सत्यापन सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की लोकतांत्रिक भागीदारी ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की आधारशिला है। मुख्यमंत्री ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि सभी पात्र मतदाता एसआईआर अभियान में बढ़-चढ़कर अपनी महती भूमिका निभाएं तथा अपने परिवार, पास-पड़ोस और समाज के अन्य लोगों को भी इस प्रक्रिया में सम्मिलित होकर एसआईआर प्रपत्र भरने के लिए प्रेरित करें।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत, ईआरओ-सह-एडीएम धनंजय, उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, बीएलओ वेरोनिका देवी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन राज्यों की तीन विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव की घोषणा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को तीन राज्यों की तीन विधानसभा सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव की घोषणा कर दी। बिहार की बांकीपुर, मध्य प्रदेश की दतिया और गुजरात की मंजलपुर सीट वर्तमान में विभिन्न कारणों से रिक्त पड़ी थी। चुनाव आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार बांकीपुर सीट भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन के इस्तीफे के कारण रिक्त थी। वहां दतिया सीट विधायक राजेंद्र भाटी को अयोग्य ठहराए जाने के कारण और मंजलपुर सीट योगेश पटेल के निधन के कारण रिक्त हो गई थी। तीनों सीटों के लिए 30 जुलाई को मतदान होगा और 3 अगस्त को नतीजे आएंगे। अधिसूचना 6 जुलाई को जारी की जाएगी।

### जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में महसूस हुए भूकंप के झटके

**जम्मू।** बुधवार देर रात अफगानिस्तान के हिंदूकुश क्षेत्र में रिक्टर स्केल पर 5.3 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के झटके जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में भी महसूस किए गए जिससे कुछ देर के लिए लोगों में दहशत फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार, भूकंप रात 11:27:01 बजे आया। इसका केंद्र अफगानिस्तान के हिंदूकुश क्षेत्र में 70.47°ई और 36.53°एन निर्देशांक पर स्थित था जबकि इसकी गहराई 185 किलोमीटर दर्ज की गई। गहराई अधिक होने के कारण भूकंप का असर अपेक्षाकृत कम रहा।

**झारखंड कैबिनेट :** वीबी-जीराम जी योजना, रिम्स 2.0 समेत 27 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# रिम्स 2.0 के लिए 4189.41 करोड़ रु. की मिली प्रशासनिक स्वीकृति

संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इस बैठक में 27 एजेंडों पर मुहर लगी है। बैठक के दौरान ग्रामीण विकास, प्रशासनिक सुधार और वित्तीय प्रक्रियाओं से जुड़े कई अहम फैसलों पर मुहर लगी।

सबसे बड़ा फैसला रिम्स 2.0 परियोजना को लेकर हुआ। इसके लिए 4189.41 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। परियोजना के संचालन के लिए जागृति पीएमयू का गठन होगा। वहीं, आईआईएम रांची को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और एक्सआईएसएस रांची को इम्पैक्ट असेसमेंट की जिम्मेदारी दी गई है। कैबिनेट की मंजूरी पाने वाले प्रमुख प्रस्तावों में वीबी-जीराम जी योजना भी शामिल है।

कैबिनेट ने राज्य के मेडिकल कॉलेजों और सदर अस्पतालों में इंटर्नशिप करने वाले विदेशी मेडिकल स्नातकों को भी राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के नियमों के अनुसार स्टाइपेंड देने का फैसला किया है। वहीं, वर्ष 2015 से लगातार ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले कराईकेला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशिकांत प्रसाद को सेवा से बर्खास्त करने की मंजूरी भी दी गई।




### सड़क निर्माण से जुड़े कई बड़े प्रस्तावों को भी मंजूरी

सड़क निर्माण से जुड़े कई बड़े प्रस्तावों को भी मंजूरी मिली। पाकुड़ में दो सड़क परियोजनाओं के लिए 128.20 करोड़ रुपये, दुमका में गोविंदपुर-साहिबगंज सड़क के चौड़ीकरण के लिए 221.40 करोड़ रुपये, साहिबगंज में गोपालाडीह-भोगनाडीह सड़क निर्माण के लिए 88.84 करोड़ रुपये, रांची में धुर्वा गोलचक्कर से पुलिस मुख्यालय तक सड़क चौड़ीकरण के लिए 36.30 करोड़ रुपये और चतरा में सिमरिया-टंडवा सड़क के सुधार के लिए 33.76 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए।

### राज्य के सभी प्रखंडों और अंचलों में अधिकारियों की नई पदस्थापन व्यवस्था लागू करने का फैसला

प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए राज्य के प्रखंडों और अंचलों में अधिकारियों की नई पदस्थापन व्यवस्था लागू करने का फैसला लिया गया। इसके अलावा झारखंड योजना सेवा नियमावली 2026, राज्य समाहरणालय लिपिकीय संवर्ग नियमावली 2026 और निम्न वर्गीय लिपिक सह कंप्यूटर संचालक सेवा संवर्ग नियमावली 2026 को भी मंजूरी दी गई।अब सभी नवनियुक्त सरकारी कर्मियों के लिए पदभार ग्रहण करते समय निष्ठा और गोपनीयता की शपथ लेना अनिवार्य होगा।

**आतंकी साजिश :** आईएसआई-समर्थित आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़

# दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने चार आतंकियों को गिरफ्तार किया

● एक जिगाना समेत दो पिस्टल, 9 कारतूस और पांच मोबाइल फोन बरामद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दिल्ली और पंजाब में छापेमारी करके चार आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक जिगाना समेत दो पिस्टल, 9 कारतूस और पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इनमें से तीन को पंजाब और एक को दिल्ली से पकड़ा गया, जो दिल्ली-एनसीआर में किसी बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे।



स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने गुरुवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि गिरफ्तार आतंकियों की पहचान शुभदीप सिंह उर्फ विशाल (23), गुरजंत सिंह उर्फ ऋषि (22), साजन सिंह उर्फ हनी (28) और गगनप्रीत (24) के रूप में हुई है।गिरफ्तार सभी आतंकी पंजाब के रहने वाले हैं और आईएसआई हैंडलर शहजाद भट्टी के सीधे संपर्क में थे। गगनप्रीत के मोबाइल से पुलिस को कई धार्मिक स्थलों, पुलिस थानों के अलावा पुलिस के कई दूसरे भवनों की वीडियो मिली है। गगनप्रीत दिल्ली में रहकर लगातार रेकी के वीडियो बनाकर अपने आकाओं को भेज रहा था। शुभदीप और गुरजंत दोनों सगे भाई हैं।

त्रिपाठी ने बताया कि उनकी टीम को जानकारी मिली कि पाकिस्तान स्थित आईएसआई हैंडलर शहजाद भट्टी अपने साथियों के साथ मिलकर दिल्ली-एनसीआर में बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहा है। सोशल मीडिया के जरिए पंजाब के कुछ युवाओं को लालच देकर भर्ती किया जा रहा है। इस बीच टीम को शुभदीप सिंह उर्फ विशाल का पता चला। एक टीम को फौरन अमृतसर भेजा गया। टीम ने मजीठा रोड अमृतसर से शुभदीप को गिरफ्तार किया। शुभदीप के पास से एक .30 बोर की पिस्टल, पांच कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद हुए।


झारखंड दर्शन के स्थापना दिवस पर झारखंड दर्शन परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं



विकास राणा
केन्द्रीय समिति सदस्य
झारखण्ड मुक्ति मोर्चा

झारखंड दर्शन के स्थापना दिवस पर झारखंड दर्शन परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं




रमाकांत सिंह उर्फ मुन्ना सिंह
हजारीबाग कांग्रेस पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी

झारखंड दर्शन के स्थापना दिवस पर झारखंड दर्शन परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं



संजीव बेदिया
झारखंड मुक्ति मोर्चा
जिला अध्यक्ष
हजारीबाग

झारखंड दर्शन के स्थापना दिवस पर झारखंड दर्शन परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं



विवेकानंद सिंह
जिला अध्यक्ष
भाजपा, हजारीबाग



झारखंड दर्शन के स्थापना दिवस पर झारखंड दर्शन परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं

सुनैना सिंह किन्नर
जिला अध्यक्ष (धनबाद)

झारखंड दर्शन के स्थापना दिवस पर झारखंड दर्शन परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं



रश्मि राज उर्फ सेंकी राज
पार्षद वार्ड संख्या 32 धनबाद

झारखंड दर्शन के स्थापना दिवस पर झारखंड दर्शन परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. आदित्य रौशन
आभा हॉस्पिटल धांगी मोड़, धनबाद

झारखंड दर्शन के स्थापना दिवस पर झारखंड दर्शन परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं



एमडी रियाज आलम
संगम इंटरप्राइजेज
जामाडोबा (धनबाद)




झारखंड दर्शन के स्थापना दिवस पर झारखंड दर्शन परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं




झारखंड दर्शन के स्थापना दिवस पर झारखंड दर्शन परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं



प्रदीप प्रसाद
हजारीबाग सदर विधायक



# सौर ऊर्जा अपनाएं, बिजली बचाएं; पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें : संजय सेठ

**रक्षा राज्य मंत्री ने अपने घर पर बताई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना**

**सरकार दे रही सब्सिडी, हर नागरिक बनें बिजली उत्पादक**



वरीय संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अपने रांची स्थित आवास की छत पर रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित कराया है। इस अवसर पर उन्होंने अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए योजना की विशेषताओं एवं लाभों की विस्तार से जानकारी दी तथा आम नागरिकों से भी इस योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।

श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि आज भारत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल हो चुका है। पिछले 12 वर्षों में स्वच्छ एवं अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में देश ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं और सौर ऊर्जा को जन-आंदोलन का स्वरूप मिला है।

उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य प्रत्येक परिवार को सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराना है। इस योजना के अंतर्गत घरों की छतों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार आकर्षक सब्सिडी प्रदान कर रही है। इससे परिवारों का बिजली बिल कम होगा, ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा।

साथ ही कोयला एवं अन्य पारंपरिक ऊर्जा संसाधनों पर निर्भरता भी कम होगी। कहा कि आज किसान सौर ऊर्जा के माध्यम से अपने खेतों की सिंचाई कर रहे हैं और आम नागरिक अपने घरों में बिजली का उत्पादन कर बिजली खर्च में उल्लेखनीय बचत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 300 यूनिट तक मासिक बिजली खपत वाले अनेक परिवार अपनी आवश्यकता के अनुरूप बिजली उत्पादन कर बिजली बिल में बड़ी बचत कर सकते हैं।

वहीं, अतिरिक्त बिजली को नेट मीटरिंग के माध्यम से ग्रिड में भेजकर आय अर्जित करने का भी अवसर उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों को 1 किलोवाट तक के सोलर सिस्टम पर 30,000, 2 किलोवाट तक 60,000 तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के सोलर सिस्टम पर अधिकतम 78,000 तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है।

श्री सेठ ने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल अवश्य स्थापित करें। इससे न केवल बिजली के खर्च में कमी आएगी, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा और पर्यावरण संरक्षण के राष्ट्रीय अभियान को भी नई गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि यह योजना विकसित भारत, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और हरित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं क्रांतिकारी कदम है।

## संक्षिप्त खबरें

### एचईसी मजदूरों का वेतन भुगतान सात जुलाई तक होने का आश्वासन

**रांची।** एचईसी मजदूरों की आमसभा में गुरुवार को विभिन्न श्रमिक समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर हटिया स्थित एचईसी परिसर में चर्चा की गई। सभा की अध्यक्षता राम कुमार नायक ने की, जबकि हरेंद्र प्रसाद यादव ने मजदूरों के समक्ष मांगपत्र पढ़कर सुनाया। सभा के बाद प्रबंधन को मांगपत्र सौंपे जाने की जानकारी दी गई। सभा को संबोधित करते हुए जान मोहम्मद ने मजदूरों से मान्यता प्राप्त यूनियन के साथ एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के कटे हुए अधिकारों की बहाली के लिए यूनियन संघर्ष के साथ-साथ प्रबंधन से वार्ता भी करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले आंदोलनों में मजदूरों को नुकसान उठाना पड़ा है, लेकिन एकजुटता के बल पर सभी सुविधाएं फिर से बहाल कराने का प्रयास किया जाएगा।मौके पर भवन सिंह ने कहा कि मजदूरों का वेतन हर हाल में 07 जुलाई 2026 तक भुगतान कर दिया जाएगा, जबकि 04 जुलाई 2026 या उसके बाद किसी भी दिन वेतन जारी होने की संभावना है।

### ओपन जेलों की निगरानी पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार से 20 जुलाई तक स्टेटस रिपोर्ट तलब

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के ओपन जेलों की निगरानी व्यवस्था पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। अदालत ने सरकार को 20 जुलाई तक विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ में हुई। राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में ओपन जेल की मॉनिटरिंग को लेकर कमेटी गठित कर दी गई। इस पर अदालत ने 20 जुलाई तक सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर आगे की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी मांगी है। अब मामले की अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को 10 दिनों में तीन सदस्यीय मॉनिटरिंग कमेटी बनाने का निर्देश दिया था। साथ ही सरकार को 24 जून 2026 तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा गया था। राज्य सरकार को झारखंड में संचालित सभी ओपन जेल की स्थिति, प्रबंधन और कार्यप्रणाली का विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। दरअसल, उच्चतम न्यायालय ने देश के सभी राज्यों को ओपन जेल की मॉनिटरिंग करने के लिए गृह विभाग को एक कमेटी बनाने को कहा है।

### सास की हत्या में बहू दोषी करार

**रांची।** रांची के लापुंग थाना क्षेत्र में आपसी विवाद के दौरान सास की हत्या के मामले में अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने आरोपित बहू फूलो देवी को दोषी ठहराया है। अदालत सजा के बिंदु पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगी। मामले में फूलो देवी ट्रायल का सामना कर रही थी। अभियोजन के अनुसार, घटना 9 जून 2024 को लापुंग थाना क्षेत्र के कारूंम गांव में हुई थी। आरोपित के पति ने घटना के बाद लापुंग थाना में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के मुताबिक, आपसी विवाद के दौरान फूलो देवी ने अपनी सास मानमईत देवी के सिर पर ईंट से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद उन्हें जमीन पर पटककर गला दबा दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।

### काव्य पाठ प्रतियोगिता के विजेता छात्र सम्मानित

**रांची।** जवाहर विद्या मंदिर (जेवीएम) श्यामली के दयानंद प्रेक्षागृह में आयोजित दो दिवसीय संस्कृत काव्य पाठ प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्राचार्य बीएन झा ने कहा कि संस्कृत हमारी संस्कृति की आत्मा है। इसके अध्ययन और वाचन से विद्यार्थियों में शुद्ध उच्चारण, एकाग्रता, संस्कार और बौद्धिक विकास होता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जूनियर वर्ग (कक्षा 9-10) में ध्रुव नंदन झा ने प्रथम, वेदांत और कुमारी नंदिनी ने द्वितीय एवं नितिन सौरभ और सृष्टि प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सब-जूनियर वर्ग (कक्षा 6-8) में अनुष्का मिश्रा प्रथम, नंदिनी सिन्हा और अद्यानशा पलक द्वितीय एवं प्रतीक कुमार तथा रुद्र प्रताप पाठक संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा छह से 10 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए संस्कृत श्लोकों, स्तोत्रों और काव्यों का सस्वर पाठ प्रस्तुत किया।

## सीसीएल के सहयोग से केंद्रीय विद्यालय, डकरा का हुआ उद्घाटन

वरीय संवाददाता

**रांची।** सीसीएल के एनके क्षेत्र अंतर्गत स्थित केंद्रीय विद्यालय, सीसीएल, डकरा का गुरुवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ थे।

विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर कांके के पूर्व विधायक श्रसमरी लाल, सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक (योजना एवं परियोजना) अनुप हंजुरा, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार तथा केंद्रीय विद्यालय संगठन के उप-आयुक्त एस. जे. जोगलेकर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ स्मारिका (सुवेनियर) के विमोचन से हुआ।



**सीएमडी ने किया अतिथियों का स्वागत**

सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का पुष्पगुच्छ, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। वहीं, एनके क्षेत्र के महाप्रबंधक अमिताभ तिवारी ने अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति की गई।

**क्षेत्र के लिए गौरव एवं खुशी का विषय : संजय सेठ**

सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजय सेठ ने कहा कि सीसीएल के सहयोग से केंद्रीय विद्यालय, डकरा का उद्घाटन हुआ है, यह ना सिर्फ डकरा के लिए गौरव की बात है बल्कि पूरे खलारी एवं मैक्लुस्कीगंज क्षेत्र के लिए गौरव एवं खुशी का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस विद्यालय के माध्यम से क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी और वे भविष्य में देश-दुनिया में झारखंड एवं भारत का नाम रोशन करेंगे। यहां शिक्षा ग्रहण करने वाले सभी बच्चों को मंगलकामनाएं।

**यह विद्यालय भविष्य में देश-विदेश में झारखंड एवं सीसीएल का नाम रोशन करेंगेः महुआ माजी**

राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड की प्रतिभाओं, विशेषकर महिलाओं ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य को गौरवान्वित किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सीसीएल के सहयोग से उद्घाटन हुआ यह विद्यालय भी ऐसे विद्यार्थियों को तैयार करेगा, जो भविष्य में देश-विदेश में झारखंड एवं सीसीएल का नाम रोशन करेंगे।

## आदेश गोयल ने संभाली श्री श्री विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष की जिम्मेदारी

झारखंड दर्शन संवाददाता

**रांची।** वैश्विक नेतृत्व, मानव संसाधन प्रबंधन और संगठन निर्माण के क्षेत्र में 35 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले प्रख्यात कॉर्पोरेट विशेषज्ञ आदेश गोयल ने बुधवार को ओड़िशाके कटकस्थित श्री श्री विश्वविद्यालय के नए कुलाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान कुलाध्यक्षा प्रोफेसर रजिता कुलकर्णी ने आयोजित विदाई समारोह (ऑनरिंग द लेगेसी, इंस्पायरिंग द फ्यूचर) में उन्हें औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपा। बिट्स पिलानी से प्रबंधन अध्ययन में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त श्री गोयल को विश्व के पांच महाद्वीपों में कार्य करने का व्यापक अनुभव है। उन्होंने ह्यूजेस सॉफ्टवेयर सिस्टम्स में मुख्य मानव संसाधन अधिकारी (सीएचआरओ) तथा मुख्य सूचना अधिकारी (सीआईओ) के रूप में कार्य किया। उनके नेतृत्व में कंपनी 10 हजार से अधिक कर्मचारियों वाली संस्था बनी और सफलतापूर्वक अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) भी पूरा किया। इसके बाद उन्होंने टाटा कम्युनिकेशंस में 14 वर्षों तक वैश्विक मानव संसाधन प्रमुख के रूप में सेवाएं दीं। इस दौरान उन्होंने 40 देशों में कार्यरत 15 हजार से अधिक कर्मचारियों के मानव संसाधन प्रबंधन का नेतृत्व किया। उनकी उपलब्धियों का उल्लेख अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित दो पुस्तकों 'टैलेंट विंस' और 'द इनसाइड गिग' में भी किया गया है। अपने करियर के शुरूआती दौर में उन्होंने सी-डॉट में भारत की दूरसंचार क्रांति के प्रमुख सूत्रधार सैम पित्रोदा के प्रमुख सहयोगी के रूप में कार्य किया। वर्तमान में वह स्पायर एआई, रिपल एआई तथा वर्ल्ड फोरम फॉर एथिक्स इन बिजनेस के सलाहकार मंडल के सदस्य हैं।



इसके अलावा, वे गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की द आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के ट्रस्टी एवं स्वयंसेवी प्रशिक्षक के रूप में नेतृत्व विकास, सुखमय जीवन और समग्र कल्याण के क्षेत्र में सक्रिय हैं। निवर्तमान कुलाध्यक्षा प्रोफेसर रजिता कुलकर्णी, कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) तेजप्रताप तथा कार्मिक निदेशक स्वामी सत्यचैतन्य ने विश्वास व्यक्त किया कि आदेश गोयल का व्यापक अनुभव और प्रभावी नेतृत्व श्री श्री विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## राज्यपाल ने स्वयं भरा एसआईआर प्रपत्र

वरीय संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को रांची के लोक भवन में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत स्वयं गणना प्रपत्र भरकर एवं उस पर हस्ताक्षर कर 63- रांची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-16 की बूथ स्तर पदाधिकारी (बीएलओ) मंजू कच्छप को सौंपा।

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के जिला निर्वाचन पदाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री तथा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ)-सह-अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत उपस्थित थे।



राज्यपाल ने राज्य के सभी पात्र भारतीय नागरिकों से आह्वान किया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जब बूथ स्तर पदाधिकारी (बीएलओ) उनके घर गणना प्रपत्र लेकर आएं, तो वे उसे तत्काल भरकर हस्ताक्षर सहित बीएलओ को उपलब्ध कराएँ, ताकि प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जा सके।

राज्यपाल ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को इस महत्वपूर्ण अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शुभकामनाएं दीं तथा विश्वास व्यक्त किया कि उनके समर्पित प्रयासों से राज्य के प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित रूप से दर्ज किया जा सकेगा।

**तमन्ना स्कूल की वेंटिलेटर तोड़ कर दो साउन्ड बॉक्स की हुई चोरी**

## चोर की हुई पहचान, गिरफ्तार



वरीय संवाददाता

**रांची।** पिठोरिया थाना के ग्राम पीरु टोला स्थित तमन्ना स्कूल में बुधवार की रात चोरों ने वेंटिलेटर तोड़ कर दो साउन्ड बॉक्स की चोरी कर ली, इस संबंध में स्कूल के संचाल ने गुरुवार को पिठोरिया थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया, सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सतीष पांडेय टीम के साथ जायजा लेने मौके पर पहुंच गये, पुलिस वहां लगे कैमरों को खंगाला, जिसमें एक युवक की पहचान गांव के ही जाकिर अंसारी के बेटे इरफान अंसारी के रुप में की गयी, बाद में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने स्कूल से चोरी किये गये दोनों साउंड बॉक्स भी बरामद कर लिये।

जानकारी के मुताबिक स्कूल के संचालक अली अफसर हिंदपीढ़ी में रहते हैं बुधवार को हर रोज की तरह वे बच्चों की छुट्टी होने के बाद स्कूल में ताला लगा कर घर चले आये थे, उसी रात आरोपी वेंटिलेटर तोड़ कर अंदर घुसा और घटना को अंजाम दिया।

गांव वालों के मुताबिक पुलिस गिरफ्त में आया आरोपी इरफान अंसारी नशे का आदि है।

इधर सूचना के मुताबिक मामले की लिपापोती करने के लिए कई बिचौलिया पुलिस और स्कूल के संचालक से संपर्क बनाये हुए थे।

## अमृतलाल नागर का साहित्य भारतीय समाज, उसकी सांस्कृतिक चेतना तथा मानवीय संवेदनाओं का सशक्त दस्तावेज हैः राज्यपाल

वरीय संवाददाता

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को लोक भवन में अमृतलाल नागर भारतीय धर्म और संस्कृति पुस्तक के लोकार्पण करते हुए कहा कि भारतीय धर्म और संस्कृति की समृद्ध परंपरा को समझने तथा उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने में ऐसे शोधपरक ग्रंथों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक प्रख्यात साहित्यकार एवं उपन्यासकार अमृतलाल नागर के कथा-साहित्य के माध्यम से भारतीय धर्म, संस्कृति और जीवन-मूल्यों का गंभीर एवं संतुलित अध्ययन प्रस्तुत करती है।



राज्यपाल ने कहा कि अमृतलाल नागर का साहित्य भारतीय समाज, उसकी सांस्कृतिक चेतना तथा मानवीय संवेदनाओं का सशक्त दस्तावेज है। भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता उसकी सहिष्णुता, समन्वय की भावना और मानवीय दृष्टिकोण है तथा प्रसन्नता की बात है कि पुस्तक में इन मूल्यों पर गंभीरता से उल्लेखित किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तक शोधार्थियों, विद्यार्थियों तथा भारतीय संस्कृति में रुचि रखने वाले सभी पाठकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी और हमारी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान देगी। राज्यपाल ने अपने जीवन के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि आपातकाल के दौरान उन्हें लगभग एक वर्ष तक कारागार में रहना पड़ा था।

# निरंतर परिश्रम, दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच के बल पर कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है : राज्यपाल

वरीय संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, झारखंड राज्य शाखा द्वारा आर्यभट्ट सभागार आयोजित 7 वें झारखंड एक्सीलेंस अवार्ड समारोह' को संबोधित करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम, दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच के बल पर कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।



उन्होंने कहा कि सम्मान केवल किसी व्यक्ति का ही नहीं, बल्कि उसके माध्यम से परिश्रम, ईमानदारी, अनुशासन, सेवा-भाव और समर्पण जैसे जीवन-मूल्यों का भी सम्मान होता है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी सम्मानित व्यक्तित्वों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां समाज, विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

राज्यपाल ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं और विकसित भारत के निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में केवल सफलता प्राप्त करने का ही नहीं, बल्कि एक अच्छा इंसान और प्रेरणादायी व्यक्तित्व बनने का भी संकल्प लें।

**'एक्सीलेंस अवार्ड' केवल सम्मान नहीं, बल्कि उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा हैः संजय सेठ**

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि 'एक्सीलेंस अवार्ड' केवल सम्मान नहीं, बल्कि उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति जिस भी क्षेत्र में कार्य करे, उत्कृष्टता को अपना लक्ष्य बनाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 'विकसित भारत @2047' का लक्ष्य रखा है, जिसकी प्राप्ति में समाज के प्रत्येक क्षेत्र के लोगों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज भारत के युवा विश्व की अनेक प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। वर्ष 2047 की परिकल्पना ऐसे भारत की है, जहं विश्वभर के लोग शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यटन के लिए भारत आएं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में देश में लगभग 400 स्टार्टअप थे, जबकि आज उनकी संख्या बढ़कर लगभग 2.36 लाख हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में भारत आज विश्व के अग्रणी देशों में शामिल है।

**संस्था का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रहित और राष्ट्र निर्माण के कार्यों से जोड़ना हैः डॉ. नितिन कुलकर्णी**

इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव एवं यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (झारखंड) के अध्यक्ष डॉ. नितिन कुलकर्णी ने कहा कि संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रहित और राष्ट्र निर्माण के कार्यों से जोड़ना है।

## जमशेदपुर मामले में मुख्यमंत्री की कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति : बाबूलाल

वरीय संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जमशेदपुर हत्याकांड के मामले में मुख्यमंत्री की ओर से एसपी-एसएसपी को सस्पेंड किए जाने की कार्रवाई को सिर्फ खानापूर्ति करार दिया है। मरांडी गुरुवार को रांची में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एसपी को हटाना कोई सजा नहीं है। पुलिस के सामने किसी की हत्या होती है तो इसके लिए पूरी तरह पुलिस जिम्मेवार है। जो जानकारी है कि अभी तक पुलिसकर्मियों पर कोई एफआईआर नहीं किया गया है और न ही ऐसी कोई मंशा दिख रही है। यदि मुख्यमंत्री वास्तव में हत्याकांड के दोषियों को सजा दिलाने के लिए गंभीर हैं तो उन पुलिसकर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज कराएं, जिनकी मौजूदगी में हत्या हुई है। मरांडी ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि उल्टा उन लोगों पर एफआईआर किया गया है जिनके होटल से वे लोग खाना खाकर निकले थे। अगर किसी के घर से कोई खाना खाकर निकलता है और सड़क पर पुलिस की मौजूदगी में किसी की हत्या हो जाती है तो उसमें उस घर वाले अथवा होटल मालिक का क्या दोष।

मरांडी ने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। कहीं कानून नाम की कोई चीज नहीं है।

पूर्व रेलवे

खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2026–27–18, दिनांक: 30.06.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा केस सं.: टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2026–27–18, कार्य का नाम: कार्यों के निम्नलिखित टीआरडी अंशः (क) सीतारामपुर–झाझा खंड की लाइन क्षमता बढ़ाने के लिए 06 आईबीपी का प्रावधान। (ख) सीतारामपुर में 100 मीटर द्वारा एचएल प्लेटफॉर्म नं. 03 का विस्तार एवं लाइन नं. 03 के साथ ओआरएल का प्रावधान। निविदा मूल्य: रु. 1,69,62,471.37, बयाना राशि: रु. 3,39,200/–, कार्य की समापन अवधि: स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधताः खुलने की तिथि से 60 दिन। खुलने की तिथि और समय : दिनांक 04.08.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइटः www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है।

ASN-159/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# ऐतिहासिक उत्सव के साथ मनी डीपीएस बोकारो की माणिक्य जयंती

## शिक्षा, अनुशासन और सामाजिक दायित्वों के चार दशक अनुकरणीय : आयुक्त विजय गुप्ता

### उपलब्धियां एवं कीर्तिगाथा एक मिसाल : डॉ. त्यागी

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं स्वयं से पहले सेवा के संकल्प को साकार करते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो ने अपने चार दशकों का सफर तय कर गुरुवार को अपनी स्थापना की माणिक्य जयंती मनाई। ऐतिहासिक उत्सव के माहौल में आयोजित इस समारोह में जहां रंगारंग प्रस्तुतियों की धूम रही, वहीं 40 वर्षों के गौरवशाली अतीत की यादें साझा की गईं और पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले सैकड़ों विद्यार्थी पुरस्कृत भी किए गए। इस अविस्मरणीय अवसर के मुख्य अतिथि उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त विजय कुमार गुप्ता (भाप्रसे) एवं सम्मानित अतिथि विद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. एम. एस. त्यागी थे। जबकि, विशिष्ट अतिथियों में अंजना गुप्ता एवं श्रीमती सुनीता त्यागी शामिल रहीं। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने डीपीएस बोकारो परिवार को रूबी जुबली की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के साथ अपने जुड़ाव के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि विद्यालय ने शिक्षा, अनुशासन, समर्पण, उत्कृष्टता और सामाजिक दायित्वों के चार दशक सफलतापूर्वक पूरे किए हैं, जो अपने-आप में अनुकरणीय है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों, उनके व्यक्तित्व-निर्माण एवं सपने साकार करने की दिशा में उन्होंने विद्यालय की भूमिका को सराहते हुए विद्यार्थियों को यहां मिलने वाले अवसरों का लाभ लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसके लिए ईमानदारी और अनुशासन जरूरी है। बच्चे खुद पर विश्वास रखें तथा चुनौतियों से बिना डरे मेहनत के रास्ते अपना लक्ष्य प्राप्त करें। देश के विकास में बच्चों का बहुत महत्व है। उनके सपने, उनकी मेहनत और उनका चरित्र देश का निर्माण करेंगे। सम्मानित अतिथि विद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. एम. एस. त्यागी ने स्कूल के स्थापना-काल से जुड़ीं अपनी यादें साझा कीं। साथ ही, वर्तमान प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार के नेतृत्व में विद्यालय की गौरवशाली उपलब्धियों एवं कीर्ति-गाथा को अपने-आप में मिसाल बताया। इसके पूर्व, अतिथियों के हरित स्वागत एवं दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई तथा केक काटा गया।



### विद्यालय ने दी देश के लिए परिवर्तनकारी पीढ़ियां : डॉ. गंगवार

कार्यक्रम के आरंभ में अपने स्वागत संबोधन में प्राचार्य डॉ. गंगवार ने सभी आगंतुक अतिथियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए चार दशकों की इस यात्रा को समर्पण और विकास का सफर बताया। उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो ने 40 वर्षों में देश के लिए परिवर्तनकारी पीढ़ियां तैयार की हैं। यहां से निकले विद्यार्थी अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और अपने विद्यालय का परचम लहरा रहे हैं। राष्ट्र में बदलाव लाने वाला व्यक्तित्व तैयार करना हमारा ध्येय रहा है। उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों पर भी संक्षिप्त प्रकाश डाला तथा विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के योगदान को बहुमूल्य बताया।

### 217 मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत, जमुना बना ओवरऑल बेस्ट हाउस

समारोह के दौरान अतिथियों ने सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं के टॉप 10 और विषयवार शत-प्रतिशत अंक लाने वाले कुल 170 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। वहीं, सत्र 2025-26 के लिए मेधा सम्मान के तहत पढ़ाई के अलावा खेलकूद, कला-संस्कृति, अनुशासन, नैतिक मूल्यों, पर्यावरण, छायांकन सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले 47 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इनमें स्टूडेंट काउंसिल के शीर्ष पदधारी भी शामिल रहे।

गंगा सदन को बेस्ट हाउस (कल्चरल) का पुरस्कार मिला, जबकि जमुना सदन ने खेल और शिक्षा के साथ-साथ ओवरऑल बेस्ट हाउस का पुरस्कार अर्जित किया। अतिथियों ने डीपीएस बोकारो द्वारा समाज के अभिवंचित वर्ग के बच्चों के शिक्षार्थ संचालित दीपांश शिक्षा केन्द्र के विद्यार्थियों में विद्यालय पोशाक का वितरण भी किया। इसके अलावा विद्यालय की त्रैमासिक गृह-पत्रिका जेनिथ का विमोचन भी किया गया।

### मनभावन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों ने किया मंत्रमुग्ध

समारोह के दौरान आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों ने सभी का मन मोह लिया, जिसकी अतिथियों ने खूब सराहना की। सुरीले स्वागत गान के बाद ऑर्केस्ट्रा में बच्चों ने बांसुरी, तबला, गिटार, की-बोर्ड, ड्रम सहित विभिन्न वाद्य यंत्रों पर सुर, ताल और लयकारी का अद्भुत सामंजस्य प्रस्तुत किया। प्राइमरी विंग के छात्र-छात्राओं ने स्कूल के बर्थडे सेलिब्रेशन थीम पर ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुत किया, तो सीनियर विंग के बच्चों ने अपराजिता नृत्य में आत्मसम्मान, स्वतंत्रता और शक्ति के जागरण का संदेश दिया। वहीं, नृत्य संगम में शास्त्रीय, अर्द्ध-शास्त्रीय एवं लोकगीतों का सुंदर संगम पेश कर सबकी भरपूर तालियां बटोरीं। इस क्रम में विद्यालय के चार दशकों के गौरवशाली सफर को रेखांकित करती डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन भी आकर्षण का केन्द्र रहा।

### प्राचार्यों का हुआ भव्य सम्मान

इस अवसर पर प्राचार्य के रूप में विभिन्न विद्यालयों में सेवा दे रहे डीपीएस बोकारो से निकले पूर्व वरिष्ठ शिक्षकों को खास तौर से सम्मानित किया गया। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. गंगवार सहित श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल की प्राचार्या पी. शैलजा जयकुमार, जीजीपीएस- 5 के प्राचार्य अभिषेक कुमार, डीपीएस चास की प्राचार्या डॉ. मनीषा तिवारी एवं आदर्श विद्या मंदिर के प्राचार्य रंजीत कुमार को शॉल अलंकृत कर तथा स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. गंगवार ने अतिथियों को भी शॉल व स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समापन विद्यालय गीत व राष्ट्रगान से हुआ। विद्यालय की प्राइमरी इकाई में भी धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया गया, जहां बच्चों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस क्रम में पूरा विद्यालय परिसर फूल और रंग-बिरंगे गुब्बारों की साज-सज्जा से आकर्षक बना रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### कोक ओवन विभाग ने उत्पादन और बिक्री में बनाए नए कीर्तिमान



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के कोक ओवन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही तथा जून 2026 में उत्पादन और बिक्री के क्षेत्र में कई नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। जून 2026 में कोक ओवन विभाग ने प्रतिदिन औसतन 531 ओवन पुशिंग दर्ज की, जो अब तक का सर्वाधिक मासिक प्रदर्शन है। इससे पहले मार्च 2026 में प्रतिदिन औसतन 530 ओवन पुशिंग का रिकॉर्ड बनाया गया था। वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में विभाग ने प्रतिदिन औसतन 526 ओवन पुशिंग कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पूर्व वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में प्रतिदिन औसतन 513 ओवन पुशिंग का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया गया था। कोल केमिकल्स की बिक्री के क्षेत्र में भी विभाग ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। जून 2026 में कोल केमिकल्स की अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री दर्ज की गई। इससे पहले सितंबर 2024 में मासिक बिक्री का सर्वोच्च रिकॉर्ड स्थापित हुआ था। इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में कोल केमिकल्स की कुल बिक्री का भी नया सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड बनाया गया। इससे पूर्व वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में यह उपलब्धि दर्ज की गई थी। कोक ओवन विभाग की ये उपलब्धियां उत्पादन दक्षता, परिचालन उत्कृष्टता तथा टीम के समर्पण, अनुशासन और सतत प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। विभाग का यह प्रदर्शन भविष्य में भी नए मानक स्थापित करने और बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए प्रेरणादायी माना जा रहा है।

### कोनार डैम विद्युत सब-स्टेशन में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन, सुरक्षित कार्य प्रणाली पर दिया गया जोर



**बोकारो।** डीवीसी के कोनार डैम स्थित विद्युत सब-स्टेशन में सप्ताहभर से चल रहे राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन गुरुवार को हुआ। समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों ने कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य प्रणाली, उपकरणों के रखरखाव तथा सामग्री के वैज्ञानिक भंडारण के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप प्रबंधक अरुण कुमार ने सब-स्टेशन में विभिन्न प्रकार की सामग्रियों के सुरक्षित भंडारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि गलत तरीके से सामग्री का भंडारण करने से बड़ी दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसलिए सभी कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सतर्कता बरतनी चाहिए। उन्होंने उपकेंद्र में मौजूद पुराने ब्रेकरों, ट्रांसफॉर्मरों तथा बड़ी मात्रा में रखे पुराने लोहे के सामानों के सुरक्षित भंडारण के संबंध में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस दौरान सहायक प्रबंधक दीनानाथ प्रसाद ने कर्मियों को तेल, एसिड तथा बैटरियों में उपयोग होने वाले डिस्टिल्ड वाटर के सुरक्षित एवं वैज्ञानिक भंडारण की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन सामग्रियों के उचित रखरखाव से रिसाव, आगजनी और अन्य अप्रिय घटनाओं की संभावना को काफी हद तक रोका जा सकता है।

## उपायुक्त के हस्तक्षेप से समाप्त हुआ चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के ठेका मजदूरों का आंदोलन, मांगों पर बनेगा रोडमैप

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** दामोदर घाटी निगम के चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में पिछले कई दिनों से चल रहा ठेका मजदूरों का भूख हड़ताल एवं गेट जाम आंदोलन गुरुवार को जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गया। बोकारो के उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी अजय नाथ झा की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय वार्ता के बाद भारतीय क्रांतिकारी मजदूर संघ ने तत्काल प्रभाव से आंदोलन वापस लेने की घोषणा की। इस निर्णय से जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली है, वहीं प्लांट के प्रभावित होने से उत्पन्न संभावित बिजली संकट भी टल गया है। प्रशासन और मजदूर संघ के बीच हुई बैठक में मजदूरों की मांगों के चरणबद्ध समाधान के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया। इसके तहत निर्णय लिया गया कि डीवीसी प्रबंधन और यूनियन की मांगों पर विचार-विमर्श के लिए 4 जुलाई 2026 को उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला गोपनीय शाखा, बोकारो में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इसके बाद



9 जुलाई 2026 को उपायुक्त के स्तर पर डीवीसी के अध्यक्ष के साथ विशेष बैठक होगी। दोनों बैठकों में हुई प्रगति और लिए गए निर्णयों की समीक्षा तथा जानकारी साझा करने के लिए 15 जुलाई 2026 को जिला प्रशासन और भारतीय क्रांतिकारी मजदूर संघ के बीच पुनः वार्ता आयोजित की जाएगी। बैठक के दौरान उपायुक्त अजय नाथ झा ने मजदूर संघ के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे किसी भी परिस्थिति में कानून-व्यवस्था अपने हाथ में न लें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी गंभीरता से प्रयास कर रहा है, इसलिए हड़ताल या प्रदर्शन की आवश्यकता नहीं है। साथ ही सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो और प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रपुरा को निर्देश दिया गया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की नई हड़ताल या धरना-प्रदर्शन नहीं होने दिया जाए। गौरतलब है कि चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के न्यू वैगन टिप्लर में कार्यरत ठेका मजदूर महीने में 13 दिनों के कार्य को बढ़ाकर 26 दिनों की ड्यूटी दिए जाने की मांग कर रहे थे।

इसी मांग को लेकर मजदूर 17 जून से मुख्य गेट के समक्ष भूख हड़ताल पर बैठे थे, जिसके बाद आंदोलन गेट जाम में बदल गया। स्थानीय विधायक जयराम महतो के नेतृत्व में डीवीसी प्रबंधन के साथ हुई वार्ता भी विफल रही थी, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी और बेरमो अनुमंडल प्रशासन को क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी थी।

## जैनामोड़ - तुपकाडीह-फुसरो मुख्य मार्ग बदहाल, डेढ़ साल बाद भी निर्माण शुरू नहीं, हादसों का बढ़ा खतरा

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** प्रशासनिक सुस्ती और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता का खामियाजा एक बार फिर आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। जैनामोड़-तुपकाडीह-फुसरो मुख्य मार्ग अपनी बदहाल स्थिति से विकास के दावों की पोल खोल रहा है। पूरे क्षेत्र को जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि यह सड़क कम और हादसों का केंद्र अधिक दिखाई देती है। विडंबना यह है कि पिछले डेढ़ वर्ष से क्षेत्रवासी इस उम्मीद में हैं कि सड़क का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा, लेकिन धरातल पर अब भी केवल धूल, गड्ढे और अव्यवस्था ही नजर आ रही है।

जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार से सड़क निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। निर्माण के लिए राशि भी जिले को हस्तांतरित कर दी गई है और टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। इसके बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं होना प्रशासनिक उदासीनता और संवेदनहीनता को दशार्ता है। मानसून की शुरुआती बारिश ने ही



सड़क की स्थिति और अधिक खराब कर दी है, जबकि अभी पूरा बरसात का मौसम बाकी है। ऐसे में आने वाले दिनों में इस मार्ग पर आवागमन और भी जोखिम भरा होने की आशंका है।।करीब 15 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर सफर करना लोगों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। जैनामोड़ से फुसरो तक की दूरी तय करने में अब पहले की तुलना में लगभग दोगुना समय लग रहा है। सबसे खराब स्थिति खूंटरी, तुपकाडीह चौक, नहर किनारे, बुटानाडीह और पिछरी के आसपास है, जहां सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे किसी गहरे कुएं जैसे प्रतीत होते हैं।

इस मार्ग से गुजरने वाले बाइक चालकों के लिए सफर जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। दिनभर छाई, कोयला और पत्थर का चूर्ण लेकर चलने वाले हाइवा और डंपरों से उड़ने वाली धूल के कारण सामने का रास्ता तक स्पष्ट दिखाई नहीं देता। स्थानीय लोगों के अनुसार, शाम से लेकर आधी रात के बीच इस मार्ग पर सबसे अधिक दुर्घटनाएं होती हैं। अंधेरे और धूल के कारण वाहन चालक सड़क पर बने गड्ढों का सही अनुमान नहीं लगा पाते, जिससे हादसों की आशंका लगातार बनी रहती है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं होना समझ से परे है। लोगों ने प्रशासन से अविलंब सड़क निर्माण शुरू कराने और तब तक गड्ढों की मरम्मत कर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब सक्रिय होता है और इस बदहाल सड़क से लोगों को राहत मिल पाती है।

## रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने सेवा कार्यों के साथ किया नए रोटरी वर्ष का शुभारंभ

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने नए रोटरी वर्ष 2026-27 का शुभारंभ पहले ही दिन विभिन्न जनसेवा कार्यों के साथ किया। क्लब ने अपने आदर्श वाक्य सेवा ही सर्वोपरि के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक सरोकार से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए। दिन की शुरूआत नए पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह से हुई। इस दौरान अध्यक्ष रोटेरियन पूनम त्रेहन, सचिव रोटेरियन देबाशीष साहाना तथा कोषाध्यक्ष रोटेरियन प्रदीप राय ने पदभार ग्रहण किया और पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर क्लब की ओर से मुस्कान हॉस्पिटल, बोकारो जनरल हॉस्पिटल और वेलमार्क हॉस्पिटल के चिकित्सकों को सम्मानित किया गया।

## बोकारो पब्लिक स्कूल में स्टूडेंट ऑफ द मंथ सम्मान समारोह आयोजित, मेधावी नन्हे विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** सेक्टर-3 स्थित बोकारो पब्लिक स्कूल के प्री-प्राइमरी विंग में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्टूडेंट ऑफ द मंथ (जून 2026) सम्मान समारोह का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अध्ययन, अनुशासन, सकारात्मक व्यवहार, नियमित उपस्थिति तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने साथियों के लिए प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस माह सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में यूकेजी-बी की शायरा आलम, यूकेजी-ए की रिहा कुमारी, एलकेजी के शिवाय रॉय तथा नर्सरी के मोहम्मद जैद शामिल रहे। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुधा शेखर ने सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. सुधा शेखर ने कहा



कि इस प्रकार के सम्मान समारोह विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। जब बच्चों के अच्छे कार्यों, अनुशासन, नियमितता और मेहनत को सार्वजनिक रूप से सराहा जाता है, तो अन्य विद्यार्थी भी प्रेरित होकर अधिक लगन, उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अध्ययन एवं अन्य गतिविधियों में भाग लेते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के उप-प्राचार्य अंबरीश रंजन पाठक, प्री-प्राइमरी इंचार्ज गुंजा चौधरी, शिक्षिका कुमारी रानी शुक्ला एवं कुमारी साक्षी सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### आजसू फुसरो नगर महिला समिति का विस्तार, संगीता देवी बनीं अध्यक्ष

फुसरो। आजसू पार्टी फुसरो नगर समिति की बैठक गुरुवार को मकोली स्थित सांसद आवासीय कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष महेश देशमुख ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो जिला अध्यक्ष सचिन महतो उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से संगीता देवी को फुसरो नगर महिला समिति का अध्यक्ष तथा डॉ. प्रियंका कुमारी महतो को सचिव मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का उपस्थित कार्यकताओं ने स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सचिन महतो ने कहा कि आजसू पार्टी ने महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

## हस्तशिल्पियों के साथ चौपाल, सभी कारीगरों का बनेगा आर्टिजन कार्ड

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** कार्यालय विकास आयुक्त, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत हस्तशिल्प सेवा केंद्र, देवघर द्वारा बोकारो जिले के जैनामोड़ स्थित स्किल ट्रेनिंग सेंटर में सिलाई-कढ़ाई से जुड़े हस्तशिल्पियों के साथ ₹चौपाल₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हस्तशिल्पियों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना तथा उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक करना था।

चौपाल में शिल्पी पहचान पत्र, कौशल प्रशिक्षण, गांधी शिल्प बाजार, स्वयं सहायता समूह, ई-कॉमर्स पोर्टल, प्रधानमंत्री बीमा योजना, मुद्रा ऋण सहित हस्तशिल्पियों के कल्याण से जुड़ी




विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। हस्तशिल्प सेवा केंद्र, देवघर के प्रभारी एवं विकास आयुक्त के प्रतिनिधि शत्रुघ्न कुमार ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए हस्तशिल्पियों से विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न विपणन कार्यक्रमों एवं मेलों में सक्रिय भागीदारी करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि कारीगरों के लिए बैंकिंग सेवाओं के साथ मुद्रा ऋण तथा विभिन्न प्रकार की सब्सिडी की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं, जिनका लाभ उठाकर वे अपने रोजगार को आगे बढ़ा सकते हैं। कारीगरों के लिए कार्यरत संस्था 'सहयोगिनी' के निदेशक गौतम सागर ने आर्टिजन कार्ड बनाने की प्रक्रिया और उससे मिलने वाले लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आर्टिजन कार्ड बनने से कारीगरों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी तथा उनकी पहचान एक पंजीकृत हस्तशिल्पी के रूप में स्थापित होगी।

जिला उद्योग केंद्र, बोकारो तथा मुख्यमंत्री लघु कुटीर एवं उद्यम विकास बोर्ड के समन्वयक किशोर रजक ने उपस्थित महिला हस्तशिल्पियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जब महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी, तभी पंचायत और समाज का समग्र विकास संभव होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हस्तशिल्पियों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए अनेक लाभकारी योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए।

कार्यक्रम में स्किल ट्रेनिंग सेंटर के रवींद्र कुमार, धीरज कुमार, अप्पू प्रजापति, गीतांजलि कुमारी, मुख्यमंत्री लघु कुटीर एवं उद्यम विकास बोर्ड के प्रखंड उद्यमी समन्वयक संजय दास, गौरव कुमार, एमटीएस सहित लगभग 120 हस्तशिल्पियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी पात्र कारीगरों का आर्टिजन कार्ड बनाने की प्रक्रिया को भी प्राथमिकता देने पर बल दिया गया।

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर टीम मृणालिका ने महिला चिकित्सकों को किया सम्मानित

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर टीम मृणालिका द्वारा सेक्टर-4 स्थित अपने प्रधान कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोकारो की विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं दे रहीं महिला चिकित्सकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था की अध्यक्षा श्रीमती सुधा पांडेय ने सभी आगंतुक चिकित्सकों का स्वागत करते हुए संस्था की गतिविधियों एवं सामाजिक कार्यों की जानकारी देकर की। इसके बाद संस्था की वरिष्ठ सदस्याओं श्रीमती करुणा सिंह, ऊषा प्रसाद एवं नीलम सिंह ने सभी चिकित्सकों का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। संस्था की संस्थापक सदस्या किशु सिंह ने बताया कि अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाली 15 महिला चिकित्सकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उपहार एवं सम्मान-चिह्न देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में बोकारो की प्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग



विशेषज्ञ डॉ. सरस्वती तथा वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डॉ. प्रियंका अग्रवाल ने चिकित्सकों की सामाजिक जिम्मेदारियों और सेवा-भाव पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। वहीं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विद्या रानी एवं डॉ. साधना ने टीम मृणालिका से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए संस्था के सामाजिक कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. सरस्वती, डॉ. विद्या रानी, डॉ. साधना, डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. प्रेरणा, डॉ. शिल्पी आनंद, डॉ. अनुपमा, डॉ. रीता टिर्की, डॉ. स्मिता, डॉ. अनीमा, डॉ. अनुप्रिया तथा डॉ. मीता सिन्हा सहित कई चिकित्सक उपस्थित थीं।

## संक्षिप्त खबरें

### स्व. सीताराम खेमका की पुण्यस्मृति में निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर



**बेरमो।** मारवाड़ी सम्मेलन, बेरमो शाखा की ओर से अग्रसेन भवन, फुसरो में स्वर्गीय सीताराम खेमका की पुण्यस्मृति में उनके परिजनों के सहयोग से निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन सम्मेलन के चिकित्सा शिविर प्रभारी भवानी अग्रवाल की देखरेख में संपन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन सुरेश खेमका एवं राजू खेमका ने प्रसिद्ध होमियोपैथ चिकित्सक डॉ. यूके नाग को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित करते हुए किया। इस अवसर पर डॉ० नाग ने 34 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की तथा उन्हें निःशुल्क होमियोपैथिक दवाएं उपलब्ध कराईं। मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री कृष्ण कुमार चांडक ने बताया कि संस्था की ओर से प्रत्येक माह निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है, ताकि जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इस अवसर पर श्री अग्रसेन स्मृति भवन ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष प्रेमराज गोयल, सम्मेलन के अध्यक्ष छीत्तरमल अग्रवाल, संगठन मंत्री पवन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, बेरमो प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चांडक, चिकित्सा शिविर प्रभारी भवानी अग्रवाल, उमेश सिंह, दयानंद बरनवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### कस्तूरबा गांधी विद्यालय से छात्रा प्रेमी के साथ गई, पुलिस जांच में जुटी




**गिरिडीह।** सदर प्रखंड के चैत्याडीह स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से 18 वर्षीय छात्रा के अपने प्रेमी के साथ चले जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद छात्रा के पिता ने पचंबा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कर बेटी की सकुशल बरामदगी की मांग की है। जानकारी के अनुसार एक युवक विद्यालय पहुंचा और स्वयं को छात्रा का पिता बताते हुए उसे घर ले जाने की अनुमति मांगी। छात्रा ने भी वार्डन के समक्ष युवक को अपना पिता बताया, जिसके बाद विद्यालय प्रबंधन ने आवेदन के आधार पर उसे युवक के साथ जाने की अनुमति दे दी। बाद में जब छात्रा अपने घर नहीं पहुंची तो परिजनों को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद छात्रा के पिता ने थाना पहुंचकर आरोप लगाया कि उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और छात्रा व युवक की तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों एक ही गांव के निवासी और पड़ोसी हैं तथा उनके बीच पहले से प्रेम संबंध होने की चर्चा भी रही है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। घटना के बाद जिला शिक्षा विभाग ने भी मामले को गंभीरता से लिया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी वसीम अहमद ने विद्यालय प्रबंधन से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट मिलने के बाद आवश्यक विभागीय कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस छात्रा की बरामदगी और पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

### सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की अनुशंसा पर बीसीसीएल टीम ने सीएसआर योजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण



**चंद्रपुरा।** सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की अनुशंसा पर बीसीसीएल के असैनिक (सिविल) विभाग की टीम ने गुरुवार को दुगदा क्षेत्र का दौरा कर सीएसआर फंड से प्रस्तावित विभिन्न विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सांसद प्रतिनिधि नवीन कुमार महतो, सिविल मैनेजर शिवराज, डिप्टी मैनेजर पवन कुमार तथा सिविल अभियंता महेंद्र मीणा मौजूद रहे। सबसे पहले टीम ने दुगदा स्थित छठ घाट तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय लोगों में विजय यादव, जयप्रकाश यादव, संजय कुमार और अभय शर्मा ने तालाब की गहराई बढ़ाने, उसकी सफाई कराने, मेड़ का सौंदर्यीकरण करने तथा बैठने के लिए कुर्सियां लगाने की मांग रखी। अधिकारियों ने बताया कि तालाब की सफाई के साथ इसका सौंदर्यीकरण किया जाएगा और इसे एक आकर्षक पार्क के रूप में विकसित करने की योजना है। इसके बाद टीम ने दुगदा दक्षिणी पंचायत स्थित न्यू बीसीसीएल कॉलोनी का निरीक्षण किया, जहां जर्जर आवासों और क्षतिग्रस्त सड़कों की स्थिति का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने संबंधित समस्याओं को डीपीआर में शामिल करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के क्रम में टीम करमाटांड़ पंचायत के बुढ़ीडीह गांव पहुंची, जहां धड़धौरा नाला पर प्रस्तावित पुल निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण किया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने पुल निर्माण की आवश्यकता से अधिकारियों को अवगत कराया। सिविल मैनेजर शिवराज ने बताया कि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की अनुशंसा पर इन सभी विकास योजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के उद्देश्य से स्थलीय निरीक्षण किया गया है। डीपीआर तैयार होने के बाद इन योजनाओं को बीसीसीएल के सीएसआर फंड से शीघ्र धरातल पर उतारा जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# उपायुक्त से वार्ता के बाद सफाई मजदूरों का गेट जाम आंदोलन समाप्त

### 4 जुलाई को डीवीसी प्रबंधन के साथ होगी बैठक



झारखंड दर्शन संवाददाता

**चंद्रपुरा।** भारतीय क्रांतिकारी मजदूर संघ के बैनर तले चंद्रपुरा थर्मल के सीएचपी बैगन टिपलर में कार्यरत सफाई मजदूरों द्वारा 13 दिनों के बजाय 26 दिनों का कार्य दिए जाने की मांग को लेकर चलाया जा रहा अनिश्चितकालीन गेट जाम आंदोलन गुरुवार को समाप्त हो गया। आंदोलन के दूसरे दिन बोकारो उपायुक्त के साथ हुई वार्ता के बाद यूनियन ने अपना आंदोलन वापस लेने का निर्णय लिया।

वार्ता के दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बनी। तय किया गया कि 4 जुलाई को उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला गोपनीय शाखा, बोकारो में डीवीसी प्रबंधन और भारतीय क्रांतिकारी मजदूर संघ के प्रतिनिधियों के बीच बैठक होगी, जिसमें मजदूरों की मांगों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके बाद 9 जुलाई को डीवीसी अध्यक्ष के साथ उपायुक्त स्तर पर बैठक आयोजित होगी। वहीं 15 जुलाई को पुनः भारतीय क्रांतिकारी मजदूर संघ एवं उपायुक्त के बीच बैठक कर पूर्व में लिए गए निर्णयों की समीक्षा और प्रगति की जानकारी साझा की जाएगी।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस अवधि में अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, चंद्रपुरा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे तथा किसी भी प्रकार की हड़ताल या धरना-प्रदर्शन नहीं होने देंगे। उपायुक्त ने यूनियन के सदस्यों से अपील की कि वे किसी भी परिस्थिति में कानून-व्यवस्था अपने हाथ में न लें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन मजदूरों की समस्याओं को गंभीरता से सुन रहा है और उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। ऐसे में आंदोलन या धरना-प्रदर्शन की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त के आश्वासन और निर्धारित बैठकों की रूपरेखा पर यूनियन ने सहमति जताते हुए तत्काल प्रभाव से भूख हड़ताल और गेट जाम आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। इसकी जानकारी यूनियन के अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य अजय कुमार महतो ने दी।

गौरतलब है कि आंदोलन के कारण दूसरे दिन भी प्रथम पाली, सामान्य पाली और द्वितीय पाली में डीवीसी के अधिकारी एवं कर्मचारी प्लांट के भीतर ड्यूटी पर नहीं जा सके। शाम को आंदोलन समाप्त होने के बाद डीवीसी अधिकारियों और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर फुसरो में वॉलेंटियर्स को दिया गया प्रशिक्षण



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बेरमो।** मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के सफल संचालन के लिए गुरुवार को सीसीएल ढोरी जीएम कार्यालय स्थित अधिकारी क्लब में वॉलेंटियर्स के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बेरमो अंचलाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने वॉलेंटियर्स को मतदाता सूची पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ ऐप के माध्यम से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य, मतदाता सूची से छूटे हुए पात्र मतदाताओं की पहचान, उनकी मैपिंग तथा ऑनलाइन प्रक्रिया को तकनीकी रूप से सही ढंग से पूरा करने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

अंचलाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने कहा कि मतदाता सूची में कोई भी पात्र व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए। सभी वॉलेंटियर्स पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और तकनीकी सटीकता के साथ बीएलओ ऐप के माध्यम से मैपिंग एवं पुनरीक्षण कार्य करें, ताकि शत-प्रतिशत शुद्ध और अद्यतन मतदाता सूची तैयार की जा सके। प्रशिक्षण शिविर में मिथिलेश कुमार पांडेय, विक्रम मंडल, उमेश कुमार, अनिलाल सोरेन, मनीष कुमार, विनोद बिहारी विश्वकर्मा, अमित कुमार सिंह सहित कई शिक्षक एवं वॉलेंटियर्स उपस्थित रहे।

## नए ढोरी जीएम ने की राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की परिचयात्मक बैठक, उत्पादन लक्ष्य पर हुई चर्चा



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के नवपदस्थापित महाप्रबंधक राजीव कुमार सिंह से गुरुवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों ने परिचयात्मक बैठक की। बैठक की शुरूआत महाप्रबंधक एवं यूनियन पदाधिकारियों के पारस्परिक परिचय के साथ हुई। इस दौरान यूनियन की ओर से महाप्रबंधक को नई जिम्मेदारी संभालने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही ढोरी प्रक्षेत्र में सुचारू, सुरक्षित एवं निर्विवाद कोयला उत्पादन सुनिश्चित करने तथा निर्धारित उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह एवं क्षेत्रीय सचिव शिवनंदन चौहान ने कहा कि नए महाप्रबंधक राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में ढोरी प्रक्षेत्र का संचालन बेहतर ढंग से होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पक्षों के समन्वय से क्षेत्र में औद्योगिक सौहार्द का वातावरण मजबूत होगा और उत्पादन गतिविधियों को नई गति मिलेगी। यूनियन ने आश्वासन दिया कि उत्पादन लक्ष्य को समय पर पूरा करने में संगठन हरसंभव सहयोग करेगा।

महाप्रबंधक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि सभी श्रमिक संगठनों के सहयोग और आपसी समन्वय से ही क्षेत्र में कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि निर्धारित उत्पादन लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी कर्मचारियों, श्रमिक संगठनों तथा क्षेत्र के विस्थापितों सहित सभी संबंधित पक्षों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सामूहिक प्रयास से ढोरी प्रक्षेत्र में विकास और उत्पादन कार्यों को नई दिशा मिलेगी। बैठक में ब्रिज बिहारी पांडेय, गणेश मल्लाह, रविशंकर ठाकुर, जयराम सिंह, मुरारी प्रसाद सिंह, कलीमुद्दीन, रमेश मिश्रा, प्रदीप सिंह, बाल्मीकि यादव, पवन राव, अर्जुन चौहान, मनोज ठाकुर सहित यूनियन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## एकेके परियोजना विस्तार के लिए बरवाबेड़ा के रैयत करें सहयोग : सीओ

### पहले चरण में 80 परिवार होंगे विस्थापित, पुनर्वास स्थल पर प्लॉटिंग का कार्य शुरू



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल के बीएंडके क्षेत्र की कोनार-खासमहल परियोजना के विस्तार को लेकर बरवाबेड़ा गांव के विस्थापन एवं पुनर्वास संबंधी बैठक गुरुवार को करगली स्थित ऑफिसर्स क्लब में बेरमो के अंचल अधिकारी संजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन, सीसीएल प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच पुनर्वास, मुआवजा तथा मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जानकारी दी गई कि परियोजना विस्तार के प्रथम चरण में बरवाबेड़ा गांव के 80 परिवारों को नए पुनर्वास स्थल फेज-2 में स्थानांतरित किया जाएगा। इसके लिए सीसीएल प्रबंधन ने 80 परिवारों के लिए प्लॉटिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया है। साथ ही हॉल रोड को भी स्थानांतरित किया जाएगा। सीओ संजीत कुमार सिंह ने कहा कि परियोजना के सफल विस्तार के लिए रैयतों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुनर्वास और मुआवजे की पूरी प्रक्रिया नियमानुसार एवं शीघ्र पूरी की जाएगी, ताकि प्रभावित परिवारों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

परियोजना पदाधिकारी सुमेधानंदन ने कहा कि प्रशासन, प्रबंधन और ग्रामीणों के आपसी सहयोग से विस्थापन एवं पुनर्वास का कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाएगा। सीसीएल प्रबंधन ने बताया कि बरवाबेड़ा गांव के कुल 242 परिवारों को नए पुनर्वास स्थल पर प्रत्येक परिवार को पांच-पांच डिसमिल भूमि का प्लॉट उपलब्ध कराया जाएगा।

## चतरा में जिला आर्ट एसोसिएशन का गठन, फ्लेक्स बोर्ड के बढ़ते उपयोग का किया विरोध



झारखंड दर्शन संवाददाता

**चतरा।** शहर के पत्थलदास मंदिर परिसर में गुरुवार को जिला आर्ट एसोसिएशन का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता बबन आर्ट ने की, जबकि संचालन कान्हाचट्टी के श्रवण आर्ट ने किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए दर्जनों पेंटरों एवं कलाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। सम्मेलन में सर्वसम्मति से जिला आर्ट एसोसिएशन का गठन किया गया। संगठन के लिए राजू आर्ट को जिला अध्यक्ष, श्रवण आर्ट को उपाध्यक्ष, अशोका आर्ट को सचिव, मोनू आर्ट को उपसचिव, दीपक आर्ट को कोषाध्यक्ष तथा रवि आर्ट को मीडिया प्रभारी चुना गया। वहीं बबन आर्ट, प्रमोद आर्ट, राजेंद्र आर्ट और राज आर्ट को संगठन का संरक्षक मनोनीत किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, पेंटिंग कार्य की नई दरें लागू करने तथा कलाकारों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सरकारी एवं निजी संस्थानों में तेजी से बढ़ रहे फ्लेक्स बोर्ड के उपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए इसका विरोध किया गया। सदस्यों का कहना था कि फ्लेक्स बोर्ड के बढ़ते चलन से पारंपरिक पेंटिंग कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे स्थानीय पेंटरों के रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। नव-निर्वाचित जिला अध्यक्ष राजू आर्ट ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर शीघ्र ही चतरा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा, ताकि स्थानीय पेंटरों के रोजगार की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## हंटरगंज में नवविवाहित युवक की संदिग्ध मौत, फांसी के फंदे पर लटका मिला शव



झारखंड दर्शन संवाददाता

**हंटरगंज।** हंटरगंज प्रखंड के पांडेपुरा पंचायत अंतर्गत गेजना मोड़ निवासी अमका भुईयां के 21 वर्षीय पुत्र मिथिलेश भारती की बुधवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गुरुवार सुबह परिजनों ने उसे घर के एक कमरे में फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया।

सूचना मिलते ही पांडेपुरा पिकेट प्रभारी सुनील दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जाता है कि मृतक की शादी लगभग तीन माह पूर्व हुई थी। वह रांची में रहकर मजदूरी करता था और करीब एक सप्ताह पहले अपने घर आया था। ग्रामीणों के बीच विभिन्न तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोगों का दावा है कि मृतक की पत्नी के कथित प्रेम-प्रसंग की जानकारी उसे हो गई थी, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान था। हालांकि, इस संबंध में पुलिस ने किसी भी दावे की पुष्टि नहीं की है। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि यह आत्महत्या का मामला है या किसी अन्य कारण से मौत हुई है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## बेंगाबाद में ड्राइविंग लाइसेंस विशेष शिविर शुरू, पहले दिन 38 आवेदकों को मिला लर्निंग लाइसेंस



झारखंड दर्शन संवाददाता

**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा के निर्देश तथा उपायुक्त रामनिवास यादव के मार्गदर्शन में जिले के सभी प्रखंडों में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुरुवार को बेंगाबाद प्रखंड मुख्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का शुभारंभ हुआ। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को प्रखंड स्तर पर ही सरल, सुलभ और पारदर्शी तरीके से लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराना है। शिविर के पहले दिन बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन जमा किए। कुल 61 लोगों ने लर्निंग लाइसेंस के लिए आवेदन किया, जिनमें दस्तावेजों की जांच के बाद 38 पात्र आवेदकों को तत्काल लर्निंग लाइसेंस जारी कर दिया गया। शेष आवेदनों पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिला परिवहन विभाग द्वारा आयोजित यह दो दिवसीय शिविर शुक्रवार को भी जारी रहेगा, जिसमें नए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे तथा सभी औपचारिकताएं पूरी करने वाले पात्र आवेदकों को लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया जाएगा। जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि यह अभियान जिले के सभी प्रखंडों और पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा, ताकि दूर-दराज के क्षेत्रों के लोगों को भी उनके नजदीक लाइसेंस बनाने की सुविधा मिल सके।

## चतरा में प्रतिनियोजन के खेल से चरमराई शिक्षा व्यवस्था, कौरा और प्रतापपुर के हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संकट में



झारखंड दर्शन संवाददाता

**चतरा।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड स्थित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, कौरा तथा उत्क्रमित प्लस टू राज्य संपोषित उच्च विद्यालय, प्रतापपुर में नए शिक्षकों की नियुक्ति से छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और ग्रामीणों को बेहतर शिक्षा की उम्मीद जगी थी। वर्षों से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे इन विद्यालयों में नियमित पठन-पाठन शुरू होने की संभावना बनी थी, लेकिन नियुक्ति के कुछ ही समय बाद कई शिक्षकों के प्रतिनियोजन ने इन उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इसका सबसे अधिक असर ग्रामीण क्षेत्रों के उन विद्यार्थियों पर पड़ रहा है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पूरी तरह सरकारी विद्यालयों पर निर्भर हैं। जानकारी के अनुसार, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, कौरा में नियुक्त चार पीजीटी शिक्षकों ने प्रभाव और पैरवी के आधार पर अपना प्रतिनियोजन दूसरे विद्यालयों में करा लिया। इनमें गौतम कुमार साव (रसायन), पुष्पांजलि सिंह (अंग्रेजी), पूनम पांडेय (जीव विज्ञान) और रोमा कुमारी (कॉमर्स) शामिल हैं। इन शिक्षकों के प्रतिनियोजन के बाद विद्यालय में विज्ञान सहित कई महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो गई है। विद्यालय में कक्षा एक से 12वीं तक लगभग 1200 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। यहां 29 शिक्षकों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल एक प्राथमिक शिक्षक, चार टीजीटी और पांच पीजीटी शिक्षक ही कार्यरत हैं।

## बारिश के बीच भी जारी रहा मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान, उपायुक्त ने किया निरीक्षण



झारखंड दर्शन संवाददाता

**गिरिडीह।** विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान के तहत गुरुवार को लगातार बारिश के बावजूद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव स्वयं विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 18 और 19 सहित कई मतदान केंद्रों का दौरा कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों के वितरण, भरे हुए प्रपत्रों के संग्रह, दस्तावेजों के सत्यापन तथा डिजिटाइजेशन कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त ने बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर और स्वयंसेवकों से अभियान की जानकारी ली तथा कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता इस अभियान से वंचित नहीं रहना चाहिए। प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर गणना प्रपत्र भरवाना और समय पर डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करना सभी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण करने, समस्याओं का तत्काल समाधान करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक है।

# संक्षिप्त खबरें

## दूधिया में मुहर्रम के अवसर पर लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**बलियापुर।** मुहर्रम अखाड़ा कमेटी, दूधिया की ओर से बुधवार की रात लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में फतेहपुर, बाघमारा, बेड़ा, दूधिया सहित आधा दर्जन अखाड़ा दलों ने भाग लिया और अपने पारंपरिक युद्धक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने बाना, तलवार, भाला, एक लाठी, दो लाठी, तीन लाठी और चार लाठी सहित विभिन्न प्रकार के आकर्षक खेल प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड उपप्रमुख आशा देवी उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि कर्बला के युद्ध में इमाम हुसैन ने अपने परिवार और साथियों के साथ मिलकर अत्याचारी शासक यजीद के अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका जीवन इंसानियत, सत्य और न्याय के लिए सर्वोच्च त्याग का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से इमाम हुसैन के आदर्शों पर चलने तथा सत्य और अच्छाई के मार्ग को अपनाने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के समापन पर सभी प्रतिभागी दलों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुखिया रफीक अंसारी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष हैदर अंसारी, उपमुखिया अख्तर अंसारी, कुर्बान अंसारी, अकबर अंसारी सहित मुहर्रम अखाड़ा कमेटी के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## डॉक्टर केवल शरीर का ही नहीं, टूटती उम्मीदों का भी उपचार करते हैं : किरण चमरिया



**झरिया।** डॉक्टर दिवस के अवसर पर गुरुवार को मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा द्वारा झरिया क्षेत्र के प्रतिष्ठित चिकित्सकों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा सेवा, मानवीय संवेदनाओं एवं समाज के प्रति उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. एस. के. भगानिया, डॉ. ओमप्रकाश अग्रवाल, डॉ. कृष्णा अग्रवाल एवं डॉ. संस्कृति अग्रवाल को सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए शाखा अध्यक्षा श्रीमती किरण शर्मा ने कहा कि डॉक्टर केवल शरीर का उपचार नहीं करते, बल्कि टूटती हुई उम्मीदों को भी थाम लेते हैं। वे बिखरती साँसों में विश्वास जगाते हैं और अपने धैर्य, सेवा तथा समर्पण से हर पीड़ा को कम करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों का सम्मान वास्तव में मानवता और सेवा-भाव का सम्मान है। इस अवसर पर डॉ. एस. के. भगानिया के चिकित्सा क्षेत्र में अतुलनीय योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। उन्हें झरिया की चिकित्सा सेवा का जीवंत प्रतीक बताते हुए कहा गया कि वे केवल एक नर्सिंग होम के संस्थापक ही नहीं, बल्कि हजारों जरूरतमंद मरीजों के लिए आशा की किरण हैं। उनके पास पहुँचने वाला कोई भी मरीज आर्थिक अभाव के कारण उपचार से वंचित नहीं लौटता। उन्होंने वर्षों तक मात्र *50 रुपये* की नाममात्र परामर्श शुल्क लेकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा को सुलभ बनाया।

## द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन अकादमी में करवाया गया साइबर अवेयरनेस कार्यक्रम का सफल आयोजन



**बोकारो।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाओं को देखते हुए आयुष फाउंडेशन धनबाद द्वारा आज द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन अकादमी में विद्यार्थियों के बीच एक विशेष साइबर अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से बचाव तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना था, ताकि वे भविष्य में किसी भी प्रकार के डिजिटल अपराध का शिकार न बनें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सरल एवं रोचक तरीके से बताया गया कि आजकल साइबर अपराधी किस प्रकार फर्जी कॉल, फिशिंग लिंक, ओटीपी फ्रॉड, यूपीआई स्कैम, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी जॉब ऑफर, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, फर्जी लॉटरी, डिजिटल अरेस्ट जैसे विभिन्न तरीकों का इस्तेमाल कर लोगों को ठगते हैं। साथ ही यह भी समझाया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, बैंक खाता विवरण, एटीएम पिन, पासवर्ड अथवा अन्य गोपनीय जानकारी कभी साझा नहीं करनी चाहिए।

# डीडीसी ने कार्यालयों में आधिकारिक सरकारी ईमेल आईडी का उपयोग करने का दिया निर्देश

### जिला परिषद व कंबाइंड बिल्डिंग में खुलेगा प्रज्ञा केन्द्र

### फुल वेरिफिकेशन के बाद जारी की जाएगी झारसेवा आईडी



संवाददाता

**धनबाद।** उप विकास आयुक्त सन्नी राज की अध्यक्षता में आज जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी की बैठक आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य जिले में डिजिटल गवर्नेंस को मजबूत करना, सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता लाना और आम नागरिकों तक ऑनलाइन सेवाओं की पहुंच को और अधिक सुलभ बनाना रहा। बैठक में उन्होंने जिले के सभी सरकारी कार्यालयों को सख्त निर्देश दिया कि वे अपने दैनिक और आधिकारिक कामकाज में केवल आधिकारिक सरकारी ईमेल आईडी का ही प्रयोग करें। इससे डेटा सुरक्षा सुनिश्चित होगी और आधिकारिक पत्राचार अधिक विश्वसनीय बनेगा। इसके लिए एनआईसी एवं जैप आईटी से संपर्क करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान डीडीसी ने सुरक्षा, जवाबदेही और कार्यकुशलता को लेकर कई अहम दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने किसी भी प्रज्ञा केंद्र या संचालक को नई झारसेवा आईडी जारी करने से पहले उसका गहन भौतिक और दस्तावेजी सत्यापन (फुल वेरिफिकेशन) करने का निर्देश दिया।

वहीं आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डीडीसी ने जिला परिषद परिसर तथा कंबाइंड बिल्डिंग में प्रज्ञा केन्द्र खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी और ई-गवर्नेंस टीम को इन सभी निदेर्शों का अनुपालन जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कंबाइंड बिल्डिंग और जिला परिषद में नए केंद्र शुरू होने से लोगों को प्रमाण पत्र, सरकारी योजनाओं और अन्य डिजिटल सेवाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

बैठक में उन्होंने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की लीज लाइन को दुरुस्त कराने का भी निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त श्री सन्नी राज, जिला पंचायती राज पदाधिकारीी सुशांत मुखर्जी, डीआईओ सुनीता तुलसियान, जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी सह जिला प्रबंधक श्री अमित कुमार सिंह, सीएससी मैनेजर मो अंजार हुसैन के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# उपायुक्त ने की प्रधानमंत्री कुसुम योजना की समीक्षा



संवाददाता

**बोकारो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन ने प्रधान मंत्री कुसुम योजना के तहत 2, 3 एवं 5 एचपी सोलर पंप वितरण योजना की आज समीक्षा की। योजना के लिए धनबाद से 7, बलियापुर से 17, निरसा से 33, गोविंदपुर से 25, पूर्वी टुंडी से 4, टुंडी से 22, तोपचांची से 23, बाघमारा से 61 सहित 192 आवेदनों को जांच व सत्यापन के पश्चात स्वीकृती प्रदान की गई है। जबकि 121 आवेदनों को अस्वीकृत किया गया है। उपायुक्त ने इसकी सूची समाचार पत्रों में प्रकाशित कर दावा-आपत्ति मंगाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सोलर पंप स्थापित करने वाली एजेंसी, ज्रेडा, के प्रतिनिधि के साथ बैठक कर विगत 3 वर्षों में स्वीकृत आवेदनों की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया। साथ में लंबित आवेदनों की जांच व सत्यापन में तेजी लाकर उसे निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त श्री आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त श्री सन्नी राज, जिला कृषि पदाधिकारी श्री अभिषेक मिश्रा, विद्युत प्रमंडल व लघु सिंचाई के कार्यपालक अभियंता व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## सामूहिक मोर्चा के संयोजक पर जताया पूर्ण विश्वास, महिला विंग का गठन



झारखंड दर्शन संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी में क्वार्टर से जुड़े मुद्दों को लेकर सक्रिय सिंदरी बचाओ सामूहिक मोर्चा लोगों के लिए उम्मीद का केंद्र बनता जा रहा है। मोर्चा के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को साईं मंदिर प्रांगण में महिला विंग के गठन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिंदरी के विभिन्न क्षेत्रों से 37 महिलाओं ने भाग लिया। बैठक की शुरूआत मोर्चा के संयोजक रविन्द्र कुमार सिंह एवं समाजसेवी धर्मजीत सिंह ने की। उन्होंने बैठक बुलाने का उद्देश्य बताते हुए महिलाओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपील की।

इसके बाद महिलाओं ने अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान अनामिका तिवारी, गंगा देवी, उषा सिंह, चिंता दास, गार्गी सिंह, अनीमा सिंह, उमा शर्मा, किरण देवी, मंजू देवी, चंद्रावती देवी एवं रंजना शर्मा सहित अन्य महिलाओं ने अपने सुझाव दिए।

## धनबाद जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजकमल के एथलीटों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**धनबाद।** धनबाद जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में 29 एवं 30 जून को स्पोर्ट्स कंपलेक्स बिरसा मुंडा स्टेडियम ठाकुर कुली में आयोजित 40वाँ धनबाद जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर अशोकनगर धनसार धनबाद के एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन कर छह स्वर्ण एवं तीन रजत पदक प्राप्त किए।

इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने मीडिया को बताया कि खिलाड़ियों ने न केवल अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया है बल्कि अनुशासन, धैर्य और अटूट लगन का भी परिचय दिया है। ऐसे एथलीटों पर विद्यालय गर्व करता है। उन्होंने यह भी कहा कि हार से निराश हुए बिना जीत के लिए निरंतर प्रयास करना ही एक सच्चे खिलाड़ी की पहचान होती है। प्राचार्य श्री मिश्रा ने विजयी एथलीटों को बताया कि आपने मैदान पर जो पसीना बहाया है और जो दृढ़ संकल्प दिखाया है यही गुण आपको कक्षा में और भविष्य में जीवन में सफलता दिलाएंगे। ज्ञात हो इस एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका अंडर 14, अंडर 16 एवं अंडर 18 की प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## एआईआईईए का 76 वां स्थापना दिवस सिंदरी शाखा में उत्साहपूर्वक मना



झारखंड दर्शन संवाददाता

**सिंदरी।** ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लॉइज एसोसिएशन के 76 वें स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को भारतीय जीवन बीमा निगम की सिंदरी शाखा में झंडोत्तोलन कर समारोहपूर्वक स्थापना दिवस मनाया गया। उल्लेखनीय है कि एआईआईईए की स्थापना 1 जुलाई 1951 को हुई थी। कार्यक्रम में सिंदरी शाखा के एआईआईईए अध्यक्ष कॉमरेड प्रदीप कुमार मरांडी ने संगठन का ध्वज फहराया। शाखा सचिव कॉमरेड अर्जुन तिवारी ने अपने संबोधन में वर्ष 1951 से 2026 तक एआईआईईए द्वारा कर्मचारियों के हित में किए गए विभिन्न कार्यों, संघर्षों और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सिंदरी एआईआईईए के उपाध्यक्ष कॉमरेड राकेश कुमार सिंह ने सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## धनबाद बस स्टैंड के पास कचरा चुनने वाले का शव मिला, इलाके में सनसनी

**धनबाद।** गुरुवार सुबह धनबाद बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत धनबाद थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

स्थानीय शंभू सिंह ने मीडिया को बताया कि मृतक पिछले कई दिनों से बस स्टैंड के आसपास कचरा चुनने का काम करता था। कचरा बेचकर जो पैसे मिलते, उससे अक्सर शराब पीता था। शंभू सिंह ने कहा- ‘गुरुवार सुबह जब मैं शौच के लिए गया तो एक व्यक्ति को जमीन पर पड़ा देखा। पास जाकर पहचाना तो वही था जो लंबे समय से यहां कचरा चुनता था। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही साफ होगा। शराब के नशे में गिरने से मौत हुई या कोई और वजह है, पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## बरमसिया छठ तालाब एवं जर्जर सड़क का विधायक राज सिन्हा ने किया निरीक्षण



संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने आज बरमसिया स्थित छठ तालाब का स्थल निरीक्षण किया, जहाँ नालियों का गंदा पानी गिरने से तालाब प्रदूषित हो रहा है। साथ ही तालाब का बांध टूट जाने के कारण दुहाटांड़झबरमसिया मार्ग अत्यंत जर्जर एवं खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है, जिससे स्थानीय लोगों को प्रतिदिन भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

निरीक्षण के दौरान विधायक राज सिन्हा ने स्थानीय नागरिकों से विस्तारपूर्वक बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना तथा मौके से ही नगर आयुक्त से वीडियो कॉल के माध्यम से सड़क एवं छठ तालाब की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने इस गंभीर जनसमस्या के त्वरित, प्रभावी एवं स्थायी समाधान हेतु अविलंब आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

नगर आयुक्त ने विधायक को आश्वस्त किया कि आगामी दो दिनों के भीतर आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ करते हुए समस्या के समाधान की दिशा में कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि छठ तालाब करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है और इसका प्रदूषित होना अत्यंत चिंता का विषय है। वहीं सड़क की बदहाल स्थिति आमजन के आवागमन के साथ-साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि जनसुविधाओं से जुड़े प्रत्येक विषय का शीघ्र, प्रभावी एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्षेत्रवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने दोहराया कि वे जनहित के प्रत्येक मुद्दे पर निरंतर सक्रिय रहते हुए जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं।

निरीक्षण के दौरान भाजपा युवा नेता भागीरथ दास, चंदू शर्मा, शंकर सिंह, राजकुमार, सुजीत कुमार, विनोद राम, सुजीत रवानी सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर मां अस्पताल ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बलियापुर/सिंदरी।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर बुधवार को मां अस्पताल, बलियापुर की ओर से लोगों को नियमित व्यायाम, पैदल चलने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सक डॉ० सी. जी. साहा ने समाज में बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता फैलाने का संकल्प दोहराया। डॉ० साहा ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में लोगों की शारीरिक गतिविधियां लगातार कम होती जा रही हैं। इसके कारण मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और मोटापे जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि लोग प्रतिदिन कुछ समय पैदल चलने, नियमित व्यायाम करने और संतुलित आहार लेने की आदत विकसित करें, तो अनेक गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस केवल चिकित्सकों के सम्मान का दिन नहीं, बल्कि समाज को स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक करने का भी महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। डॉ० साहा ने समाज के प्रत्येक व्यक्ति से नियमित रूप से पैदल चलने, व्यायाम करने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

धनबाद

### विशाल धरना-प्रदर्शन के बाद डीआरएम ने ई-रिक्शा टोटो संघ की मांगों पर कार्रवाई का दिया आश्वासन

# एक सप्ताह के भीतर जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की बात कही



संवाददाता

**धनबाद।** रेलवे पार्किंग ठेकेदार द्वारा कथित मनमानी, अवैध वसूली, ई-रिक्शा चालकों के साथ दुर्व्यवहार तथा रेलवे स्टेशन क्षेत्र में अव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था के विरोध में झारखंड ई-रिक्शा टोटो संघ द्वारा आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद के समक्ष विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना में सैकड़ों की संख्या में ई-रिक्शा टोटो चालक एवं संघ के पदाधिकारी शामिल हुए।

धरना-प्रदर्शन के दौरान ई-रिक्शा चालकों ने रेलवे पार्किंग ठेकेदार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए अवैध वसूली बंद करने, निर्धारित पार्किंग शुल्क लागू करने, वैध रसीद देने, दुर्व्यवहार पर रोक लगाने तथा ई-रिक्शा पार्किंग व्यवस्था को नियमित करने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लंबे समय से चालक समुदाय को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन बार-बार शिकायत एवं ज्ञापन देने के बावजूद रेलवे प्रशासन द्वारा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई।

धरना के बाद मंडल रेल प्रबंधक, धनबाद द्वारा संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ गोलमेज वार्ता आयोजित की गई। वार्ता में संघ की ओर से रेलवे पार्किंग ठेकेदार द्वारा कथित अवैध वसूली, पार्किंग शुल्क की रसीद नहीं दिए जाने, निर्धारित दरों का पालन नहीं होने, यात्रियों को छोड़ने एवं लेने आने वाले ई-रिक्शाओं से शुल्क वसूली, स्टेशन क्षेत्र से होकर गुजरने वाले वाहनों से जबरन शुल्क लेने, पार्किंग कर्मियों के दुर्व्यवहार, पार्किंग स्थल की बदहाल स्थिति तथा ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन नहीं बनाए जाने जैसे मुद्दों को प्रमुखता से रखा गया।

वार्ता के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने संघ की मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया तथा कहा कि एक सप्ताह के भीतर पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ई-रिक्शा पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने एवं चालकों की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की बात भी कही। वार्ता समाप्त होने के बाद संघ के संरक्षक बैभव सिन्हा ने सम्मेलन कक्ष के बाहर धरना स्थल पर प्रतीक्षा कर रहे सैकड़ों ई-रिक्शा चालकों को वार्ता की पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आंदोलन की एकता और शक्ति के कारण रेलवे प्रशासन को चालक समुदाय की समस्याओं पर गंभीरता से संज्ञान लेना पड़ा है। डीआरएम द्वारा एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई के आश्वासन की जानकारी मिलते ही उपस्थित चालक साथियों में उत्साह फैल गया और सभी ने एकजुट होकर आंदोलन की सफलता पर खुशी व्यक्त की।

संघ के अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि यह धरना केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि ई-रिक्शा चालकों के सम्मान, आजीविका और अधिकारों की लड़ाई है।

## सिंदरी में दूसरी बार लगा जनसुविधा शिविर, 21 आवेदन मिले, सफाई व्यवस्था को मिली नई मशीनें व उपकरण



संवाददाता

**धनबाद।** आम नागरिकों को नगर निगम की योजनाओं और सेवाओं का लाभ उनके घर के निकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से धनबाद नगर निगम ने गुरुवार को सिंदरी अंचल कार्यालय में दूसरी बार वृहत जनसुविधा शिविर का आयोजन किया। शिविर की अध्यक्षता नगर आयुक्त आशीष गंगवार ने की। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, ट्रेड लाइसेंस, राजस्व संग्रहण, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, स्वच्छ भारत मिशन, जलापूर्ति समेत विभिन्न शाखाओं से संबंधित 21 आवेदन प्राप्त हुए। नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी आवेदनों एवं शिकायतों का त्वरित और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

शिविर के दौरान शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य शिविर को लोगों ने सराहा।

नगर निगम ने सिंदरी अंचल की सफाई व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए बड़ी संख्या में सफाई सामग्री एवं मशीनों का वितरण किया। इनमें 75 जोड़ी गमबूट, 145 रिफ्लेक्टर जैकेट, 50 कुदाल, 40 किलो झाड़ू, 5 हैंडकार्ट, एक फॉगिंग मशीन, 20 तलवार, 40 पैकेट ब्लीचिंग, 20 हैंड स्प्रे मशीन, एक वाटर पंप, 40 पैकेट लाइम पाउडर, 5 सबल, 25 हैंड ग्लव्स, 20 लीटर हैंड स्प्रे केमिकल और 20 गैता शामिल हैं। निगम ने बताया कि अंचल की मांग के अनुसार आगे भी सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा सफाई कार्य में लगे एक जेसीबी, एक सक्शन मशीन और दो ट्रैक्टरों की मरम्मत भी कराई गई है, जिससे सफाई व्यवस्था और प्रभावी होगी।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, शुक्रवार 03 जुलाई 2026



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## सुभाषितम्

**श्रेष्ठ होना कोई कार्य नही बल्कि यह हमारी एक आदत है जिसे हम बार बार करते है। -अरस्तु**

## दिल्ली : वायु प्रदूषण के साथ ओजोन प्रदूषण की चुनौती

राजधानी दिल्ली वर्षों से वायु प्रदूषण की भयावह समस्या से जूझती रही है। हर सर्दी में धुंध की मोटी चादर, जहरीली हवा और दमघोंटू वातावरण राष्ट्रीय चिंता का विषय बनते हैं। अब तक इस संकट की चर्चा मुख्यतः पीएम 2.5, पीएम 10, पराली और वाहनों के धुएँ तक सीमित रही, लेकिन अब एक नया और अधिक खतरनाक खतरा तेजी से उभरकर सामने आया है-भूतलीय (ग्राउंड लेवल) ओजोन प्रदूषण। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की हालिया रिपोर्ट ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, जयपुर, चंडीगढ़ और अहमदाबाद जैसे शहर भी ओजोन प्रदूषण की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। यह प्रदूषण दिखाई नहीं देता, लेकिन इसके दुष्प्रभाव धीरे-धीरे मानव जीवन, कृषि और पर्यावरण को भीतर तक बीमार कर रहे हैं। विडम्बना यह है कि प्रदूषण जैसे गंभीर विषय को भी अक्सर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित कर दिया जाता है। कभी किसानों की पराली को संपूर्ण दोषी ठहरा दिया जाता है तो कभी केवल वाहनों को। जबकि वास्तविकता कहीं अधिक व्यापक है। यदि समस्या की जड़ तक पहुँचना है तो अनियोजित शहरीकरण, अंधाधुंध औद्योगिकीकरण, ऊर्जा उपभोग की वर्तमान व्यवस्था और विकास के मौजूदा मॉडल पर गंभीर पुनर्विचार करना होगा।

दिल्ली आज केवल देश की राजधानी नहीं, बल्कि देश का सबसे बड़ा प्रदूषण हॉटस्पॉट भी बन चुकी है। गर्मियों में बढ़ते तापमान, तेज धूप और वाहनों एवं उद्योगों से निकलने वाली नाइट्रोजन ऑक्साइड तथा वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों की रासायनिक प्रतिक्रिया से भूतलीय ओजोन बनती है। यह वही ओजोन नहीं है जो वायुमंडल की ऊपरी परत में पृथ्वी को पराबैंगनी किरणों से बचाती है। धरातल पर बनने वाली ओजोन एक विषैली गैस है, जो फेफड़ों की कार्यक्षमता कम करती है, दमा के रोगियों की स्थिति बिगाड़ती है, आँखों में जलन पैदा करती है तथा हृदय रोगों का जोखिम बढ़ाती है। आज दिल्ली-एनसीआर में बड़ी संख्या में लोग सांस लेने में कठिनाई, एलर्जी और अस्थमा जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिनमें ओजोन प्रदूषण की भूमिका लगातार बढ़ रही है। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन, नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, चार्जिंग स्टेशन विकसित करने की योजना और पुराने प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने जैसे निर्णय निश्चित रूप से सकारात्मक हैं। यदि इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होता है तो आने वाले वर्षों में प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में सार्थक परिवर्तन देखने को मिल सकता है। लेकिन केवल वाहन नीति से समस्या का समाधान संभव नहीं है।

वास्तविक संकट अनियोजित शहरीकरण का है। पिछले दो दशकों में दिल्ली और उससे लगे क्षेत्रों में जिस तेजी से खेत, तालाब और हरित क्षेत्र कंक्रीट के जंगलों में बदले हैं, उसने प्राकृतिक संतुलन को गहरा आघात पहुँचाया है। जहाँ कभी वर्षा का पानी धरती में समा जाता था, वहाँ अब सीमेंट और डामर की सतह है। पारंपरिक जलस्रोत मिट गए, पेड़ों की संख्या घटी और गर्मी बढ़ती गई। यही कारण है कि शहरों का तापमान आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक रहने लगा है। यही अतिरिक्त गर्मी ओजोन बनने की प्रक्रिया को और तेज करती है। आज महानगरों का विस्तार विकास का प्रतीक माना जाता है, लेकिन यह विकास प्रकृति की कीमत पर हो रहा है। शहरों को सड़कें चाहिए, बिजली चाहिए, आवास चाहिए, उद्योग चाहिए। इन सबके लिए खेत समाप्त हो रहे हैं, जंगल कट रहे हैं और जलस्रोत नष्ट हो रहे हैं। परिणामस्वरूप प्रदूषण केवल हवा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जल, मिट्टी और जैव विविधता भी प्रभावित हो रही है। विकास की यह दिशा अंततः मानव जीवन के विरुद्ध खड़ी दिखाई देती है। दिल्ली में निजी वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सार्वजनिक परिवहन की उपलब्धता और गुणवत्ता अभी भी इतनी प्रभावी नहीं हो सकी कि लोग निजी वाहनों का त्याग करें। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना स्वागतयोग्य है, किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि बिजली यदि कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों से आएगी तो प्रदूषण केवल एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित होगा। इसलिए स्वच्छ ऊर्जा, सौर ऊर्जा और हरित परिवहन को समानांतर गति से बढ़ाना आवश्यक है।

ओजोन प्रदूषण केवल मानव स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। यह कृषि उत्पादन को भी प्रभावित करता है। वैज्ञानिक अध्ययनों में पाया गया है कि ओजोन फसलों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित कर उत्पादन घटा देती है। ऐसे समय में जब जलवायु परिवर्तन, अनिश्चित मानसून और बढ़ती गर्मी पहले ही किसानों के सामने बड़ी चुनौती बने हुए हैं, ओजोन प्रदूषण कृषि संकट को और गहरा कर सकता है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक शहरों में वायु गुणवत्ता सुधारने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, किंतु अब समय आ गया है कि इसकी रणनीति का विस्तार किया जाए। केवल पार्टिकुलेट मैटर पर ध्यान देने के बजाय ओजोन जैसे द्वितीयक प्रदूषकों की निगरानी, वैज्ञानिक अध्ययन और नियंत्रण पर भी समान बल देना होगा। वायु गुणवत्ता निगरानी तंत्र को अधिक व्यापक, आधुनिक और पारदर्शी बनाना होगा। **– ललित गर्ग**

# जब शहर तपते हैं



**डॉ. प्रियंका सौरभ**

भारत आज तीव्र शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन- दो ऐसी प्रक्रियाओं के संगम पर खड़ा है जो देश के सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक ढांचे को गहराई से प्रभावित कर रही हैं। एक ओर शहर विकास, रोजगार और नवाचार के केंद्र हैं तो दूसरी ओर वे बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा, शहरी बाढ़, जल संकट, वायु प्रदूषण और चरम मौसमी घटनाओं के सबसे बड़े शिकार भी बनते जा रहे हैं। सामान्यतः जलवायु परिवर्तन को पर्यावरणीय समस्या माना जाता है किंतु भारतीय शहरों का अनुभव बताता है कि यह केवल प्रकृति का संकट नहीं है; यह शहरी शासन, सामाजिक न्याय और विकास मॉडल की सीमाओं को उजागर करने वाला बहुआयामी संकट है।

इस संकट का सबसे अधिक दुष्प्रभाव उन लोगों पर पड़ता है जो शहरों की अर्थव्यवस्था और जीवन-प्रणाली को प्रतिदिन संचालित करते हैं लेकिन नीतियों और योजनाओं में सबसे पीछे रह जाते हैं। इनमें अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिक, प्रवासी मजदूर, सड़क विक्रेता, निर्माण श्रमिक, घरेलू कामगार, कचरा बीनने वाले और स्वच्छता कार्यकर्ता प्रमुख हैं। विडंबना यह है कि जिन लोगों के श्रम से शहर चलते हैं, वही लोग जलवायु परिवर्तन के सबसे असुरक्षित शिकार बनते हैं।

भारत की लगभग 35 प्रतिशत आबादी शहरों में रहती है और आने वाले दशकों में यह अनुपात तेजी से बढ़ेगा। शहरों का विस्तार अक्सर बिना समुचित योजना के हुआ है। हरित क्षेत्रों का सिकुड़ना, जल निकायों का अतिक्रमण, अनियंत्रित कंक्रीटीकरण और कमजोर जल निकासी व्यवस्था ने शहरों की प्राकृतिक जलवायु सहनशीलता को कम कर दिया है। परिणामस्वरूप थोड़ी-सी अधिक वर्षा भी व्यापक जलभराव और बाढ़ का कारण बन जाती है, जबकि लंबे समय तक वर्षा न होने पर गंभीर जल संकट उत्पन्न हो जाता है। बढ़ते तापमान ने शहरी 'हीट आइलैंड' प्रभाव को और तीव्र बना दिया है, जिससे शहर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक गर्म हो जाते हैं।

यह स्थिति केवल प्राकृतिक कारणों का परिणाम नहीं है। यह शहरी शासन की कमियों को भी दर्शाती है। अनेक नगर निकायों के पास न तो पर्याप्त वित्तीय संसाधन हैं और न ही जलवायु परिवर्तन के अनुरूप दीर्घकालिक योजना बनाने की क्षमता। विभिन्न विभागों के बीच समन्वय का अभाव, डेटा आधारित निर्णयों की कमी और अल्पकालिक विकास परियोजनाओं पर अत्यधिक निर्भरता ने समस्या को और जटिल बना दिया है। जलवायु परिवर्तन का प्रभाव समाज के सभी वर्गों पर समान रूप से नहीं पड़ता। आर्थिक रूप से कमजोर और सामाजिक रूप से वंचित वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन को अब 'क्लाइमेट जस्टिस' अर्थात जलवायु न्याय के दृष्टिकोण से भी देखा जा रहा है। जिन लोगों का कार्बन उत्सर्जन सबसे कम है, वही इसके सबसे गंभीर परिणाम भुगत रहे हैं। अनौपचारिक क्षेत्र भारतीय शहरी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। विभिन्न आकलनों के अनुसार शहरों में कार्यरत अधिकांश श्रमिक असंगठित या अनौपचारिक क्षेत्र से जुड़े हैं। उनके पास स्थायी रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा या पेंशन जैसी सुविधाएँ नहीं होतीं। उनकी आय प्रतिदिन के कार्य पर निर्भर करती है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन उनके लिए केवल मौसम का बदलाव नहीं बल्कि आजीविका का संकट बन जाता है।

जब भीषण गर्मी पड़ती है, निर्माण कार्य धीमे हो जाते हैं, सड़क विक्रेताओं की बिक्री घट जाती है, रिक्शा और ई-रिक्शा चालक कम समय तक काम कर पाते हैं तथा दिहाड़ी मजदूरों की आय प्रभावित होती है। दूसरी ओर, अत्यधिक वर्षा और शहरी बाढ़ से बाजार बंद हो जाते हैं, परिवहन बाधित होता है और लाखों लोगों की रोजी-रोटी ठप पड़ जाती है। अधिकांश अनौपचारिक श्रमिकों के पास आय का कोई वैकल्पिक स्रोत नहीं होता। परिणामस्वरूप वे कर्ज, भूख और आर्थिक असुरक्षा के दुष्चक्र में फंस जाते हैं।

शहरों की झुग्गी बस्तियाँ जलवायु संकट का सबसे बड़ा केंद्र बन चुकी हैं। अधिकांश झुग्गियाँ नदी किनारे, नालों के आसपास या निम्न-स्तरीय भूमि पर स्थित होती हैं, जहाँ बाढ़ और जलभराव का खतरा अधिक रहता है। इन क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल, सीवरेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव होता है। भारी वर्षा के बाद दूषित जल फैलने से डेंगू, मलेरिया, हैजा और अन्य जलजनित रोग तेजी से फैलते हैं। गर्मी के दौरान टिन की छतों वाले छोटे घर असहनीय तापमान तक गर्म हो जाते हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

स्वच्छता कार्यकर्ताओं की स्थिति और भी चिंताजनक है। वे प्रतिदिन कचरा संग्रह, नालों की सफाई, सीवर प्रबंधन और अपशिष्ट निस्तारण जैसे कार्य करते हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण अत्यधिक गर्मी, दूषित जल और चरम वर्षा जैसी परिस्थितियाँ उनके कार्य को और अधिक जोखिमपूर्ण बना रही हैं। अनेक स्थानों पर आज भी पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं हैं। हीट स्ट्रेस, संक्रमण, त्वचा रोग, श्वसन संबंधी बीमारियाँ और जहरीली गैसों का खतरा लगातार बना रहता है। विडंबना यह है कि शहरों की स्वच्छता बनाए रखने वाले ये कर्मचारी स्वयं सुरक्षित कार्य परिस्थितियों से वंचित हैं।

भारत में मैनुअल स्कैवेंजिंग पर कानूनी प्रतिबंध होने के बावजूद समय-समय पर सीवरों में दम घुटने से होने वाली मौतें यह दर्शाती हैं कि कानून और वास्तविकता के बीच अभी भी बड़ा अंतर है। जलवायु परिवर्तन के कारण भारी वर्षा के समय सीवरों और नालों की सफाई का दबाव बढ़ जाता है, जिससे जोखिम और बढ़ जाता है। महिलाएँ जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को अलग प्रकार से झेलती हैं। अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत महिलाएँ घरेलू जिम्मेदारियों के साथ आर्थिक गतिविधियों में भी भाग लेती हैं। जल संकट बढ़ने पर पानी लाने का अतिरिक्त बोझ अक्सर महिलाओं पर ही पड़ता है। बाढ़ या गर्मी के दौरान स्वास्थ्य संबंधी जोखिम भी अधिक बढ़ जाते हैं। गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों और बुजुर्गों की देखभाल का अतिरिक्त भार भी महिलाओं को ही उठाना पड़ता है।

प्रवासी श्रमिक जलवायु संकट के सबसे अदृश्य पीड़ितों में हैं। वे प्रायः अस्थायी आवासों में रहते हैं, जहाँ मूलभूत सुविधाओं का अभाव होता है। अत्यधिक गर्मी, वर्षा या बाढ़ के समय उनके पास सुरक्षित आश्रय नहीं होता। रोजगार रुकने पर वे आय और भोजन दोनों के संकट से जूझते हैं। महामारी के दौरान यह स्थिति स्पष्ट रूप से सामने आई थी और जलवायु परिवर्तन भविष्य में ऐसी परिस्थितियों को और गंभीर बना सकता है। शहरी शासन की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि जलवायु परिवर्तन को अक्सर केवल पर्यावरण विभाग या वन विभाग का विषय मान लिया जाता है, जबकि इसका संबंध स्वास्थ्य, परिवहन, आवास, रोजगार, जल प्रबंधन, सामाजिक सुरक्षा और आपदा प्रबंधन सहित लगभग सभी क्षेत्रों से है। यदि नगर नियोजन में जलवायु जोखिमों को शामिल नहीं किया जाएगा तो भविष्य की समस्याएँ और गंभीर होंगी।

आज आवश्यकता ऐसे शहरों की है जो केवल स्मार्ट न हों बल्कि जलवायु-सहिष्णु और सामाजिक रूप से समावेशी भी हों। इसके लिए हरित अवसंरचना का विस्तार, वर्षा जल संचयन, शहरी जल निकायों का संरक्षण, हरित पट्टियों का विकास, छायादार सार्वजनिक स्थान, प्रभावी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और आधुनिक जल निकासी प्रणाली विकसित करनी होगी। साथ ही प्रत्येक शहर के लिए स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप हीट एक्शन प्लान और बाढ़ प्रबंधन रणनीति तैयार करनी होगी।

अनौपचारिक श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ाना भी उतना ही आवश्यक है। स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, आय सहायता, कौशल विकास और जलवायु जोखिम बीमा जैसी व्यवस्थाएँ उन्हें संकट के समय सुरक्षा प्रदान कर सकती हैं। सड़क विक्रेताओं, कचरा बीनने वालों और अन्य अनौपचारिक श्रमिकों को शहरी योजनाओं में भागीदार बनाया जाना चाहिए।

स्वच्छता कार्यकर्ताओं के लिए यंत्रीकरण को प्राथमिकता देना समय की मांग है। सीवर और नालों की सफाई में मशीनों का अधिकतम उपयोग, गुणवत्तापूर्ण सुरक्षा उपकरण, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और सम्मानजनक कार्य परिस्थितियाँ सुनिश्चित की जानी चाहिए। यह केवल श्रम अधिकारों का प्रश्न नहीं बल्कि मानव गरिमा का विषय भी है।

जलवायु परिवर्तन के समाधान में नागरिकों की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। जल संरक्षण, ऊर्जा दक्षता, सार्वजनिक परिवहन, कचरा पृथक्करण, वृक्षारोपण और स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण जैसे प्रयास शहरों को अधिक टिकाऊ बना सकते हैं। लेकिन इन प्रयासों का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब शासन पारदर्शी, उत्तरदायी और समावेशी होगा।

अंततः यह समझना आवश्यक है कि जलवायु परिवर्तन केवल तापमान बढ़ने की कहानी नहीं है। यह उन असमानताओं का दर्पण है जो हमारे शहरों में पहले से मौजूद हैं। यदि विकास का लाभ समान रूप से नहीं पहुँचेगा और कमजोर वर्गों को सुरक्षा नहीं मिलेगी तो जलवायु संकट सामाजिक अन्याय को और गहरा करेगा। इसलिए भारत के शहरी भविष्य की सफलता केवल ऊँची इमारतों, चौड़ी सड़कों और स्मार्ट तकनीक से नहीं मापी जाएगी बल्कि इस बात से तय होगी कि हमारे शहर अपने सबसे कमजोर नागरिकों- अनौपचारिक श्रमिकों और स्वच्छता कार्यकताओं को कितना सुरक्षित, सम्मानजनक और न्यायपूर्ण जीवन प्रदान कर पाते हैं।

जलवायु परिवर्तन का मुकाबला केवल पर्यावरणीय उपायों से संभव नहीं है। इसके लिए संवेदनशील शासन, सामाजिक न्याय, समावेशी शहरी नियोजन और मानव गरिमा पर आधारित विकास मॉडल की आवश्यकता है। यही वह मार्ग है जो भारतीय शहरों को वास्तव में टिकाऊ, न्यायपूर्ण और भविष्य के लिए सक्षम बना सकता है। **(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# फुटबॉल का सबसे महान खिलाड़ी कौन?

**विवेक शुक्ला**

फीफा विश्वकप के दौरान ये सवाल हमेशा उठता है कि फुटबॉल का असली बादशाह कौन है? इस बार 2026 विश्वकप में भी यही बहस जोरों पर है। फुटबॉल का पूरा इतिहास ही महान खिलाड़ियों की तुलना से भरा पड़ा है। ब्राजील के पेले और अर्जेंटीना के डिएगो माराडोना को अक्सर सर्वकालिक महानतम माना जाता है। दोनों बिग मैच के सच्चे योद्धा थे, जिन्होंने विश्वकप जैसे सबसे बड़े मंच पर अपनी टीम को अकेले दम पर खिताब जिताया।

अब लियोनेल मेस्सी और फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे लगातार कमाल कर रहे हैं। इस विश्वकप में इन दोनों का प्रदर्शन देखकर लगता है कि अब इन्हें भी पेले-माराडोना वाली श्रेणी में रखना चाहिए या नहीं? कुछ जानकार कहते हैं कि अभी इनका करियर चल रहा है इसलिए जल्दबाजी न करें। मेस्सी तो 2022 में विश्वकप जिताकर खुद को साबित कर चुके हैं। अगर एम्बाप्पे 2026 जीत गए तो उनकी दावेदारी और मजबूत हो जाएगी।

फुटबॉल प्रेमी एक राय नहीं हैं! एक पीढ़ी पेले को पूजती है, दूसरी मेस्सी को। बेशक, पेले और माराडोना ने फुटबॉल को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। मेस्सी ने इसमें सुंदरता और निरंतरता जोड़ी, जबकि एम्बाप्पे ने गति और भूख का जादू दिखाया। इन चारों को अलग-अलग श्रेणी में रखना ही बेहतर है। सब महान हैं, बस युग अलग-अलग हैं। 2026 विश्वकप ने इनकी तुलना को और रोचक बना दिया है।

### तीन विश्वकप की विरासत

पेले को फुटबॉल का राजा ही कहते हैं। उन्होंने ब्राजील को 1958, 1962 और 1970 में विश्वकप जिताया। ये उपलब्धि आज भी अनोखी है। कोई और खिलाड़ी तीन विश्वकप नहीं जीत सका। 1958 में सिर्फ 17 साल की उम्र में उन्होंने विश्वकप जीता और फाइनल में दो गोल ठोके। कुल मिलाकर चार विश्वकप में 14 मैच खेले और 12 गोल किए।

फुटबॉल का मतलब सिर्फ लंबी शॉट मारना नहीं होता। असली बड़ा खिलाड़ी वो है जो ड्रिबलिंग में माहिर हो, जिसे देखने दर्शक स्टेडियम भरकर आते हैं। पेले इसमें कमाल के थे। उनके दोनों पैर चलते थे, हेडिंग भी जबरदस्त। अंतरराष्ट्रीय मैचों में 92 खेलों में 77 गोल किए। क्लब में सैंटोस के लिए ढेर सारे खिताब जीते। उन्होंने फुटबॉल को पूरी दुनिया में लोकप्रिय बनाया। हां, आलोचक कहते हैं कि उनके समय में प्रतिस्पर्धा कम थी।

### जीनियस और विवाद

डिएगो माराडोना 1986 विश्वकप के असली नायक थे। उनका दायां पैर तो औसत था, हेडिंग भी औसत। लेकिन उनका बायां पैर? वो जादू था! गेंद उनके बाएं पैर पर आ गई तो फिर रोकना नामुमकिन। गेंद पर नियंत्रण, विरोधी को छकाने की कला ऐसी दोबारा नहीं देखी जाएगी। वो मैदान में हर जगह नजर आते थे। पेले की ड्रिबलिंग भी लाजवाब थी लेकिन माराडोना उनसे थोड़े ऊपर माने जाते हैं। फ्री किक में भी मास्टर। टीम पर उनका असर गजब का था।

उन्होंने अर्जेंटीना को खिताब दिलाया। क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 'हैंड ऑफ गॉड' गोल और मिडफील्ड से अकेले दौड़कर किया 'सेंचुरी का गोल' आज भी याद किया जाता है। 1986 में 5 गोल और 5 असिस्ट- एक विश्वकप में ऐसा करने वाले इकलौते खिलाड़ी। 91 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 34 गोल। चार विश्वकप में 21 मैच, 8 गोल। क्लब में नेपोलि को दो सीरी ए खिताब दिलाए, जो उस वक्त इटली की सबसे बड़ी उपलब्धि थी। उनका जादू ड्रिबलिंग और विजन में था। बिग मैच में खिल उठते थे। लेकिन ऑफ-फील्ड विवाद, ड्रग्स और अनुशासन की कमी उनकी छवि पर असर डालती रही।

### रिकॉर्ड्स का राजा

बहुत से लोग मेस्सी को पहले ही द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम मान चुके हैं। वे अभी 900 से ज्यादा गोल कर चुके हैं। 2022 में अर्जेंटीना को विश्वकप चैंपियन बनाया। अब 2026 विश्वकप में 38 साल की उम्र में भी कमाल कर रहे हैं। ग्रुप स्टेज में हैट्रिक समेत 6 गोल दाग चुके हैं। मेस्सी का खेल शांत लेकिन घातक है। उनकी पासिंग, फ्री किक और फिनिशिंग बेमिसाल है। पहले आलोचक कहते थे कि देश के लिए विश्वकप नहीं जिता पाएंगे लेकिन 2022 ने वो सवाल हमेशा के लिए खत्म कर दिया। 2026 में उनका प्रदर्शन साबित कर रहा है कि उम्र कोई बाधा नहीं।

### नया सितारा

एम्बाप्पे फुटबॉल के सबसे तेज और घातक हमलावर हैं। उनकी गति अद्भुत है। डिफेंस को चकमा देकर तेजी से आगे बढ़ना उनका सबसे बड़ा हथियार। बाएं पैर से सटीक शॉट, हेडिंग और फिनिशिंग में माहिर। गोल करते हैं और पूरी टीम को गति देते हैं। आत्मविश्वास और ठंडा दिमाग उन्हें बड़े मैचों का खिलाड़ी बनाता है।2018 में 19 साल की उम्र में फ्रांस को खिताब दिलाया और यंग प्लेयर अवॉर्ड जीता। 2022 में 8 गोल किए। 2026 विश्वकप में अब तक 6 गोल कर चुके हैं। टूर्नामेंट के टॉप स्कोररों में शामिल हैं।

ये सब खिलाड़ी बड़े मैचों में चमके। माराडोना और मेस्सी ने अकेले टीम को कप जितवाया। एम्बाप्पे टीम प्लेयर भी हैं। आजकल फुटबॉल में शारीरिक फिटनेस, टैक्टिक्स और प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा है। मेस्सी-एम्बाप्पे ने यूरोपीय लीगों में खेला, जहां स्तर बहुत ऊंचा है। पेले-माराडोना के समय अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल कम ग्लोबल था लेकिन विश्वकप आज भी सबसे बड़ा मापदंड है।

फुटबॉल की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि बहस कभी खत्म नहीं होती। नए खिलाड़ी पुरानों की विरासत को आगे बढ़ाते रहते हैं। पेले-माराडोना की तरह मेस्सी और एम्बाप्पे भी इतिहास में अमर रहेंगे। अब आप बताएं कि आपका फेवरेट प्लेयर कौन है? **(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार और जाने-माने स्तंभकार हैं।)**

# मोदी का 'मिशन 360': सत्ता के सुपर बहुमत की राजनीति या लोकतंत्र का नया अध्याय?



**विनोद कुमार सिंह**

भारतीय राजनीति में इन दिनों एक शब्द तेजी से चर्चा के केंद्र में है- मोदी महामिशन मिशन 360'। यद्यपि भारतीय जनता पार्टी ने इस नाम से किसी आधिकारिक अभियान की घोषणा नहीं की है, फिर भी सत्ता और विपक्ष के राजनीतिक गलियारों में यह धारणा तेजी से मजबूत हो रही है कि भाजपा आगामी वर्षों में संसद के दोनों सदनों में ऐसा संख्याबल अर्जित करने की रणनीति पर काम कर रही है, जिससे न केवल राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित हो, बल्कि संवैधानिक एवं नीतिगत सुधारों को भी अपेक्षाकृत सहजता से आगे बढ़ाया जा सके। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह केवल अगले चुनाव की तैयारी नहीं,बल्कि दीर्घकालिक राजनीतिक वर्चस्व की रणनीति का हिस्सा हो सकता है। वहीं दूसरी ओर विपक्ष इसे लोकतांत्रिक संतुलन के लिए चुनौती बताते हुए आरोप लगा रहा है कि सत्ता पक्ष विपक्षी दलों में राजनीतिक सेंध लगाने का प्रयास कर रहा है। सत्य चाहे जो हो, इतना स्पष्ट है कि भारतीय राजनीति एक नए संक्रमणकाल से गुजर रही है, जहाँ चुनावी जीत के साथ-साथ संसदीय गणित, गठबंधन प्रबंधन और संवैधानिक व्याख्याएँ भी सत्ता की दिशा तय कर रही हैं। भारतीय संविधान किसी भी राजनीतिक दल को व्यापक जनादेश प्राप्त करने से नहीं रोकता। लोकतंत्र का मूल आधार ही जनता का विश्वास है। यदि कोई दल चुनाव जीतकर या वैधानिक गठबंधन के माध्यम से बहुमत प्राप्त करता है तो उसमें कोई असंवैधानिकता नहीं है। किंतु जब बहुमत प्राप्त करने की प्रक्रिया विपक्षी दलों में टूट, निर्वाचित प्रतिनिधियों के दल परिवर्तन अथवा राजनीतिक पुनर्सरेंखण के माध्यम से आगे बढ़ती दिखाई देती है, तब लोकतांत्रिक नैतिकता पर बहस स्वाभाविक हो जाती है। यही कारण है कि आज 'मोदी महामिशन 360' केवल एक राजनीतिक शब्द नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की दिशा को लेकर उठ रहे अनेक प्रश्नों का प्रतीक बन चुका है। लोकसभा में साधारण बहुमत सरकार चलाने के लिए पर्याप्त होता है, किंतु संविधान संशोधन जैसे विषयों पर विशेष बहुमत आवश्यक है। संविधान के अनुच्छेद 368 के अंतर्गत अनेक संशोधनों के लिए दोनों सदनों में विशेष बहुमत चाहिए तथा कुछ मामलों में आधे राज्यों की स्वीकृति भी आवश्यक होती है। इसलिए किसी भी सरकार के लिए केवल सत्ता में बने रहना पर्याप्त नहीं, बल्कि संसद में व्यापक संख्याबल भी राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है।

इसी संदर्भ में राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि महिला आरक्षण कानून के पूर्ण क्रियान्वयन, परिसीमन, 'एक देश- एक चुनाव', प्रशासनिक सुधार तथा भविष्य के अन्य संवैधानिक विषयों को देखते हुए भाजपा अपनी संसदीय शक्ति को और विस्तृत करना चाहती है। ज्ञायत्व रहे कि भारतीय राजनीति में दल-बदल कोई नया अध्याय नहीं है। वर्ष 1967 में हरियाणा के विधायक गयालाल के बार-बार दल बदलने के बाद 'आया राम, गया राम' भारतीय राजनीति का स्थायी मुहावरा बन गया। इसी राजनीतिक अस्थिरता को रोकने के लिए 1985 में संविधान की दसवीं अनुसूची के माध्यम से दल-बदल विरोधी कानून लागू किया गया। बाद में 91वें संविधान संशोधन (2003) ने इसे और कठोर बनाया।

फिर भी पिछले एक दशक की राजनीति ने यह दिखाया कि कानून होने के बावजूद राजनीतिक पुनर्संरचना पूरी तरह नहीं रुकी। सबसे बड़ा उदाहरण महाराष्ट्र रहा। पहले शिवसेना में विभाजन हुआ और बाद में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी दो हिस्सों में बंट गई। इन घटनाओं ने केवल सरकार नहीं बदली,बल्कि दल-बदल कानून की व्याख्या, विधानसभा अध्यक्ष की संवैधानिक भूमिका, निर्वाचन आयोग की शक्तियों तथा सर्वोच्च न्यायालय की सीमाओं पर भी व्यापक बहस छेड़ दी। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि निर्वाचित जनादेश और संवैधानिक मयार्दा दोनों की रक्षा आवश्यक है, किंतु अनेक परिस्थितियों में अंतिम निर्णय विधानसभा अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र से भी जुड़ा रहता है। इससे यह संदेश गया कि आज राजनीतिक लड़ाई केवल विधानसभा या संसद में नहीं, बल्कि न्यायालयों में भी लड़ी जा रही है। मध्य प्रदेश में सरकार परिवर्तन,कर्नाटक में सत्ता परिवर्तन तथा विभिन्न राज्यों में दल-बदल की घटनाओं ने यह स्थापित किया कि संख्या का खेल अब केवल चुनाव परिणामों से तय नहीं होता, बल्कि चुनाव के बाद की राजनीतिक रणनीति भी उतनी ही महत्वपूर्ण हो चुकी है। पश्चिम बंगाल भी इस बहस का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। विधानसभा चुनाव के पहले और बाद में कई नेताओं के दल बदलने की घटनाएँ सामने आईं। कुछ नेता तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए, जबकि बाद में कुछ पुनः वापस लौटे। इन घटनाओं ने यह प्रश्न खड़ा किया कि क्या भारतीय राजनीति में वैचारिक प्रतिबद्धता कमजोर हो रही है और चुनावी गणित अधिक प्रभावी बनता जा रहा है। दिल्ली और पंजाब की राजनीति में भी समय-समय पर आम आदमी पार्टी के कुछ सांसदों और नेताओं के संबंध में विभिन्न प्रकार की राजनीतिक अटकलें सामने आती रही हैं। हालाँकि अधिकाँश मामलों में न तो इन चर्चाओं की आधिकारिक पुष्टि हुई और न ही वे निर्णायक राजनीतिक घटनाक्रम में बदलीं, लेकिन इससे यह संकेत अवश्य मिलता है कि राष्ट्रीय राजनीति में प्रत्येक सांसद और प्रत्येक क्षेत्रीय दल भविष्य के सत्ता समीकरण का संभावित हिस्सा माना जा रहा है। यहीं से 'मोदी महामिशन 360' की चर्चा को बल मिलता है। यदि किसी राजनीतिक दल का उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि संसद में इतना व्यापक समर्थन प्राप्त करना हो कि भविष्य के बड़े संवैधानिक एजेंडे को भी आगे बढ़ाया जा सके, तो स्वाभाविक रूप से उसकी रणनीति केवल चुनावी प्रचार तक सीमित नहीं रह सकती। यद्यपि भाजपा इस प्रकार की राजनीतिक चर्चाओं पर सार्वजनिक रूप से संयमित रुख अपनाती रही है, लेकिन विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई, राजनीतिक दबाव और सत्ता के प्रभाव का उपयोग विपक्षी दलों को कमजोर करने के लिए किया जा रहा है।

दूसरी ओर भाजपा का तर्क रहा है कि यदि विपक्ष के नेता स्वयं उसके साथ जुड़ते हैं तो वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया का ही हिस्सा है और जनता अंततः चुनाव में इसका निर्णय करती है। यहीं भारतीय लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न खड़ा होता है - क्या दल बदलना जनादेश का सम्मान है या जनादेश का पुनर्लेखन? संविधान विशेषज्ञों का एक वर्ग मानता है कि भारतीय संविधान किसी सांसद या विधायक को आजीवन किसी दल से बंधा रहने का आदेश नहीं देता, किंतु दसवीं अनुसूची का उद्देश्य व्यक्तिगत राजनीतिक लाभ के लिए निर्वाचित जनादेश को बदलने से रोकना अवश्य है।

**(शेष अगले अंक में)**

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

## आज का राशिफल

**मेष-** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। कार्यक्षेत्र में आगे बढ? में रुकावट का एहसास होगा। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**वृष-** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मिथुन-** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**कर्क-** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह-** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें।

**कन्या-** शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**तुला-** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**वृश्चिक-** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**धनु-** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे।

**मकर-** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कुम्भ-** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है।

**मीन-** कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### निसार खान चौथी बार और बाबर अंसारी पहली बार बने जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष



**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कमिटी में संगठन को मजबूती देने की दिशा में निसार खान को चौथी बार तथा बाबर अंसारी को पहली बार जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निसार खान के लंबे राजनीतिक अनुभव और संगठन में सक्रिय भूमिका तथा बाबर अंसारी की युवा कार्यशैली और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। नियुक्ति के बाद निसार खान और बाबर अंसारी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के आमंत्रित सदस्य सह प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल तथा प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। दोनों नेताओं की नियुक्ति पर झारखंड हिन्दू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष सह प्रदेश महासचिव जयशंकर पाठक, सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव, प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, प्रदेश महासचिव सुरजीत नागवाला, प्रदेश कोऑर्डिनेटर बिनोद कुशवाहा, प्रदेश कोऑर्डिनेटर शैलेन्द्र कुमार यादव, प्रदेश सचिव रेणू कुशवाहा, प्रदेश सचिव मनीषा टोप्पो, संयुक्त सचिव डॉ. प्रकाश कुमार, वरिष्ठ कांग्रेसी रजी अहमद, पूर्व सचिव शशि मोहन सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं।

### पॉक्सो एक्ट में बड़कागांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई, नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में हजारीबाग जेल भेज दिया।

थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर नाबालिग पीड़िता को सकुशल बरामद किया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की माता ने बड़कागांव थाना में आवेदन देकर प्रकाश कुमार साव पर नाबालिग बेटी का अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद हजारीबाग जेल भेज दिया। बड़कागांव थाना कांड संख्या 116/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 96, 137(2), 65(1) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी प्रकाश कुमार साव, पिता सुरेश साव, ग्राम सेरंगदाग, थाना टंडवा, जिला चतरा का निवासी है।

### प्रो. बिमल कुमार मिश्रा ने रामगढ़ कॉलेज के प्राचार्य का संभाला कार्यभार



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्थानांतरण आदेश के तहत प्रख्यात शिक्षाविद् एवं गणितज्ञ प्रो. बिमल कुमार मिश्रा ने रामगढ़ कॉलेज, रामगढ़ के प्राचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले वे पिछले चार वर्षों से आदर्श कॉलेज, राजधनवार के प्राचार्य के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। प्रो. मिश्रा विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अंतर्गत झारखंड लोक सेवा आयोग के माध्यम से नियुक्त एकमात्र नियमित प्राचार्य हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रो. बिमल कुमार मिश्रा ने कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रामगढ़ कॉलेज में सेवा का अवसर मिलना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की जरूरतों को देखते हुए कौशल विकास, स्टार्टअप संस्कृति और उद्यमिता को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि छात्र-छात्राएं केवल रोजगार की तलाश करने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाले भी बन सकें। प्रो. मिश्रा ने आदर्श कॉलेज, राजधनवार में अपने चार वर्षीय कार्यकाल को याद करते हुए वहां के शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा सभी के सहयोग को अपनी उपलब्धियों का आधार बताया।

### प्रथम पुण्यतिथि पर शिक्षक दशरथ प्रसाद को भावभीनी श्रद्धांजलि



**इचाक/हजारीबाग।** आरएम प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय चंदा के संस्थापक सदस्य एवं शिक्षक स्व. दशरथ प्रसाद की प्रथम पुण्यतिथि पर गुरुवार को विद्यालय सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिजनों, सहयोगियों, शिक्षकों और सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व और शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया। मुख्य अतिथि बटेश्वर मेहता ने कहा कि दशरथ प्रसाद ने साधारण परिवार में जन्म लेकर अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम के बल पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहचान बनाई। उन्होंने सेंट कोलंबा कॉलेज से विज्ञान संकाय में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर शिक्षा जगत में नई मिसाल कायम की। उनके मार्गदर्शन में पढ़े सैकड़ों विद्यार्थी आज देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इचाक की जनता उनके योगदान को हमेशा याद रखेगी और उनके आदर्शों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने कहा कि जयंती और पुण्यतिथि केवल उन व्यक्तित्वों की मनाई जाती है, जिन्होंने समाज और देश के लिए अनुकरणीय कार्य किए हों।

---

हजारीबाग में खेल सुविधाओं को मिलेगा नया आयाम, आधुनिक स्टेडियम से लेकर खिलाड़ियों के प्रशिक्षण तक की बनी कार्ययोजना

# उपायुक्त ने खेल विभाग की समीक्षा में दिए कई निर्देश

### तीरंदाजी के लिए 10 बोर्ड खरीदने और बैडमिंटन कोच की नियुक्ति का फैसला



झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले में खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल शुरू कर दी है। उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में आयोजित खेल विभाग की समीक्षा बैठक में खेल अधोसंरचना के विकास, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों के सुदृढ़ीकरण तथा विभिन्न खेलों को बढ़ावा देने से जुड़े कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक में उपायुक्त ने कर्जन ग्राउंड स्थित खेल कार्यालय परिसर में अनाधिकृत रूप से संचालित अन्य कार्यालयों को शीघ्र खाली कराने का निर्देश दिया, ताकि खेल गतिविधियों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो सके। उन्होंने शूटिंग रेंज और तीरंदाजी के लिए आधुनिक इनडोर स्टेडियम के निर्माण की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की।

तीरंदाजी खिलाड़ियों की जरूरतों को देखते हुए उपायुक्त ने तत्काल 10 तीरंदाजी बोर्ड खरीदकर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही कर्जन मैदान की खेल संरचनाओं के विकास और आधुनिकीकरण के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने को कहा।

बैडमिंटन खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से बैडमिंटन कोच की नियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। वहीं फुटबॉल प्रशिक्षण की समीक्षा के दौरान फुटबॉल कोच को खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए समर्पित प्रयास करने तथा प्रशिक्षण से जुड़ी आवश्यकताओं और समस्याओं से जिला प्रशासन को समय-समय पर अवगत कराने को कहा गया।

बैठक में आगामी खेल प्रतियोगिताओं की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने 12 और 13 जुलाई को अंडर-19 एवं 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित कराने का निर्देश दिया। प्रतियोगिता के विजेताओं को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा।

इसके अलावा 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल सप्ताह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान अंडर-19 खिलाड़ियों के बीच दौड़, हॉकी, फुटबॉल सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, ताकि युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिल सके और जिले में खेल संस्कृति को नई मजबूती मिले।

बैठक में उप विकास आयुक्त रिया सिंह, प्रशिक्षु आईएएस पूर्वा अग्रवाल, खेल पदाधिकारी कैलाश राम, प्रशिक्षक तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

---

सांसद मनीष जायसवाल की त्वरित पहल रंग लाई

## उरीदीरी में 24 घंटे के भीतर लगा नया ट्रांसफार्मर



झारखंड दर्शन संवाददाता

**कटकमसांडी।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद मनीष जायसवाल के अथक प्रयास से कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम उरीदीरी में महज 24 घंटे के भीतर नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया। ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है और उन्होंने सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का ट्रांसफार्मर कुछ दिन पूर्व जल जाने के कारण पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सांसद मनीष जायसवाल से शीघ्र समाधान की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए सांसद ने तत्काल अपने सहयोगी विशेषांक वर्मा को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। उनके प्रयासों से मात्र 24 घंटे के भीतर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराकर गांव में स्थापित कर दिया गया। नवनिर्मित ट्रांसफार्मर का उद्घाटन कटकमसांडी पश्चिमी मंडल के सांसद प्रतिनिधि प्रेम प्रसाद, मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव एवं पूर्व मुखिया लीलो सिंह भोक्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान के प्रति हमेशा संवेदनशील रहते हैं और आम जनता की छोटी-बड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान कराने का निरंतर प्रयास करते हैं।

---

## 15 अगस्त तक पूरी हों लंबित डीएमएफटी योजनाएं, गुणवत्ता से समझौता नहीं: उपायुक्त



झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से स्वीकृत विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनआरईपी, जिला परिषद, भवन प्रमंडल और विशेष प्रमंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 एवं 2026-27 के तहत स्वीकृत योजनाओं की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों के कनीय अभियंताओं को कार्यस्थल पर नियमित रूप से उपस्थित रहकर संवेदकों द्वारा कराए जा रहे कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि किसी संवेदक द्वारा मानक के अनुरूप कार्य नहीं किया जाता है तो उसका परफॉर्मेंस सर्टिफिकेट जारी नहीं किया जाए।

उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की लंबित योजनाओं को हर हाल में 15 अगस्त 2026 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत योजनाओं को 26 जनवरी 2027 तक पूरा करने की समय-सीमा तय करते हुए सभी विभागों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में नए आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी नए आंगनवाड़ी भवनों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली तथा तड़ित चालक (लाइटनिंग अरेस्टर) की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि भवन पर्यावरण के अनुकूल और सुरक्षित बन सकें।

उपायुक्त ने कहा कि वे स्वयं विभिन्न प्रखंडों में संचालित डीएमएफटी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। उन्होंने सभी कार्यपालक अभियंताओं एवं संबंधित अधिकारियों को योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त रिया सिंह, प्रशिक्षु आईएएस पूर्वा अग्रवाल, जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित थे।

---

मुआवजे की मांग पर 30 घंटे तक रोड जाम

# कंपनी से वार्ता के बाद खुला रास्ता; प्रवासी मजदूर का हुआ अंतिम संस्कार



झारखंड दर्शन संवाददाता

**टाटीझरिया (हजारीबाग)।** गुजरात में मजदूरी करने गए टाटीझरिया प्रखंड के होलंग गांव निवासी किशोर कुमार (31) की मौत के बाद गांव में करीब 30 घंटे तक सड़क जाम रहा। कंपनी द्वारा मुआवजे को लेकर स्पष्ट आश्वासन नहीं मिलने से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को एंबुलेंस में रखकर विरोध प्रदर्शन किया और अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि जब तक मुआवजे की राशि सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा।

परिजनों ने एक्सल टेक्निकल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड पर लापरवाही और मौत की परिस्थितियों को लेकर जानकारी छिपाने का आरोप लगाया। मृतक के पिता जगरनाथ महतो ने बताया कि किशोर एक सप्ताह पहले ही घर से वापस काम पर गया था और अचानक उसकी मौत की सूचना मिली। कंपनी ने मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी नहीं दी।

किशोर परिवार का सबसे बड़ा बेटा और एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वृद्ध माता-पिता और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि सात महीने का मासूम बेटा पिता की मौत से पूरी तरह अनजान है।

घटना के बाद गांव में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। लोगों ने प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा और उनके अधिकारों को लेकर चिंता जताते हुए कंपनी से उचित मुआवजा देने की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार दोपहर कंपनी और मृतक के परिजनों के बीच वार्ता हुई। इसके बाद लगभग तीन बजे सड़क जाम समाप्त कराया गया, एंबुलेंस को जाने दिया गया और शव के अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी गई।

---

### बरही में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 697 किलोग्राम अवैध डोडा जब्त, दो तस्कर नामजद



झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के बरही थाना क्षेत्र के रसोईया धमना गांव में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 697 किलोग्राम डोडा बरामद किया है। मामले में दो लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।

पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि रसोईया धमना गांव स्थित बंगाली साव उर्फ बबलू साव के मुर्गी फार्म के पास बने कार्कट के कमरे में अवैध डोडा का भंडारण कर उसके कारोबार की तैयारी की जा रही है। सूचना के सत्यापन के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही राधाप्रेम किशोर के नेतृत्व में छापेमारी दल मौके पर पहुंचा। वहां कमरा बंद मिला। मकान मालिक से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उसके नहीं पहुंचने पर स्थानीय मुखिया, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग करते हुए ताला तोड़ा गया।

कमरे की तलाशी के दौरान प्लास्टिक के 47 बोरों में भरा डोडा बरामद हुआ। इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन से सभी बोरों का वजन कराने पर कुल 697 किलोग्राम डोडा पाया गया। दो स्थानीय गवाहों की उपस्थिति में विधिवत जब्ती सूची तैयार कर सभी बोरों को जब्त कर आगे की कार्रवाई के लिए बरही थाना लाया गया।

---

## बिरसा उच्च विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर



झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग द्वारा 90 दिवसीय कानूनी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान प्रधान जिला न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार ध्रुव चंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन तथा सचिव डॉ. रवि प्रकाश तिवारी की निगरानी में संचालित हो रहा है।

इसी क्रम में गुरुवार को डाड़ी प्रखंड के डाड़ी पंचायत स्थित बिरसा उच्च विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को घरेलू हिंसा, डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम, नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव तथा अन्य महत्वपूर्ण कानूनी विषयों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि छोटे-छोटे आपसी विवादों का समाधान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से आपसी बातचीत और समन्वय से निःशुल्क कराया जाता है। जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। महिलाओं को नालसा एवं झालसा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए निःशुल्क विधिक सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी दी गई।

---

### फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन बड़कागांव की कमिटी का विस्तार, पंचायत अध्यक्षों की भी हुई घोषणा



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बड़कागांव।** फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन, बड़कागांव की बैठक पूर्वी पंचायत भवन परिसर में प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रखंड कमिटी का विस्तार किया गया तथा विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया।

नई प्रखंड कमिटी में सत्येंद्र कुमार गुप्ता को अध्यक्ष, एतवा तुरी को उपाध्यक्ष, बालेश्वर कुमार को सचिव, चरण राम को कोषाध्यक्ष, मोहम्मद काजिम को उपसचिव, पवन कुमार सिंह को उपकोषाध्यक्ष, रामेश्वर राम एवं मोहम्मद संजय हुसैन को महासचिव तथा चिंतामणि कुशवाहा, जागेश्वर महतो और जितेंद्र कुमार को संयोजक बनाया गया। संरक्षक मंडल में जगन्नाथ साव, शहादत हुसैन, योगेश्वर रविदास, फुलेश्वर साव और संजय कुमार को शामिल किया गया। महिला मोर्चा की प्रखंड अध्यक्ष उर्मिला देवी तथा उपाध्यक्ष अमरलता को मनोनीत किया गया। बैठक में प्रखंड की सभी 23 पंचायतों के पंचायत अध्यक्षों की भी घोषणा की गई। विभिन्न पंचायतों के लिए संतोष कुमार रवि, राजेंद्र प्रसाद, शहादत हुसैन, सोनू कुमार, गंगाधर साव, तथा गंगा महिला मंडल के प्रतिनिधियों का चयन किया गया।

---

दुख की घड़ी में सहारा बनेगा रेड क्रॉस, रोटरी क्लब ने भेंट किया अत्याधुनिक डेड बॉडी फ्रीजर

## अंतिम संस्कार में विलंब होने पर शव सुरक्षित रखने की मिलेगी निःशुल्क सुविधा



झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** सामाजिक सरोकार और मानव सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए रोटरी क्लब हजारीबाग ने रेड क्रॉस सोसाइटी, हजारीबाग शाखा को अत्याधुनिक डेड बॉडी फ्रीजर उपलब्ध कराया है। यह सुविधा उन परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगी, जिन्हें किसी कारणवश अंतिम संस्कार में विलंब होने की स्थिति का सामना करना पड़ता है। रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से यह सेवा आम लोगों को पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह ने फ्रीजर के संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी मनोज गुप्ता को सौंपी है। आवश्यकता पड़ने पर कोई भी व्यक्ति मनोज गुप्ता (मैंगो मैन) से मोबाइल नंबर 9431336480 पर संपर्क कर इस सुविधा का लाभ ले सकता है। सुविधा प्राप्त करने के लिए मृतक तथा उसके परिजन का आधार कार्ड प्रस्तुत करना होगा। डेड बॉडी फ्रीजर को हजारीबाग शहर के इंद्रपुरी चौक स्थित रेड क्रॉस सोसाइटी भवन परिसर में रखा गया है, जहां से जरूरतमंद परिवारों को यह उपलब्ध कराया जाएगा।

रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि कई बार परिजनों के दूर-दराज से आने, कानूनी प्रक्रिया पूरी होने अथवा अन्य अपरिहार्य कारणों से अंतिम संस्कार में विलंब हो जाता है। ऐसी स्थिति में शव को सुरक्षित रखना परिवार के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। इसी आवश्यकता को देखते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी को यह अत्याधुनिक फ्रीजर उपलब्ध कराया गया है, ताकि कठिन समय में जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक और त्वरित सहयोग मिल सके। रेड क्रॉस सोसाइटी ने इस मानवीय पहल के लिए रोटरी क्लब हजारीबाग के प्रति आभार जताते हुए कहा कि दोनों संस्थाओं का उद्देश्य केवल सेवा और मानवता है। यह पहल सामाजिक संवेदनशीलता और सामुदायिक दायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है। सचिव तनवीर सिंह ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी ईश्वर से प्रार्थना करती है कि किसी भी परिवार को इस सुविधा की आवश्यकता कभी न पड़े, क्योंकि यह जीवन के सबसे दुखद क्षणों से जुड़ी व्यवस्था है।

---

### भूमि निबंधन में फर्जीवाड़े पर सख्ती, बरही अवर निबंधन कार्यालय में दस्तावेजों के गहन सत्यापन के निर्देश

झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में बरही अवर निबंधन कार्यालय के अवर निबंधक जोहन टुडू के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भूमि निबंधन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और विधिसम्मत बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने कहा कि किसी भी भूमि के निबंधन से पहले संबंधित भूमि की एलपीसी (छढउ) सहित सभी आवश्यक अभिलेखों का गहन सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए। शपथ-पत्र, नोटरी और संयुक्त एलपीसी से जुड़े मामलों में विशेष सतर्कता बरती जाए तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि या संदेह होने पर विधिसम्मत जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाए।

बैठक में न्यायालयों में लंबित मामलों से संबंधित भूमि के निबंधन के दौरान विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी हिस्सेदारों की उपस्थिति अथवा अनापत्ति प्रमाण पत्र के बाद ही निबंधन की प्रक्रिया पूरी करने तथा रैयतों एवं भूमि मालिकों से सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत वंशावली अनिवार्य रूप से लेने को कहा गया।

उपायुक्त ने बरही अवर निबंधन कार्यालय के अवर निबंधक जोहन टुडू को निर्देश दिया कि निबंधन के दौरान जमा की जाने वाली राशि का ऑनलाइन सत्यापन कर स्वयं संतुष्ट होने के बाद ही प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने विवादित अथवा न्यायालय में विचाराधीन भूमि से जुड़े मामलों में नियमों के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

# बिजली मेंटेनेंस कार्यों में लाएं तेजी, लापरवाही पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त अभिजीत सिन्हा



संवाददाता

**दुमका ।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को अधिक सुचारु, निर्बाध और जनहित के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति, मेंटेनेंस कार्य, ट्रांसफॉर्मर बदलने की प्रक्रिया तथा विद्युत व्यवस्था से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि बिजली मेंटेनेंस से संबंधित सभी कार्यों में तेजी लाई जाए और उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए।

उन्होंने कहा कि यदि किसी कार्य में मैनपॉवर की कमी आड़े आती है तो अतिरिक्त कर्मियों की व्यवस्था कर कार्यों को गति दी जाए, ताकि मरम्मत और रखरखाव के कारण आम जनता को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

उपायुक्त ने कहा कि बिजली जैसी मूलभूत सेवा में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी स्तर पर कार्य निष्पादन में लापरवाही या उदासीनता पाई गई तो संबंधित अधिकारी एवं कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि यदि किसी क्षेत्र में मेंटेनेंस कार्य के कारण बिजली आपूर्ति बाधित करनी हो तो इसकी सूचना कम-से-कम एक दिन पहले आम लोगों तक पहुंचाई जाए। इसके लिए समाचार पत्रों, सोशल मीडिया, स्थानीय सूचना माध्यमों एवं अन्य उपलब्ध संचार माध्यमों का प्रभावी उपयोग करने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने कहा कि आज अधिकांश सरकारी, व्यावसायिक, शैक्षणिक और घरेलू कार्य बिजली पर निर्भर हैं। बिना पूर्व सूचना के अचानक बिजली कटौती होने से लोगों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसलिए पूर्व सूचना देकर नागरिकों को आवश्यक तैयारी का अवसर दिया जाना चाहिए।

बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खराब ट्रांसफॉर्मरों को शीघ्र बदलने, बिजली आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, शिकायतों के त्वरित समाधान तथा विद्युत वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने के उपायों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी तकनीकी खराबी को यथाशीघ्र दूर किया जाए।

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य जिले के प्रत्येक उपभोक्ता को बेहतर और निर्बाध विद्युत सेवा उपलब्ध कराना है। इसके लिए बिजली विभाग पूरी जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ कार्य करे तथा सभी योजनाओं और मेंटेनेंस कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करे, ताकि लोगों को गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवा का लाभ मिल सके।

## डीसी ने बिरसा कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



संवाददाता

**साहिबगंज।** कृषि विभाग द्वारा संचालित बिरसा कृषि रथ को समाहरणालय परिसर से जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त दीपक कुमार दूबे द्वारा बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बिरसा कृषि रथ का संचालन दिनांक 01 जुलाई 2026 से 15 जुलाई 2026 तक साहेबगंज जिले के सभी प्रखंडों की पंचायतों एवं संकुलों में किया जाएगा। यह रथ खरीफ मौसम के पूर्व कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ संभावित सुखाड़ की स्थिति में वैकल्पिक खेती एवं आवश्यक कृषि तकनीकों की जानकारी पंचायत स्तर पर भ्रमण के दौरान किसानों तक पहुँचाएगा। बिरसा कृषि रथ निर्धारित रूट चार्ट के अनुरूप कुल 15 दिनों तक ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगा। इस दौरान आयोजित किसान संगोष्ठियों के माध्यम से विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ दलहन एवं तेलहन की उन्नत खेती, मोटे अनाज की खेती, प्राकृतिक खेती, संतुलित उर्वरक प्रयोग, वैकल्पिक कृषि, समेकित कृषि प्रणाली तथा उच्च मूल्य वाली कृषि फसलों सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर प्राथमिकता के आधार पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त कृषि एवं कृषि से संबद्ध विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी कृषकों को उपलब्ध कराई जाएगी।

इस अवसर पर उपायुक्त श्री दुबे ने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने-अपने पंचायतों में निर्धारित तिथि के अनुसार बिरसा कृषि रथ के माध्यम से आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से किसानों को कृषि विशेषज्ञों से सीधे संवाद करने, आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का अवसर मिलेगा, जिससे खरीफ मौसम में बेहतर उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग गाँव-गाँव पहुँचकर किसानों को नई तकनीकों से अवगत कराएगा तथा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएगा।

बिरसा कृषि रथ के साथ प्रत्येक गाँव के कृषक मित्र, पंचायत के जनसेवक तथा प्रखंड स्तर पर संबंधित प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बी.टी.एम. एवं ए.टी.एम. को टैग किया गया है। साथ ही जिला स्तर पर कृषि एवं संबद्ध विभागों के पदाधिकारियों को विभिन्न प्रखंडों के वरीय पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि के अनुसार कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित करने तथा अधिकाधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सतिश चंद्रा, अपर समाहर्ता विजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला मत्स्य पदाधिकारी विरेन्द्र विन्हा, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, वरीय वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, उप परियोजना निदेशक, आत्मा एवं आत्मा के कर्मी उपस्थित थे ।

## दहेज उत्पीड़न मामले में नामजद आरोपी न्यायालय में प्रस्तुत, जांच में जुटी पुलिस



संवाददाता

**दुमका।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र में दर्ज दहेज उत्पीड़न के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी के नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है। यह कार्रवाई रामगढ़ थाना कांड संख्या 46/26, दिनांक 01 जुलाई 2026 के तहत की गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मामले में नामजद आरोपी चंदन पंडित, पिता नाजिर पंडित, निवासी शंकरपुर, थाना रामगढ़ को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय में उपस्थापित किया गया, जहां से आगे की न्यायिक प्रक्रिया शुरू की जाएगी।उक्त मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 80(2), 85 एवं 3(5) के साथ-साथ दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धारा 3 एवं 4 के तहत दर्ज किया गया है। इन धाराओं के अंतर्गत दहेज की मांग, दहेज उत्पीड़न तथा उससे संबंधित अन्य आरोपों की जांच की जाती है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है। जांच के क्रम में शिकायतकर्ता, गवाहों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। साथ ही उपलब्ध दस्तावेजी एवं अन्य साक्ष्यों का भी परीक्षण किया जा रहा है, ताकि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जा सके।

पुलिस का कहना है कि यदि जांच के दौरान अन्य किसी व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है या अतिरिक्त साक्ष्य प्राप्त होते हैं, तो उनके आधार पर भी कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## प्रेमी के साथ मिलकर रची सास और देवर की हत्या की साजिश, कुल्हाड़ी-हथौड़ा बरामद



संवाददाता

**देवघर।** सोनारायठाड़ी थाना क्षेत्र के उपर नावाडीह गांव में हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है।

पुलिस जांच में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि मृतका की बहू ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर सास और देवर की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने मामले में बहू शबाना खातून (19) और उसके कथित प्रेमी ईरशाद अंसारी (19) को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, 30 जून 2026 को उपर नावाडीह गांव में मां-बेटे की निर्मम हत्या कर दी गई थी।

घटना के बाद सोनारायठाड़ी थाना में कांड संख्या 33/2026 दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1), 238 और 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) कुलदीप कुमार के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया।

एसआईटी ने तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल कॉल डिटेल्स और वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। लगातार छापेमारी और साक्ष्यों के विश्लेषण के बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल रही। पूछताछ में प्रारंभिक तौर पर यह बात सामने आई कि प्रेम संबंध के कारण दोनों ने मिलकर हत्या की पूरी योजना बनाई थी।

पुलिस के अनुसार, वारदात के दौरान शबाना खातून घर के भीतर वारदात को अंजाम दे रही थी, जबकि उसका प्रेमी ईरशाद अंसारी मोबाइल फोन पर लगातार संपर्क में रहकर उसे निर्देश देता रहा। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी और हथौड़ा बरामद कर लिया गया है।

घटनास्थल से रक्त के नमूने, आरोपियों के खून से सने कपड़े सहित अन्य महत्वपूर्ण वैज्ञानिक साक्ष्य भी जब्त किए गए हैं। सभी साक्ष्यों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच जारी है और वैज्ञानिक व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

## दुमका कोर्ट को उड़ाने की धमकी, स्पीड पोस्ट से भेजी गई चिट्ठी से मचा हड़कंप



संवाददाता

**दुमका।** दुमका न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद न्यायिक और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुमका के नाम स्पीड पोस्ट के माध्यम से एक धमकी भरा पत्र भेजा गया, जिसमें दुमका कोर्ट पर हमले की बात लिखी गई है।

इस घटना के सामने आने के बाद सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हो गई हैं और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, धमकी भरी चिट्ठी बंगला भाषा में लिखी गई थी। पत्र के साथ दो व्यक्तियों के नाम और एक आधार कार्ड की फोटो प्रति भी संलग्न की गई थी। पत्र मिलने के बाद न्यायालय प्रशासन ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई। धमकी की सूचना मिलते ही दुमका कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की गई और डॉग स्क्वॉड की टीम ने कोर्ट परिसर के प्रत्येक हिस्से की गहन जांच की। न्यायालय भवन, प्रवेश द्वार, पार्किंग क्षेत्र और अन्य संवेदनशील स्थानों की बारीकी से तलाशी ली गई। हालांकि जांच के दौरान कोई विस्फोटक या अन्य संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई।

पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि चिट्ठी के साथ भेजे गए आधार कार्ड और संबंधित व्यक्ति का सत्यापन कराया गया। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि जिस व्यक्ति के नाम और आधार कार्ड का उपयोग किया गया, उसका इस धमकी से कोई संबंध नहीं है। संबंधित व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसके आधार कार्ड की प्रति का किसी अज्ञात व्यक्ति ने दुरुपयोग कर यह स्पीड पोस्ट भेजी है। इसके बाद पुलिस ने आधार कार्ड के दुरुपयोग के पहलू को भी जांच में शामिल कर लिया है।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह स्पीड पोस्ट पश्चिम बंगाल के पूर्वी बर्दवान जिले के भातार थाना क्षेत्र से भेजी गई थी। अब झारखंड पुलिस पश्चिम बंगाल पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर पत्र भेजने वाले व्यक्ति की पहचान करने और उसके उद्देश्य का पता लगाने में जुटी हुई है। डाक विभाग से भी स्पीड पोस्ट से संबंधित तकनीकी जानकारी और अन्य विवरण जुटाए जा रहे हैं।

पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पत्र की लिखावट, डाकघर से जुड़े रिकॉर्ड, संलग्न दस्तावेजों तथा अन्य तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया जा रहा है।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



संवाददाता

**मेहरमा।** प्रखंड अंतर्गत बलबड्डा थाना क्षेत्र के गझंडा गांव में एक 35 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटककर मौत हो गई।मृतका की पहचान पंचायत की वार्ड सदस्य सोनी कुमारी,उम्र 35 वर्ष,पति दीपक कुमार भगत के रूप में हुई है। मृतका की मां ने बताया कि घटना से आठ दिन पहले पति-पत्नी के बीच मामूली कहासुनी हुई थी। बीती रात्रि में भी कुछ तकरार हुई थी।इसके बाद गुरुवार सुबह लगभग साढ़े सात बजे सोनी कुमारी अपने कमरे में चली गईं और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया।काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजनों को संदेह हुआ।जब कमरे की जांच की गई तो वह फांसी के फंदे से लटकी मिलीं।इसकी सूचना मृतका के मायके पक्ष को भी दी गई तथा सूचना मिलने पर मृतका के मायके पक्ष भी घटनास्थल पर पहुंचे।वहीं घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण सहित मुखिया सुमैया फिरदौस एवं पूर्व मुखिया इंजीनियर जहांगीर मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना बलबड्डा थाना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया व परिजनों एवं स्थानीय लोगों से पूछताछ की तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोड्डा भेज दिया।

मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किया जाता था।वहीं पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी पहलुओं से जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा तथा पीड़ित पक्ष के द्वारा अभी तक आवेदन नहीं दिया गया है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### कन्हवारा नाग मंदिर में पाक्षिक पूजनोत्सव की धूम

**गोड्डा।** जिला मुख्यालय से सटी कझिया नदी के मनोरम तट पर स्थित कन्हवारा नाग मंदिर में आर्द्रा नक्षत्र में विशेष पाक्षिक पूजनोत्सव की धूम मची हुई है। यह पूजा पिछले 22 जून को शुरू हुई है। यहां नाग देवता का जलाभिषेक किया जाता है। पूजन को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी है। पुजारी अशोक मांझी ने बताया कि यह पूजा शुरू आद्रा से शुरू होकर आर्द्रा नक्षत्र अंत में जाकर समाप्त होती है। यह पूजा सात जुलाई तक जारी रहेगा। छह जुलाई को ब्राह्मण-कुमारी भोज का आयोजन होगा। वहीं सात जुलाई को श्रद्धालुओं द्वारा डलिया चढ़ाया जायेगा। कन्हवारा नाग मंदिर में पूजन, अभिषेक व दर्शन को लेकर आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं का अहले सुबह से ही तांता लगा रहता है। पंडित गोपाल झा द्वारा वैदिक रीति रिवाज के साथ नाग देवता व बासुकीनाथ बाबा का पूजन व अभिषेक कराया जाता है। पूजन के उपरांत बाबा को रंग-बिरंगी फूलों सहित यथोचित सामग्री से अभिषेक करने के दौरान पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार से आसपास का माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक हो जाता है। बताया कि कन्हवार नाग मंदिर जागृत पीठ है। इस पीठ का नीर व भस्म बहुत ही कारगर सिद्ध होता है। सर्प दंश से प्रभावितों का भी विष निकालने के लिए यह धाम प्रसिद्ध है। कहा कि वे बासुकीनाथ के समीप सुखजोरा नाग मंदिर के पुजारी के वंशज है जो तत्कालीन समय में पूजन को लेकर यहां आकर बस गये और नाग देवता का विधिवत पूजन किया जाने लगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में चुनूलाल कुमार सिंह, प्रदीप सिंह, पूर्व मुखिया परमानंद साह, पूर्व उप मुखिया अशोक कापरी , ग्राम प्रधान घनश्याम मांझी, विकाश रजक,जयनारायण मांझी, ,सुजीत,महानंद, अमन,विकास सहित ग्रामीण अहम भूमिका निभा निभा रहे हैं।

### मॉडल महाविद्यालय पालोजोरी में स्नातक नामांकन शुरू, 2026-30 सत्र के लिए चांसलर पोर्टल खुला

**देवघर।** मॉडल महाविद्यालय, पालोजोरी (देवघर) में शैक्षणिक सत्र 2026-30 के लिए नई शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के अंतर्गत स्नातक (यूजी) नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार नामांकन हेतु चांसलर पोर्टल खोल दिया गया है, जिससे इच्छुक छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालय के प्रभारी प्रोफेसर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस क्षेत्र के वैसे छात्र-छात्राएं, जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपना नामांकन सुनिश्चित करें। कॉलेज में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, फिजिक्स, केमिस्ट्री, लाइफ साइंस, गणित एवं वाणिज्य जैसे विभिन्न विषयों में स्नातक स्तर पर अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से समय रहते ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है, ताकि वे नए सत्र में अपनी पढ़ाई बिना किसी बाधा के शुरू कर सकें। मॉडल महाविद्यालय पालोजोरी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है।

### शहादत दिवस पर याद किए गए पुलिस अधीक्षक अमरजीत बलिहार



**पाकुड़।** गुरुवार को शहीद पुलिस अधीक्षक अमरजीत बलिहार के शहादत दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा समाहरणालय स्थित शहीद अमरजीत बलिहार पार्क एवं शहीद अमरजीत बलिहार चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर शहीद पुलिस अधीक्षक अमरजीत बलिहार एवं उनके साथ शहीद हुए चालक आरक्षी अशोक कुमार श्रीवास्तव, आरक्षी संतोष कुमार मंडल, आरक्षी चन्दन कुमार थापा, आरक्षी राजीव कुमार शर्मा, आरक्षी मनोज कुमार हेम्ब्रम को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह पाकुड़ शहीदों के परिजनों को सॉल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप-विकास आयुक्त,उपसमाहर्ता, पुलिस उपाधीक्षक (मु),अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्तः आजसू



**देवघर।** जमशेदपुर के बिष्टूपुर में हुई हिमांशु सिंह की हत्या को लेकर आजसू पार्टी ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के केंद्रीय सचिव एवं गोड्डा जिला प्रभारी ध्रुव प्रसाद साह ने कहा कि यह घटना झारखंड में बिगड़ती कानून व्यवस्था और सरकार की विफलता का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की मौजूदगी में अपराधियों ने हिमांशु सिंह पर चापड़ और चाकू से हमला कर निर्मम हत्या कर दी, जबकि पुलिस मूकदर्शक बनी रही। उन्होंने कहा कि यह केवल हत्या नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की विफलता का उदाहरण है। ध्रुव प्रसाद साह ने राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि झारखंड में अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ रहा है और आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस अपराध रोकने में असफल साबित हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जवाब मांगते हुए कहा कि जब अपराधी पुलिस से नहीं डर रहे, तब आम नागरिकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि केवल अधिकारियों का तबादला या निलंबन पर्याप्त नहीं है, बल्कि पूरी घटना की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। आजसू पार्टी ने सरकार के समक्ष पांच प्रमुख मांगें रखीं। इनमें मुख्यमंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग, पूरे मामले की सीबीआई जांच, घटना के समय मौजूद पुलिसकर्मियों की बर्खास्तगी, मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा एवं एक सरकारी नौकरी देने की मांग शामिल है। साथ ही आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर कठोर सजा देने की भी मांग की गई। ध्रुव प्रसाद साह ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आजसू पार्टी पूरे झारखंड में आंदोलन तेज करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में गुंडाराज किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### साजन कुमार ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पथरगामा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनारचक पंचायत के बाबूपुर निवासी साजन कुमार, पिता विष्णदेव राय ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक साजन कुमार अक्सर शराब का सेवन करता था। मृतक साजन कुमार अपने पीछे पत्नी और एक बच्चा को छोड़ गया। घटना कि जानकारी मिलते ही पथरगामा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन में जुट गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### आयशा सिंह बनीं जेकेएलएम की केंद्रीय उपाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में उत्साह



**मेदिनीनगर।** झारखंड की राजनीति में सक्रिय लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने संगठन विस्तार के तहत मेदिनीनगर की पूर्व मेयर प्रत्याशी आयशा सिंह किन्नर को पार्टी का केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनकी नियुक्ति को संगठन के लिए महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है। नियुक्ति के बाद आयशा सिंह के आवास पर पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों ने उनका फूल-माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान नेताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी। जिला अध्यक्ष दिलीप मेहता ने कहा कि पलामू में पार्टी लगातार अपना जनाधार बढ़ा रही है और जमीनी स्तर पर संगठन तेजी से मजबूत हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में पार्टी राज्य की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में नेताओं ने कहा कि आयशा सिंह की सक्रियता, सामाजिक सरोकारों से जुड़ाव और जनहित के मुद्दों पर उनकी मजबूत पकड़ उन्हें इस दायित्व के लिए उपयुक्त बनाती है। उनकी नियुक्ति से महिला, किन्नर और वंचित वर्गों की आवाज संगठन में और अधिक प्रभावी ढंग से उठेगी। इस अवसर पर केंद्रीय उपाध्यक्ष अनिकेत मेहता, वरिष्ठ नेता प्रभात सिन्हा, आयुषतोष तिवारी, जिला उपाध्यक्ष पिंटू कुमार कुशवाहा, नगर अध्यक्ष जोगेंद्र मंडल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण वर्मा, प्रवीण सिंह, जिला महासचिव विकास कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विदाई के समय छलक पड़े बच्चों के आँसू, सहायक शिक्षक राजेश कुमार को भावभीनी विदाई



**मेदिनीनगर।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, करर कला का प्रांगण उस समय भावुक हो उठा, जब विद्यालय के सहायक शिक्षक राजेश कुमार को विदाई दी गई। उनका चयन सहायक आचार्य (सरकारी शिक्षक) के पद पर होने के बाद विद्यालय में यह उनका अंतिम कार्यदिवस था। जैसे ही राजेश कुमार विद्यालय से विदा होने लगे, बच्चों की आंखें नम हो गईं। कई बच्चे उन्हें रोकने की कोशिश करते रहे तो कई भावुक होकर रो पड़े। यह दृश्य इस बात का प्रमाण था कि राजेश कुमार ने अपने व्यवहार, शिक्षा और स्नेह से विद्यार्थियों के दिलों में विशेष स्थान बनाया था। विद्यालय परिवार ने कहा कि राजेश कुमार केवल शिक्षक नहीं, बल्कि बच्चों के मार्गदर्शक, मित्र और अभिभावक भी रहे। उनकी सबसे बड़ी विशेषता कठिन विषयों को भी सरल और रोचक तरीके से पढ़ाना तथा प्रत्येक विद्यार्थी के सुख-दुख में सहभागी बनना थी। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने हमेशा मुस्कुराते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। विद्यालय परिवार ने कहा कि ₹शिक्षक वह मोमबत्ती है, जो स्वयं जलकर दूसरों के जीवन में प्रकाश फैलाती है।₹ राजेश कुमार ने इस कहावत को अपने कार्यों से सार्थक किया है। विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि भले ही वे विद्यालय से शारीरिक रूप से दूर जा रहे हों, लेकिन उनकी शिक्षा, संस्कार और प्रेरणादायी व्यक्तित्व हमेशा विद्यालय की स्मृतियों में जीवित रहेगा।

### वज्रपात से गाय की मौत, पीड़ित किसान ने सरकार से मुआवजे की मांग की



**चैनपुर।** पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड की कोशियारा पंचायत के पूर्व टोला निवासी किसान रामप्रवेश चौरसिया उर्फ बुटान चौरसिया की एक गाय की बुधवार देर रात तेज बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से किसान परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने बताया कि उनके परिवार की आजीविका का मुख्य आधार खेती और पशुपालन है। गाय की अचानक मौत से परिवार की आर्थिक स्थिति पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही पंचायत के युवा समाजसेवी आनंद कुमार चौरसिया पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों से फोन पर संपर्क कर किसान को शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की। पशुपालन चिकित्सा पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि नियमानुसार जांच के बाद पात्र परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार, मृत गाय की अनुमानित कीमत लगभग 60 हजार रुपये थी। इस अप्रत्याशित घटना से पूरा परिवार सदमे में है। पीड़ित किसान और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार से मांग की है कि प्राकृतिक आपदा से हुए इस नुकसान की भरपाई के लिए नियमानुसार शीघ्र मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि किसान को आर्थिक राहत मिल सके।

# प्रखंड स्तरीय ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का शुभारंभ, उपायुक्त ने किया उद्घाटन

झारखंड दर्शन संवाददाता



**मेदिनीनगर।** आम नागरिकों को ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी सेवाएं प्रखंड स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पलामू जिला प्रशासन की ओर से गुरुवार से प्रखंड स्तरीय ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का शुभारंभ किया गया। अभियान के पहले दिन लेस्लीगंज प्रखंड के पंचायत सचिवालय परिसर में कैंप आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने किया।

उद्घाटन के दौरान उपायुक्त ने कैंप में ऑन-द-स्पॉट तैयार किए गए 10 लाभुकों को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किया। उन्होंने सभी लाभुकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस केवल वाहन चलाने की अनुमति नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चालक का कर्तव्य है कि वह यातायात नियमों का पूरी ईमानदारी से पालन करे और सुरक्षित वाहन संचालन को अपनी प्राथमिकता बनाए। उपायुक्त ने लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने वाले युवाओं से वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, यातायात नियमों का सम्मान करने तथा नशे की अवस्था में वाहन नहीं चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में अधिकांश लोगों की जान लापरवाही के कारण जाती है। यदि सभी नागरिक यातायात नियमों का पालन करें तो दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से स्वयं जागरूक बनने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कैंप में लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया पूरे दिन जारी रही और बड़ी संख्या में लोगों ने इसका लाभ उठाया। आवेदकों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग की ओर से सभी आवश्यक तकनीकी उपकरण उपलब्ध कराए गए थे।

साथ ही आवेदन एवं लाइसेंस निर्माण कार्य को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए पर्याप्त संख्या में कंप्यूटर ऑपरेटरों की प्रतिनियुक्ति की गई थी, जिससे लाभुकों को त्वरित एवं सहज सेवा मिल सके।

## डीसी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, बीएलओ को दिए आवश्यक निर्देश



झारखंड दर्शन संवाददाता

**गुमला।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण -2026 अभियान के तहत गुरुवार को उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिलेश्वर महतो ने गुमला सदर क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्र संख्या 153, 156, 160 एवं 162 का जायजा लिया तथा बीएलओ से एन्यूमरेशन कार्य एवं अभियान की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी बीएलओ पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और समयबद्धता के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचकर सत्यापन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को जिला स्तर पर सम्मानित भी किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों से आपसी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील की।

## विक्टोरिया मेमोरियल पब्लिक स्कूल की नई शाखा का शुभारंभ, नामांकन जारी

झारखंड दर्शन संवाददाता



**हरिहरगंज।** नगर पंचायत के टंडवा रोड स्थित रामदास गुप्ता एंड संस कॉम्प्लेक्स में गुरुवार को विक्टोरिया मेमोरियल पब्लिक स्कूल की नई शाखा का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं स्थानीय गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अजय कुमार सिंह, प्राचार्य सरोज कुमार चौधरी, अकाउंटेंट मुकेश कुमार, रामदास गुप्ता एंड संस के संचालक मुकेश कुमार गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता एवं अमित कुमार गुप्ता सहित शिक्षक महताब आलम, मनोज कुमार, मुकेश कुमार, मुन्नी गुप्ता, कंचन कुमारी, अंजली कुमारी, मंजुला मिश्रा तथा मुस्कान परवीन ने पूजा-अर्चना कर विद्यालय की नई शाखा के सफल संचालन की कामना की। विद्यालय के निदेशक अजय कुमार सिंह ने बताया कि नई शाखा में नामांकन प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना है। यहां अनुभवी शिक्षकों द्वारा नियमित कक्षाएं संचालित की जाएंगी। विद्यार्थियों के लिए स्पोकन इंग्लिश, कंप्यूटर शिक्षा, मासिक मूल्यांकन परीक्षा, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की विशेष व्यवस्था की गई है।

साथ ही नवोदय विद्यालय एवं नेतरहाट आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की विशेष तैयारी भी कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा छात्र-छात्राओं के लिए परिवहन सुविधा, छात्रावास, वातानुकूलित कक्षाएं तथा अनाथ बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था भी विद्यालय में उपलब्ध हैं। रामदास गुप्ता एंड संस के संचालक मुकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि विद्यालय में प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना पहले प्राथमिकता हैं। उन्होंने अभिभावकों से विद्यालय का अवलोकन कर अपने बच्चों का नामांकन कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि नई शाखा क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

## रविदास टोला की जर्जर सड़क पर ग्रामीणों में आक्रोश, पीसीसी सड़क निर्माण की उठी मांग

झारखंड दर्शन संवाददाता



**छतरपुर।** छतरपुर प्रखंड अंतर्गत रुदवा पंचायत के रविदास टोला की कच्ची सड़क वर्षों से जर्जर अवस्था में है। बरसात शुरू होते ही यह सड़क कीचड़ और गहरे गड्ढों में तब्दील हो जाती है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन अत्यंत कठिन हो गया है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण लोगों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क खराब होने का सबसे अधिक असर मरीजों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों पर पड़ता है। आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में काफी दिक्कत होती है। वहीं, स्कूल जाने वाले बच्चों को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। बरसात के दिनों में दोपहिया वाहन चलाना भी जोखिम भरा हो जाता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार पंचायत प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक सड़क निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। हर बार केवल आश्वासन ही मिला, जबकि जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष वे आपसी सहयोग से सड़क की मरम्मत कराते हैं, ताकि लोगों का आवागमन किसी तरह जारी रह सके। लेकिन बारिश होने के बाद सड़क फिर पहले जैसी जर्जर हो जाती है और मरम्मत पर खर्च की गई राशि भी बेकार चली जाती है। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि सड़क का निर्माण भी ग्रामीणों को ही करना पड़े, तो जनप्रतिनिधियों को चुनने का क्या औचित्य है। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ गांव तक नहीं पहुंच रहा है और वर्षों से मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभाग से रविदास टोला में अविलंब पीसीसी सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। साथ ही क्षेत्र की लंबित विकास योजनाओं को शीघ्र पूरा करने की भी अपील की है।

## मलय डैम की मरम्मत नहीं होने पर किसानों में आक्रोश, मांग पूरी नहीं हुई तो आज होगा नेशनल हाईवे जाम



झारखंड दर्शन संवाददाता

**सतबरवा।** पलामू जिले के किसानों की जीवनरेखा माने जाने वाले मलय डैम की चैनल संख्या-18 (सतबहिनी) की मरम्मत नहीं होने से तीन प्रखंडों के किसानों में प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ भारी आक्रोश है। इस गंभीर समस्या को लेकर पोलपोल में किसानों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गुरुवार को पलामू उपायुक्त से मुलाकात कर शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू कराने की मांग की जाएगी। यदि इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होती है, तो किसान राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम करेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर 18 दिसंबर 2025 को पलामू उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया था। वर्ष 2026 में भी उपायुक्त, झारखंड के मुख्यमंत्री तथा जनप्रतिनिधियों को आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया है। बैठक के दौरान किसानों ने किसान एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई। बैठक में पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्जुन सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुशील कुमार सिंह, वरीय किसान हरि सिंह, मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह, मुखिया पति आनंद कुमार, लहलहे पंचायत के मुखिया पति संजय यादव, पंचायत समिति सदस्य पति सुभाष तिवारी, सरजा पंचायत के मुखिया पति आनंद कुमार, डॉ. रामेश्वर चौधरी, कमलेश पांडे, मोहम्मद टुनटुन सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## नगर परिषद की सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल, बरसात में सड़कों पर फैली गंदगी

झारखंड दर्शन संवाददाता



**गुमला।** नगर परिषद गुमला की सफाई व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। बरसात की पहली बारिश के बाद शहर की कई नालियां जाम हो गईं, जिससे गंदा पानी और कचरा मुख्य सड़कों पर फैल गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद सफाई व्यवस्था के बेहतर होने का प्रचार तो कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत दिखाई दे रही है। शहर में प्रतिदिन ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से लोगों से कचरा देने की अपील की जाती है, लेकिन कई स्थानों पर कूड़े के ढेर और गंदगी साफ नजर आ रही है। इससे नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। इधर नगर परिषद से संबंधित सामग्री की खरीद-फरोख्त में कथित अनियमितताओं को लेकर भी चचाओं का बाजार गर्म है। वार्ड संख्या-12 के निवासी दिलीप भगत ने इस मामले की जांच की मांग करते हुए एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल भी की थी। इसके बाद शहर में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेका आधारित सफाई व्यवस्था भी प्रभावी नहीं है। निजी सफाई कर्मियों को समय पर मजदूरी नहीं मिलने की शिकायतें सामने आती रही हैं। वार्ड संख्या-21 और 22 में सफाई का दायित्व मुख्य रूप से दो वृद्ध महिला सफाईकर्मियों–तेतरी उराइन और सोमारी उराइन–पर है। दोनों प्रतिदिन डीएसपी रोड से पालकोट रोड स्थित पेट्रोल पंप तक सफाई करती हैं तथा आवश्यकता पड़ने पर मुक्तिधाम (श्मशान घाट) सहित अन्य क्षेत्रों में भी सफाई कार्य करती हैं। सफाईकर्मियों ने बातचीत के दौरान अपनी कठिन परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों और कठिन मेहनत के बावजूद उन्हें अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाता। उन्होंने समय पर मजदूरी और बेहतर कार्य परिस्थितियों की मांग की।

## जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2026-27 का शुभारंभ, डीडीसी ने किया उद्घाटन



झारखंड दर्शन संवाददाता

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2026-27 का शुभारंभ गुरुवार को संत इग्नेशियुस उच्च विद्यालय, गुमला के जुबली स्टेडियम में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन ने दीप प्रज्वलित कर किया। बाद में उन्होंने फुटबॉल को किक मारकर प्रतियोगिता के पहले मैच का शुभारंभ कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीडीसी अनिमेष रंजन एवं विशिष्ट अतिथि नूर आलम खान का शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में डीडीसी ने खिलाड़ियों से अनुशासन, खेल भावना और टीम वर्क के साथ खेलने की अपील करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने जिले के सभी 12 प्रखंडों की प्रखंड स्तरीय विजेता टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता के मैच संत इग्नेशियुस उच्च विद्यालय के जुबली स्टेडियम एवं ग्राउंड-बी में आयोजित किए जा रहे हैं। पहले दिन अंडर-17 बालक वर्ग के मुकाबले खेले गए। 3 जुलाई को अंडर-17 बालिका वर्ग तथा 4 जुलाई को अंडर-15 बालक वर्ग के मैच आयोजित होंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यालयी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना, खिलाड़ियों में खेल भावना का विकास करना तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन करना है। इस अवसर पर एडीपीओ ज्योति खलखो, सहायक अभियंता शमशाद अली, एपीओ अमर प्रकाश टूटी, बीपीओ दिलदार सिंह, लाल चंद्र शेखरनाथ शहदेव सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बीट पुलिसिंग से हर वार्ड-पंचायत की समस्याओं का होगा समाधान : डीएसपी

झारखंड दर्शन संवाददाता




**हरिहरगंज।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भगत तेंदुआ गांव स्थित काली मंदिर परिसर में गुरुवार को पुलिस-पब्लिक चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की अध्यक्षता छतरपुर डीएसपी प्रशांत कुमार ने की, जबकि संचालन हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने किया। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर क्षेत्र की समस्याओं तथा उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। चौपाल को संबोधित करते हुए डीएसपी प्रशांत कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र की सभी पंचायतों तथा हरिहरगंज नगर पंचायत के प्रत्येक वार्ड में बीट पुलिसिंग व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत अलग-अलग पुलिस पदाधिकारियों को क्षेत्रवार जिम्मेदारी सौंपी गई है। संबंधित अधिकारी नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे, लोगों से संपर्क बनाए रखेंगे तथा छोटी-बड़ी समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण, बेहतर कानून-व्यवस्था और सुरक्षित समाज के निर्माण के लिए पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास तथा सहयोग सबसे महत्वपूर्ण है। चौपाल के दौरान सांसद प्रतिनिधि राजीव रंजन, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राजेश राम, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जानू चौधरी, उपाध्यक्ष सुशील कुमार रवि सहित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पुलिस से संबंधित विभिन्न जनसमस्याओं के त्वरित निष्पादन को लेकर अपने सुझाव रखे। पुलिस अधिकारियों ने सभी सुझावों पर गंभीरता से कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर पथरा पिकेट प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह, एसआई अविनाश कुमार, सुधांशु शेखर झा, कुमार सौरव, एएसआई अभय त्रिपाठी, रमेश कुमार रवि, मुखिया संदीप यादव, सनोज गुप्ता, जितेंद्र पासवान, समाजसेवी सत्येंद्र मेहता, अविनाश कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, वार्ड सदस्य पवन कुमार, बृजनंदन साव, महताब आलम, त्रिपुरारी राम, शंभू सिंह, कलीम शाह, आबिद हुसैन, राजेश शौंडीक, सत्येंद्र भुईयां, अखिलेश मेहता, विनोद पासवान, शीलू सिंह, रेशमा ठाकुर, परीखा पासवान, सेमरवार पंचायत की वार्ड सदस्य सुमित्रा देवी, अजय मेहता, मिथिलेश राम, शत्रुघन राम, अनीश कुमार, उपेंद्र यादव, मनोरमा देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रविवार को लगेगा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. के. रवि देंगे परामर्श

झारखंड दर्शन संवाददाता




**छतरपुर।** छतरपुर मुख्य पथ स्थित एचडीएफसी बैंक के समीप संचालित पलामू हॉस्पिटल द्वारा रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ० एस. के. रवि मुख्य चिकित्सक के रूप में उपस्थित रहेंगे और मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श प्रदान करेंगे। चिकित्सा शिविर में डॉ० मिथिलेश कुमार, डॉ० रागिनी रंजन सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम भी अपनी सेवाएं देगी। इसके अलावा लैब टेक्नीशियन, ईसीजी टेक्नीशियन तथा अनुभवी नर्सिंग स्टाफ की व्यवस्था की गई है, जिससे मरीजों को आवश्यक जांच एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। डॉ० मिथिलेश कुमार ने बताया कि जनसेवा की भावना से इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर, जरूरतमंद एवं दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि वे बिना किसी आर्थिक बोझ के उचित परामर्श और उपचार का लाभ उठा सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### डीपीएल सीजन-3: दिग्वेश राठी और अनुज रावत से सजी पुरानी दिल्ली-6 की टीम



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2026 के तीसरे सीजन के लिए पुरानी दिल्ली-6 ने बुधवार को हुए खिलाड़ी नीलामी के बाद अपनी 25 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम ने अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं का संतुलित संयोजन तैयार किया है। फ्रेंचाइजी ने भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की जगह ललित यादव को टीम में शामिल किया है। पंत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतिबद्धताओं के कारण डीपीएल के इस सीजन में उपलब्ध नहीं रहेंगे। पुरानी दिल्ली-6 की टीम में अनुज रावत, दिग्वेश राठी, देव लाकड़ा, पंकज जसवाल, समर्थ सेठ, राजनीश दादर और उधव मोहन जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। डीपीएल का तीसरा सीजन 31 जुलाई से 30 अगस्त तक खेला जाएगा। फ्रेंचाइजी के मालिक आकाश नांगिया ने कहा कि टीम ने अनुभव और युवा खिलाड़ियों का बेहतरीन मिश्रण तैयार किया है। उन्होंने एक आधिकारिक बयान में कहा, हम अपनी टीम से बेहद संतुष्ट हैं। हमारा लक्ष्य एक संतुलित और मजबूत टीम बनाना था और हमें विश्वास है कि यह टीम खिताब जीतने की क्षमता रखती है। मुख्य कोच विजय दहिया ने कहा कि नीलामी के दौरान ऐसे खिलाड़ियों का चयन किया गया है जो हर परिस्थिति में टीम के लिए योगदान दे सकें।

### टिलेमांस के दो गोल से बेल्जियम ने सेनेगल को हराया, अंतिम-16 में बनाई जगह



**सिएटल।** यूरी टिलेमांस के दो गोलों की बदौलत बेल्जियम ने फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ-32 मुकाबले में बुधवार को सेनेगल को 3-2 से हराकर रोमांचक अंदाज में अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया। मुकाबले में सेनेगल ने शानदार शुरुआत करते हुए हबीब डियारा और इस्माइला सार के गोलों की मदद से 2-0 की बढ़त बना ली। एक समय ऐसा लग रहा था कि सेनेगल आसानी से अगले दौर में पहुंच जाएगा। हालांकि, बेल्जियम ने अंतिम मिनटों में शानदार वापसी की। 86वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी रोमेलु लुकाकू ने गोल कर अंतर 2-1 किया। इसके बाद 89वें मिनट में यूरी टिलेमांस ने बराबरी का गोल दागकर मुकाबले को अतिरिक्त समय (एक्स्ट्रा टाइम) में पहुंचा दिया। अतिरिक्त समय के 117वें मिनट में वीएआर की मदद से बेल्जियम को पेनाल्टी मिली। रिप्ले में सेनेगल के लामिन कामारा द्वारा टिलेमांस पर बॉक्स के अंदर किए गए फाउल की पुष्टि हुई। पेनाल्टी लेने आए टिलेमांस ने बिना कोई गलती किए गेंद को गोल में पहुंचाया और बेल्जियम को 3-2 की यादगार जीत दिला दी। इस जीत के साथ बेल्जियम ने फीफा विश्व कप 2026 के अंतिम-16 में जगह बना ली। अंतिम-16 में अब बेल्जियम का मुकाबला अमेरिका से होगा।

### यामल पूरी तरह फिट, नॉकआउट मुकाबलों में पूरे 90 मिनट खेलने को तैयार : लुइस डे ला फुएंते



**इंगलवुड (कैलिफोर्निया)।** स्पेन के मुख्य कोच लुइस डे ला फुएंते ने बुधवार को कहा है कि युवा स्टार लामिन यामल अब पूरी तरह फिट हैं और फीफा विश्व कप 2026 के नॉकआउट मुकाबलों में जरूरत पड़ने पर पूरे 90 मिनट खेलने के लिए तैयार हैं। 18 वर्षीय बार्सिलोना विंगर हैमस्ट्रिंग चोट से उबरने के बाद विश्व कप के ग्रुप चरण में केवल 141 मिनट ही खेल सके और तीन मैचों में सिर्फ एक गोल किया। उनकी फिटनेस को ध्यान में रखते हुए स्पेन टीम प्रबंधन ने उनके खेलने के समय को सीमित रखा था। ऑस्ट्रिया के खिलाफ राउंड ऑफ-32 मुकाबले से पहले पत्रकारों से बातचीत में डे ला फुएंते ने कहा कि यामल अब पूरी तरह स्वस्थ हैं।उन्होंने कहा, लामिन जितना समय हम चाहेंगे, उतना खेलने के लिए तैयार हैं। हमने उनकी रिकवरी को लेकर सावधानी बरती थी, लेकिन अब वह पूरी तरह फिट हैं।

# विंबलडन: जोकोविच ने सितसिपास को सीधे सेटों में हराकर तीसरे दौर में बनाई जगह

▸▸ **सर्बियाई दिग्गज ने शुरू से अंत तक मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा**



एजेंसी

**लंदन।** सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने बुधवार को विंबलडन 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरे दौर में ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को सीधे सेटों में 6-3, 6-4, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

सेंटर कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में 39 वर्षीय सर्बियाई दिग्गज ने शुरू से अंत तक मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा। लगभग दो घंटे तक चले इस मुकाबले में जोकोविच ने अनुभव और सटीक खेल का शानदार प्रदर्शन किया।

दूसरे सेट के आठवें गेम में सितसिपास के पास ब्रेक प्वाइंट बचाने का शानदार मौका था, लेकिन उन्होंने लगातार दो आसान स्मैश बाहर मार दिए। जोकोविच ने इस गलती का पूरा फायदा उठाते हुए सर्विस ब्रेक किया और इसके बाद सितसिपास की वापसी की उम्मीद पूरी तरह खत्म हो गई।

इस जीत के साथ जोकोविच ने सितसिपास के खिलाफ लगातार 12वीं जीत दर्ज की। अब तीसरे दौर में उनका मुकाबला 25वीं वरीयता प्राप्त फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच से होगा। जोकोविच आठवां विंबलडन खिताब और रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने की दौड़ में बने हुए हैं। जीत के बाद जोकोविच ने कहा, जब आप इस तरह का टेनिस खेलते हैं तो कोर्ट पर बेहद खुशी और संतुष्टि महसूस होती है। विंबलडन के सेंटर कोर्ट पर खेलना हमेशा मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं इन पलों को कभी हल्के में नहीं लेता। उन्होंने आगे कहा,उम्र सिर्फ एक संख्या है। 30 वर्ष से अधिक की उम्र में भी इस कोर्ट पर उतरना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

वहीं, सितसिपास के लिए यह हार एक और बड़ा झटका साबित हुई। विश्व रैंकिंग में 87वें स्थान पर खिसक चुके ग्रीक खिलाड़ी हाल ही में अपने कोच और पिता अपोस्टोलोस सितसिपास से अलग हुए हैं और लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं।

इस जीत के साथ जोकोविच विंबलडन में 104वीं जीत दर्ज कर चुके हैं और अब वह रोजर फे-डरर के पुरुष वर्ग में सर्वाधिक 105 जीत के रिकॉर्ड की बराबरी से सिर्फ एक जीत दूर हैं।

## फीफा विश्व कप 2026: इंग्लैंड ने डीआर कांगो को हराया, प्री-क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी

**अटलांटा।** कप्तान हैरी केन के शानदार दो गोलों की बदौलत इंग्लैंड ने फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ-32 मुकाबले में बुधवार को डीआर कांगो को 2-1 से हराकर अंतिम-16 (प्री-क्वार्टर फाइनल) में जगह बना ली। हालांकि टूर्नामेंट की मजबूत दावेदार मानी जा रही इंग्लैंड की टीम को इस जीत के लिए आखिरी मिनटों तक कड़ा संघर्ष करना पड़ा।

डीआर कांगो ने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की और 17वें मिनट में बढ़त हासिल कर सभी को चौंका दिया। दाईं ओर से आए क्रॉस पर इंग्लैंड के डिफेंडर डेजेड स्पेंस गेंद का सही आकलन नहीं कर सके, जिसका फायदा उठाते हुए ब्रायन सिपेंगा ने नजदीक से शानदार फिनिश कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।

गोल खाने के बाद इंग्लैंड ने लगातार हमले किए, लेकिन डीआर कांगो के गोलकीपर लियोनेल म्पासी ने कई बेहतरीन बचाव कर



टीम की बढ़त बरकरार रखी। पहले हाफ में जूड बेलिंघम का हेडर और मार्कस रैशफोर्ड का करीबी प्रयास भी म्पासी और डिफेंस ने विफल कर दिया।

दूसरे हाफ में इंग्लैंड ने दबाव बढ़ाया और आखिरकार 75वें मिनट में कप्तान हैरी केन ने एंथनी गॉर्डन के शानदार क्रॉस पर हेडर लगाकर स्कोर 1-1 कर दिया।

बराबरी का गोल करने के बाद इंग्लैंड ने जीत की तलाश जारी रखी और 85वें मिनट में एक बार फिर केन ने अपनी कप्तानी पारी खेली। उन्होंने एक्सेल तुआनजेबे को छकाते हुए दाएं पैर से जोरदार शॉट लगाया, जो सीधे गोलपोस्ट की छत में जाकर लगा और इंग्लैंड को 2-1 की निर्णायक बढ़त दिला दी।

अंतिम मिनटों में डीआर कांगो बराबरी नहीं कर सका और इंग्लैंड ने संघर्षपूर्ण जीत दर्ज कर अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया।

हालांकि हार के बावजूद डीआर कांगो ने शानदार प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया और टूनामेंट की मजबूत टीम इंग्लैंड को अंत तक कड़ी चुनौती दी।

## अमेरिका ने बोस्निया को हराया



एजेंसी

**सैन फ्रांसिस्को।** दस खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए अमेरिका ने बुधवार को बोस्निया और हजेर्गोविना को 2-0 से हराकर फीफा विश्व कप 2026 के अंतिम-16 (राउंड ऑफ-16) में प्रवेश कर लिया। अमेरिका ने पहले हाफ के अंतिम क्षणों में बढ़त हासिल की। फोलारिन बालोगुन ने बॉक्स में मिले मौके का शानदार फायदा उठाते हुए गेंद को गोल में पहुंचाकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि दूसरे हाफ में अमेरिका को बड़ा झटका लगा। 64वें मिनट में बालोगुन को बोस्निया के खिलाड़ी तारिक मुहरेमोविच पर खतरनाक टैकल करने के कारण रेड कार्ड दिखाया गया, जिसके बाद अमेरिका को शेष मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। एक खिलाड़ी कम होने के बावजूद अमेरिका ने बेहतरीन संयम दिखाया और 82वें मिनट में मालिक टिलमैन ने बॉक्स के बाहर से शानदार फ्री-किक पर गोल दागकर टीम की बढ़त 2-0 कर दी।

## डब्ल्यूबीबीएल 2026 का आगाज 29 अक्टूबर से
## जंक्शन ओवल में होगा डबल-हेडर मुकाबला

एजेंसी

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2026-27 का कार्यक्रम जारी कर दिया है। टूर्नामेंट का आगाज 29 अक्टूबर को मेलबर्न के जंक्शन ओवल में डबल-हेडर मुकाबलों के साथ होगा।

इस 12वें सीजन में कुल 43 मैच 38 दिनों के भीतर खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में इस बार गुरुवार से रविवार के बीच अधिक मुकाबले रखे गए हैं, जिससे दर्शकों की भागीदारी बढ़ाने की कोशिश की गई है।

**पहली बार फ्लडलाइट में होगा टी-20 मुकाबला**

जंक्शन ओवल में पहली बार फ्लडलाइट्स की रोशनी में टी-20 मैच खेला जाएगा। स्टेडियम में



लाइट्स लगाने का कार्य पिछले वर्ष दिसंबर में शुरू हुआ था, जिसे अगस्त 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा।

**14 डबल-हेडर मुकाबले**

पूरे टूर्नामेंट में 14 डबल-हेडर मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। वहीं, मेलबर्न डर्बी और सिडनी स्मैश जैसे बड़े मुकाबले 28 नवंबर को लीग चरण के अंतिम दौर में खेले जाएंगे। इसके अलावा हैलोवीन और मेलबर्न कप ईव पर भी विशेष मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

**नॉकआउट चरण का कार्यक्रम**

**नॉकआउट मैच:** 1 दिसंबर (तीसरे और चौथे स्थान की टीमों के बीच)

**चैलेंजर मैच:** नॉकआउट विजेता बनाम दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम

इसके बाद फाइनल खेला जाएगा।

**विदेश में उद्घाटन कराने की फिलहाल कोई योजना नहीं**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एग्जीक्यूटिव जनरल मैनेजर (बिग बैश लीग्स) एलिस्टेयर डॉब्सन ने स्पष्ट किया कि फिलहाल डब्ल्यूबीबीएल का उद्घाटन ऑस्ट्रेलिया के बाहर कराने पर विचार नहीं किया गया है।

## बारिश के कारण भारत–इंग्लैंड पहला टी20 मैच रद्द
## अभिषेक और श्रेयस के अर्धशतक बेकार

एजेंसी

**चेस्टर-ले-स्ट्रीट ।** भारत और इंग्लैंड के बीच बुधवार को खेला गया पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला बारिश के कारण बेनतीजा रहा। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 189 रन बनाए, लेकिन लगातार बारिश के चलते इंग्लैंड की पारी शुरू ही नहीं हो सकी।

भारत की ओर से अभिषेक शर्मा ने 24 गेंदों पर 59 रन की तूफानी पारी खेली, जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर ने 47 गेंदों में 68 रन बनाए। अंत में शिवम दुबे ने 21 गेंदों पर नाबाद 42 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

भारत की शुरूआत खराब रही। संजू सैमसन (1) और ईशान किशन (0) जल्दी आउट हो गए, लेकिन अभिषेक शर्मा ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने महज 20 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर इंग्लैंड के खिलाफ किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज टी20 अर्धशतक बनाया।

अभिषेक के आउट होने के बाद श्रेयस अय्यर ने जिम्मेदारी संभाली और कप्तान के रूप में अपना



पहला टी20 अर्धशतक लगाया। शिवम दुबे ने अंतिम ओवरों में तेज बल्लेबाजी करते हुए भारत को 189 रन तक पहुंचाया।

## व्यापार

### सीएसएम टेक्नोलॉजीज के शेयरों ने निवेशकों को दिया झटका, फ्लैट लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईटी सॉल्यूशन प्रोवाइडर सीएसएम टेक्नोलॉजीज के शेयरों ने स्टॉक मार्केट में फ्लैट एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 113 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी उतार चढ़ाव के 113 रुपये के स्तर पर ही हुई। लिस्टिंग होने के कुछ देर बाद ही बिकवाली के दबाव की वजह से ये शेयर गिर कर 107.35 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक गिर गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 5.65 रुपये यानी पांच प्रतिशत का नुकसान हो गया।

सीएसएम टेक्नोलॉजीज का 145.78 करोड़ रुपये का आईपीओ 24 से 29 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.37 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.02 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.54 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.63 गुना सब्सक्राइब हो सका था। जबकि एंप्लॉयीज के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.82 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 1,29,01,000 नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी पुराने कर्ज के बोझ को कम करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी।

सीएसएम टेक्नोलॉजीज की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत में उतार चढ़ाव होता रहा है।

### कोच्चि में सीफूड एक्सपो भारत के दौरान राष्ट्रीय कौशल ओलंपियाड के दूसरे संस्करण का समापन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** समुद्री खाद्य मूल्य संवर्धन पर राष्ट्रीय कौशल ओलंपियाड के दूसरे संस्करण का समापन केरल के कोच्चि में बुधवार को सीफूड एक्सपो भारत 2026 के दौरान हुआ। समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विदेशी बाजारों के लिए मूल्यवर्धित समुद्री खाद्य उत्पाद तैयार करने में दस प्रशिक्षित समुद्री खाद्य प्रसंस्करण पेशेवरों के कौशल का प्रदर्शन किया गया।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि राष्ट्रीय समुद्री खाद्य मूल्य संवर्धन कौशल ओलंपियाड के दूसरे संस्करण का भव्य फाइनल सीफूड एक्सपो भारत 2026 के दौरान कोच्चि में बुधवार को आयोजित किया गया। एमपीईडीए की इस पहल में समुद्री खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के 10 प्रशिक्षित पेशेवरों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने मूल्य संवर्धित समुद्री खाद्य उत्पादों को तैयार करने में अपनी पाक-कला और तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले वाले फाइनल में आंध्र प्रदेश के काकीनाडा स्थित देवी फिशरीज लिमिटेड के पी. सूर्य भास्कर विजेता के रूप में उभरे। मंत्रालय के मुताबिक तमिलनाडु के तूतीकोरिन स्थित



थेवा एंड कंपनी के मुथु कुमारन ने इसमें दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित एसएस सीफूड्स प्राइवेट लिमिटेड की सागरिका सरदार तथा ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित सबरी फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की बारासरानी जेना ने क्रमशः तीसरा और चौथा स्थान हासिल किया।

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि विजेता को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 75 हजार रुपये और 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। चौथे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 25,000 रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। मंत्रालय के मुताबिक कार्यक्रम से पहले एमपीईडीए ने भारत के पूर्वी और पश्चिमी तटों पर समुद्री खाद्य मूल्य संवर्धन से संबंधित 50 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए।

### टीवीएस मोटर की जून महीने में बिक्री 47 फीसदी बढ़कर हुई 5.90 लाख इकाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की तीसरी सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निमार्ता टीवीएस मोटर कंपनी की जून में कुल बिक्री सालाना आधार पर 47 फीसदी बढ़कर 5,90,003 इकाई हो गई। पिछले वर्ष इसी महीने यह 4,02,001 इकाई रही थी।

टीवीएस मोटर ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि मोपेड सहित कुल दोपहिया वाहन की बिक्री 47 फीसदी बढ़कर 5,65,417 इकाई रही, जो जून, 2025 में 3,85,698 इकाई रही थी। घरेलू दोपहिया वाहन बिक्री जून में 46 फीसदी बढ़कर 4,11,014 इकाई रही, जबकि जून, 2025 में यह 2,81,012 इकाई थी। कंपनी ने कहा कि जून महीने में मोटरसाइकिलों की बिक्री सालाना आधार पर 1,88,774 इकाई से 42 फीसदी बढ़कर 2,67,096 इकाई रही। स्कूटरों की बिक्री 53 फीसदी बढ़कर 2,47,950 इकाई हो गई, जबकि जून, 2025 में यह 1,62,291 इकाई थी। वाहन विनिमार्ता कंपनी ने बताया कि उसके इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री तीगुना होकर जून में 48,537 इकाई हो गई, जो जून 2025 में 14,400 इकाई थी।

कंपनी ने जून के दौरान 24,586 तिपहिया वाहन भी बेचे। इसी दौरान अंतरराष्ट्रीय कारोबार से कुल बिक्री 47 फीसदी बढ़कर 1,72,355 इकाई रही, जबकि जून, 2025 में यह 1,17,145 इकाई थी। कंपनी की अंतरराष्ट्रीय दोपहिया वाहन बिक्री भी 48 फीसदी बढ़कर 1,54,403 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष इसी महीने में 1,04,686 इकाई थी। टीवीएस मोटर ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 16.31 लाख इकाई की अब तक की सर्वाधिक तिमाही बिक्री दर्ज की है।

# बंगाल में घुसपैठ रोकने को केंद्रीय गृह मंत्रालय संग काम करेगी राज्य सरकार

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में अवैध घुसपैठ और जनसांख्यिकीय बदलाव के मुद्दे पर राज्य सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए कई महत्वपूर्ण कदम उठाने का दावा किया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि जुलाई को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्रालय के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। इस बैठक में राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे और मुख्यमंत्री स्वयं भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री के दिशा-निर्देशों के अनुरूप केंद्र और राज्य मिलकर इस मुद्दे पर संयुक्त रूप से कार्य करेंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले चरण का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है।



उनके अनुसार, पिछले 45 दिनों में सीमा सुरक्षा बल को आवश्यक भूमि हस्तांतरित की गई है तथा 12 स्थानों पर होल्डिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

इन केंद्रों के माध्यम से अब तक लगभग 10 हजार घुसपैठियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत वापस भेजा गया है, जबकि वर्तमान में करीब डेढ़ हजार लोग इन होल्डिंग स्टेशनों में मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों के थाने सीमा सुरक्षा बल के सहयोग से कथित घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें जेल भेजने के बजाय सीधे होल्डिंग स्टेशनों में भेज रहे हैं, जहां से निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। मतदाता सूची से हटाए गए नामों की भी समीक्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि एक अगस्त से डिजिटल माध्यम से जातिगत जनगणना प्रारंभ होगी, जिसका अंतिम परिणाम 28 फरवरी, 2027 की मध्यरात्रि को जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस जनगणना में स्व-घोषणा की व्यवस्था भी रहेगी। उनका दावा है कि वास्तविक आंकड़े सामने आने के बाद कथित अवैध घुसपैठ पर और अधिक प्रभावी कार्रवाई संभव होगी तथा पूरी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

इस बीच, जनसांख्यिकीय बदलाव के अध्ययन के लिए केंद्र सरकार द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति भी शीघ्र पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों का दौरा करेगी।

दौरे से पहले बुधवार को समिति के सदस्यों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की है। सूत्रों के अनुसार, राज्य सरकार, प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से जानकारी जुटाने के लिए विस्तृत प्रश्नावली तैयार की जा चुकी है।

समिति विभिन्न राज्यों में जनसांख्यिकीय बदलाव, कथित अवैध घुसपैठ तथा उसके सामाजिक और आर्थिक प्रभावों का आकलन करेगी।

गौरतलब है कि, पश्चिम बंगाल में अवैध घुसपैठ और जनसांख्यिकीय बदलाव का मुद्दा लंबे समय से राजनीतिक बहस का केंद्र रहा है। हाल के विधानसभा चुनाव में भी यह प्रमुख चुनावी मुद्दों में शामिल था। ऐसे में नई सरकार के कार्यकाल में उच्चस्तरीय समिति का प्रस्तावित दौरा और केंद्र-राज्य की संयुक्त बैठक राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ सिलीगुड़ी नगर निगम का अभियान

एजेंसी

**सिलीगुड़ी।** सिलीगुड़ी नगर निगम ने शहर में अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ गुरुवार से कड़ा अभियान शुरू कर दिया है। शहर के विभिन्न दुकानों, शॉपिंग मॉल और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सामने सड़क और फुटपाथ पर कब्जा कर बिना अनुमति लगाए गए कई होर्डिंग्स को हटाया जा रहा है। इन अवैध होर्डिंग्स के कारण एक ओर जहां आम लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही थी, वहीं नगर निगम को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान भी उठाना पड़ रहा था।गुरुवार को सिलीगुड़ी के सेवक रोड पर विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें कई बड़े अवैध होर्डिंग्स को हटाया गया।

निगम के कर्मचारियों ने गैस कटर की मदद से लोहे के बड़े-बड़े ढांचों को काटकर हटाया।

नगर निगम के सूत्रों के अनुसार, बिना अनुमति सड़क या फुटपाथ पर किसी भी प्रकार का विज्ञापन या साइन बोर्ड लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह अभियान केवल सेवक रोड तक सीमित नहीं रहेगा। आने वाले दिनों में सिलीगुड़ी के अन्य इलाकों में भी लगातार इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।



## संक्षिप्त खबरें

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर जिला सम्मेलन तीन जुलाई को, तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



**सिवान।** भारतीय जनता पार्टी सिवान पूर्वी जिला इकाई की बैठक गुरुवार को बसंतपुर स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला सम्मेलन एवं डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 3 जुलाई को गोरियाकोठी के भाजपा विधायक देवेश कांत सिंह के आवास पर जिला सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं मधुबन के विधायक राणा रणधीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद ने कहा कि डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी जिला पदाधिकारियों, जिला मंच, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, मंडल पदाधिकारियों तथा पंचायत अध्यक्षों से सम्मेलन में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

बैठक में जिला महामंत्री प्रमोद कुमार तिवारी एवं अवधेश पांडेय, वरीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, सुजीत पांडेय, जिला प्रवक्ता दिलीप कुमार सिंह, रामेश्वर मांझी, लीलावती गिरी, विनय गिरि, अखिलानंद सिंह, अमिताभ कुमार, रोहित श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष गिरिश देव सिंह, दिवाकर दूबे, राजेंद्र चौरसिया, कुबेर प्रसाद, सत्येंद्र सिंह, नीरज सिंह, शक्ति शरण सिंह, व्यास शाही, उमेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सम्मान और भावनाओं के बीच विद्यालय के परिचारी मनकेश्वर पांडे को दी गई विदाई



**सीवान।** महराजगंज अनुमंडल मुख्यालय स्थित उमाशंकर प्रसाद हाई स्कूल इंटर कॉलेज में विद्यालय के परिचारी मनकेश्वर पांडेय के सेवानिवृत्त होने पर गुरुवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार सिंह ने की। समारोह के दौरान विद्यालय परिवार ने श्री पांडेय को अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित करते हुए उनके दीर्घकालीन योगदान की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के दाता सदस्य इंजीनियर प्रमोद रंजन ने कहा कि मनकेश्वर पांडेय ने विद्यालय को सजाने-संवारने और उसकी गरिमा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने हमेशा विद्यालय को अपने घर की तरह समझकर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा की। उनकी कमी विद्यालय परिवार को सदैव महसूस होगी। प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मनकेश्वर पांडे ने अपने पूरे सेवाकाल में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। वे विद्यालय को अपने परिवार की तरह मानते थे। उनके सेवानिवृत्त होने से विद्यालय में एक खालीपन का एहसास हो रहा है।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दीनानाथ पांडेय ने किया। समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी तथा अन्य विद्यालयों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पमालाएं पहनाकर और शुभकामनाएं देकर मनकेश्वर पांडे को भावभीनी विदाई दी। अपने विदाई संबोधन में मनकेश्वर पांडे ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय से उनका जो आत्मीय संबंध वर्षों में बना है, वह आजीवन बना रहेगा। उन्होंने सभी के स्नेह, सहयोग और सम्मान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नालंदा में 22 हजार रिश्वत लेते लिपिक गिरफ्तार

**नालंदा।** जिले के हिलसा अनुमंडल कार्यालय में बुधवार की देर शाम निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रधान सहायक (प्रधान लिपिक) को 22 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई के दौरान उनके एक सहयोगी सुनील चौधरी को भी हिरासत में लिया गया है। दोनों को पूछताछ के लिए पटना ले जाया गया है।निगरानी डीएसपी संजय कुमार ने बताया कि हिलसा निवासी दिलीप नारायण सिंह ने 19 जून को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि एक मामले के निपटारे के लिए प्रधान सहायक द्वारा 22 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत प्राप्त होने के बाद निगरानी ब्यूरो ने मामले का सत्यापन कराया, जिसमें आरोप सही पाए गए।जांच के बाद विशेष धावा दल का गठन किया गया। पूर्व निर्धारित योजना के तहत शिकायतकर्ता को रिश्वत की राशि देने के लिए भेजा गया।

## फूलबाड़ी में 125 दिन के रोजगार कार्य की शुरुआत, ग्रामीणों में खुशी



एजेंसी

**जलपाईगुड़ी।** करीब चार वर्षों के लंबे इंतजार के बाद फूलबाड़ी में ग्रामीण रोजगार का काम एक बार फिर शुरू हो गया है। केंद्र की ग्रामीण रोजगार योजना ह्यविकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) के तहत 125 दिन के काम की गुरुवार से औपचारिक शुरूआत की गई। गौरतलब है कि इस योजना को पहले 100 दिन का काम या मनरेगा के नाम से जाना जाता था। हाल ही में इसका नाम बदलकर ह्यविकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) कर दिया गया है। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार ने 125 दिन का काम जल्द शुरू करने का वादा किया था, जिसे सरकार गठन के करीब दो महीने के भीतर पूरा कर दिया गया है। इससे ग्रामीण मजदूरों में उम्मीद जगी है और इलाके में खुशी का माहौल है। गुरुवार को फूलबाड़ी एक नंबर ग्राम पंचायत क्षेत्र से इस परियोजना की औपचारिक शुरूआत हुई। दुलाल मुखर्जी के घर से संजय कर्मकार के घर तक कम्युनिटी ड्रेन निर्माण का कार्य शुरू किया गया है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 95 हजार 665 रुपये तय की गई है।

### तृणमूल के तीन बैंक खातों पर रोक मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट सख्त

# बैंक से हलफनामा और पुलिस से जांच रिपोर्ट तलब

एजेंसी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के तीन बैंक खातों पर लगाए गए डेबिट प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को निजी बैंक और पुलिस को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की एकल पीठ ने संबंधित बैंक को खातों का पूरा विवरण देते हुए विस्तृत हलफनामा दाखिल करने तथा पुलिस को मामले की जांच की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। हालांकि अदालत ने फिलहाल तृणमूल कांग्रेस की डेबिट प्रतिबंध हटाने की मांग पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही तीनों खातों से धन निकासी पर लगी रोक अगले आदेश तक जारी रहेगी।



अदालत ने बैंक और पुलिस, दोनों को सात जुलाई तक अपना-अपना हलफनामा और जांच रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

गौरतलब है कि इसी महीने पुलिस के निर्देश पर संबंधित निजी बैंक ने तृणमूल कांग्रेस के तीन बैंक खातों पर डेबिट प्रतिबंध लगा दिया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई दो घटनाक्रमों के बाद की गई। पहले, तृणमूल के पूर्व कोषाध्यक्ष और पूर्व मंत्री अरूप विश्वास, जो वर्तमान में पार्टी से निष्कासित ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले ₹विद्रोही लेकिन बहुमत वाले गुट₹ से जुड़े बताए जाते हैं, ने बैंक को पत्र लिखकर निधियों के कथित दुरुपयोग की आशंका जताते हुए तीनों खातों को फ्रीज करने का अनुरोध किया था। इसके बाद इसी गुट के कुछ तृणमूल विधायकों ने भी पुलिस से यही मांग की। शिकायतों के आधार पर पुलिस ने बैंक को खातों पर डेबिट प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। बताया जा रहा है कि इन तीनों खातों में लगभग 440 करोड़ रुपये जमा हैं।

इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल गुट ने बैंक खातों को फ्रीज किए जाने के फैसले को कलकत्ता उच्च न्यायालय में चुनौती दी।

गुरुवार को मामले की विस्तृत सुनवाई के बाद न्यायालय ने बैंक को खातों से संबंधित सभी विवरण हलफनामे के माध्यम से प्रस्तुत करने तथा पुलिस को जांच की प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

## मछली हाट में गंदगी का अंबार, दुर्गंध से लोग परेशान, नगर परिषद ने जांच और कार्रवाई का दिया भरोसा

एजेंसी

**सुपौल।** जिले के त्रिवेणीगंज नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत मेला ग्राउंड स्थित मुख्य मछली हाट में इन दिनों साफ-सफाई की बदहाल व्यवस्था लोगों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। हाट परिसर और उसके आसपास दुकानदारों द्वारा मांस, मछली और मुर्गे के अवशेष खुले में फेंके जाने से पूरा इलाका गंदगी के ढेर में तब्दील हो गया है। उचित डंपिंग यार्ड की व्यवस्था नहीं होने से उठने वाली असहनीय दुर्गंध ने स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, मछली हाट के ठीक बगल से होकर मचहा-कुशहा को जोड़ने वाली मुख्य पक्की सड़क गुजरती है, जो सीधे मधेपुरा जिले की सीमा तक जाती है।

इस अंतरजिला मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोग और वाहन चालक गुजरते हैं, लेकिन सड़ांध और गंदगी के कारण उन्हें नाक बंद कर सफर करना पड़ रहा है। मछली हाट से कुछ ही दूरी पर स्थित अनुग्रहनारायण सिंह अनुपलाल (एएल) महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को भी इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। रोजाना सैकड़ों विद्यार्थी और शिक्षक इसी रास्ते से गुजरते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बढ़ गई है। तेज धूप और उमस भरी गर्मी के कारण खुले में फेंके गए मांस और अन्य जैविक अवशेष कुछ ही घंटों में सड़ जाते हैं। इससे इलाके में मक्खियों और आवारा पशुओं का जमावड़ा बढ़ गया है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा भी उत्पन्न हो गया है।हाट में आने वाले लोगों का आरोप है कि नगर परिषद की ओर से न तो बड़े सामुदायिक डस्टबिन उपलब्ध कराए गए हैं और न ही समय पर कचरा उठाने वाली गाड़ियां पहुंचती हैं। खुले में पशु वध किए जाने और उनके खून व अपशिष्टों को नालियों में बहाए जाने से स्थिति और भी बदतर हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महीनों से हाट परिसर में ब्लीचिंग पाउडर या एंटी-बैक्टीरियल दवाओं का छिड़काव भी नहीं किया गया है।



# 350 बच्चों का स्कूल, शौचालय सिर्फ एक, खुले में शौच को मजबूर बच्चे

एजेंसी

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के कहलगांव प्रखंड की एकचारी पंचायत स्थित मध्य विद्यालय रसलपुर की तस्वीर सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं के दावों की पोल खोल रही है। करीब 350 बच्चों वाले इस विद्यालय में आज भी छात्र-छात्राएं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा के लिए तरस रहे हैं। हालत यह है कि तीन शौचालय पूरी तरह ध्वस्त हो चुके हैं, जबकि बचा हुआ एक शौचालय भी सुरक्षित नहीं है। मजबूरी में लड़कों को सड़क पार कर खुले में शौच जाना पड़ता है, जिससे हर दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है। विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक की पढ़ाई होती है। कभी यहां चार शौचालय बने थे, लेकिन चारदीवारी नहीं होने के कारण असामाजिक तत्वों और आसपास के लोगों ने इसे क्षतिग्रस्त कर दिया। अब पूरा स्कूल केवल एक असुरक्षित शौचालय के भरोसे चल रहा है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से छात्राएं और महिला शिक्षिकाएं करती हैं। विद्यालय के शिक्षक भागीरथ पंडित ने बताया कि लड़कों के लिए शौचालय नहीं होने के कारण वे खुले में जाने को मजबूर हैं। कई छात्र शौचालय जाने के बहाने घर चले जाते हैं और देर तक वापस नहीं लौटते। कई बार सड़क पार करते समय बच्चे दुर्घटनाओं का शिकार भी हो चुके हैं।



उन्होंने कहा कि यदि विद्यालय में चारदीवारी होती तो सरकारी संपत्ति सुरक्षित रहती और यह स्थिति पैदा नहीं होती। आठवीं की छात्रा आयुषी कुमारी ने बताया कि स्कूल में बच्चों की संख्या अधिक है, लेकिन उपयोग योग्य शौचालय लगभग नहीं के बराबर है। जो शौचालय है, वहां पानी की भी समस्या है और वह विद्यालय के पिछले हिस्से में स्थित है, जहां से खेत शुरू हो जाते हैं।

## पारदर्शिता, तकनीक और भरोसा से बनेगा भ्रष्टाचार मुक्त बिहार: मुख्यमंत्री

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी ने आज बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस एवं बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को विकसित बनाने के लिये लगातार काम कर रहे हैं। उसे आगे बढ़ाने में हमलोग लगे हैं। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, तकनीक और भरोसा से बिहार भ्रष्टाचार मुक्त बनेगा और इससे सुशासन को भी नई मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, स्पेशल विजिलेंस यूनिट तथा आर्थिक अपराध इकाई सीधे कार्रवाई करे। भ्रष्टाचार करनेवाले



लोगों को चिन्हित कर बिहार सरकार उनके जब्त किए गए परिसरों में विद्यालय संचालित करेगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त मंत्रियों, विधायकों तथा शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारियों के विरुद्ध हमारी सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। गरीबों को न्याय दिलाना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से ह्यसहयोग शिविरह्ण कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय के साथ विकास तभी संभव है, जब सरकार की नीतियों एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी गड़बड़ी के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि शॉर्टकट की संस्कृति छोड़कर ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा अपनाना होगा।

विद्यालयों में भ्रष्टाचार विरोधी जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार के सभी 9 प्रमंडलों में विशेष निगरानी न्यायालय (स्पेशल विजिलेंस कोर्ट) की स्थापना की जाएगी, ताकि भ्रष्टाचार के मामलों का त्वरित निस्तारण हो तथा दोषियों को शीघ्र दंड मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में अपराध एवं आर्थिक अपराध से जुड़े मामलों में सरकारी गवाहों को यदि गवाही देने के लिए कहीं जाना पड़े, तो उन्हें परिवहन भत्ता उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को ध्यान में रखते हुए बिहार के प्रत्येक जिले में निगरानी थाना तथा सभी अनुमंडलों में निगरानी ओपी स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार की आर्थिक अपराध इकाई एवं निगरानी अन्वेषण ब्यूरो अपने साथ विशेषज्ञ व्यक्तियों को जोड़ते हुए ऐसी आधुनिक एवं स्मार्ट कार्यप्रणाली विकसित करे कि विशेष परिस्थिति में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भी इनके सहयोग की आवश्यकता महसूस हो।


## सीवान में ओपन आरटी-पीसीआर परियोजना शुरू, अब बिना लक्षण वाले लोगों की भी होगी टीबी जांच

एजेंसी

**सीवान।** देश से क्षय रोग के उन्मूलन की दिशा में सीवान सदर अस्पताल ने नई पहल शुरू की है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय टीबी प्रभाग के निर्देश पर गुरुवार को सदर अस्पताल के आरटी-पीसीआर लैब में ओपन आरटी-पीसीआर परियोजना का शुभारंभ किया गया। सात सदस्यीय विशेषज्ञ टीम ने लैब कर्मियों को क्वांटिप्लस एमटीबी फास्ट डिटेक्शन किट से टीबी जांच का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के बाद बलगम के नमूनों की ट्रायल जांच कर परियोजना की शुरूआत की गई। परियोजना के तहत अब ऐसे लोगों की भी टीबी जांच की जाएगी, जिनमें बीमारी के कोई स्पष्ट लक्षण नहीं हैं। इनके स्पुटम का मॉलिक्यूलर परीक्षण कर शुरूआती चरण में ही संक्रमण की पहचान की जाएगी, ताकि समय पर इलाज शुरू कर संक्रमण की श्रृंखला को रोका जा सके। केंद्रीय टीबी प्रभाग के प्रोग्राम मैनेजर वरुण श्रीवास्तव ने बताया कि इस परियोजना के तहत असिम्प्टोमैटिक लेकिन टीबी के प्रति अधिक संवेदनशील लोगों के नमूने लिए जाएंगे। इनमें मधुमेह, किडनी रोग, एचआईवी, उच्च रक्तचाप तथा अन्य गंभीर सह-रोगों से पीड़ित व्यक्ति शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के तुरंत बाद जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि यह परिचालन व्यवहार्यता अध्ययन केंद्रीय टीबी प्रभाग के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### ओम बिरला बंगाल के विधायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज करेंगे उद्घाटन



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तीन जुलाई (शुक्रवार) को कोलकाता में पश्चिम बंगाल विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। लोकसभा सचिवालय के अनुसार इस दो दिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य नए विधायकों को विधायी और संसदीय कार्यप्रणाली की बारीकियों से परिचित कराना है। इस मौके पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेन्दु अधिकारी, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, विधानसभा अध्यक्ष रथीन्द्र बोस, राज्य के संसदीय कार्य मंत्री डॉ. शंकर घोष और विधानसभा में विपक्ष के नेता ऋतब्रत बनर्जी सहित कई गणमान्य जन मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसमें देशभर के वरिष्ठ संसदीय विशेषज्ञ, सांसद और विभिन्न राज्यों के पीठासीन अधिकारी नए सदस्यों का मार्गदर्शन करेंगे। इन सत्रों में कई प्रमुख विषयों पर चर्चा होगी।

### खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होने खरगे की जगह सलमान खुर्शीद जाएंगे ईरान

**नई दिल्ली।** पूर्व विदेश मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे स्वयं कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पा रहे हैं, इसलिए उन्होंने उन्हें आधिकारिक रूप से नामित किया है। कांग्रेस के विदेश मामलों के विभाग के प्रमुख सलमान खुर्शीद ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि उसी दिन वह शाम चार बजे रवाना होने वाली विशेष उड़ान से तेहरान जाएंगे और खामेनेई के अंतिम संस्कार से जुड़े सभी कार्यक्रमों में शामिल होने का प्रयास करेंगे। ईरानी अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है कि वह कांग्रेस अध्यक्ष और कांग्रेस की ओर से इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि अंतिम संस्कार समारोह के लिए कई लोगों को आमंत्रित किया गया है, लेकिन सीटों और प्रतिनिधिमंडल के आकार की सीमाएं हैं। ऐसे में अभी यह स्पष्ट नहीं है कि और कौन-कौन लोग यात्रा में शामिल होंगे।

### अयातुल्ला खामेनेई को अंतिम श्रद्धांजलि देने ईरान जाएंगी महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए तेहरान जाएंगी। ईरान के सर्वोच्च नेता के कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संबंध विभाग के निदेशक मोहसीन कुम्मी ने महबूबा को भारत की विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतिम संस्कार समारोह में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया है। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा, 'ईरान से यह निमंत्रण प्राप्त करना मेरे लिए अत्यंत सम्मान की बात है और जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर है। मैं सर्वोच्च नेता को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए वहां जाऊंगी।' निमंत्रण पत्र में कहा गया है, 'ग्रैंड आयतुल्लाह सैयद अली खामेनेई का 28 फरवरी को कत्ल कर दिया गया था और राष्ट्रीय शोक की अवधि और इस्लामी गणराज्य के प्रोटोकॉल के अनुसार 3 से 6 जुलाई तक तेहरान में राजकीय अंतिम संस्कार समारोह आयोजित किया जाएगा।'

### खरगे ने पूर्वोत्तर राज्यों में बाढ़ पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और सिक्किम में आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन को लेकर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इस आपदा ने कई लोगों की जान ले ली है और हजारों परिवारों को उजाड़ दिया है। खरगे ने प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी हर पीड़ित के साथ खड़ी है। खरगे ने एक्स पर लिखा कि एनडीए सरकारों के वादे और असम के 2016 के विजन डॉक्यूमेंट में किए गए बाढ़ मुक्त राज्य बनाने के वादे हवा हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बाढ़ अब हर साल की नियमित त्रासदी बन चुकी है, लेकिन सरकार की तैयारी और दीर्घकालिक समाधान के प्रयास बेहद कम हैं। उन्होंने मांग की कि पीएम केयर्स फंड का तुरंत उपयोग कर प्रभावित परिवारों को पर्याप्त मुआवजा, व्यापक पुनर्वास और सतत राहत दी जाए।

### गंगोत्री हाईवे पर बाइक दुर्घटनाग्रस्त, दो घायल; एक युवक लापता

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर भैरवघाटी से करीब तीन किलोमीटर आगे गंगोत्री की ओर बुधवार एक मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दो लोग घायल हो गए, जबकि एक युवक लापता है। उसकी तलाश में एसडीआरएफ का सर्च अभियान जारी है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम प्रभारी उपनिरीक्षक देवीदत्त बडथ्वाल के नेतृत्व में आवश्यक उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंची। जांच में पता चला कि दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल पर तीन लोग सवार थे। दुर्घटना में दो व्यक्ति सामान्य रूप से घायल हुए, जिन्हें 108 एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। वहीं तीसरे व्यक्ति सुरेश लामा के लापता होने की सूचना प्राप्त हुई।

### असम में बाढ़ पुनर्वास को लेकर मुख्यमंत्री हिमंत ने किरेन रिजिजू से की मुलाकात

## प्रभावित क्षेत्रों में राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्यों पर की विस्तृत चर्चा

एजेंसी

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात कर राज्य में हालिया बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्यों पर विस्तृत चर्चा की।



मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि उन्होंने हाल ही में असम का दौरा कर बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान मंत्री ने राहत एवं पुनर्वास कार्यों को और प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

डॉ. सरमा ने कहा कि राज्य सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों के पुनर्वास और आजीविका की बहाली के लिए प्रयासों को और तेज करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार मिलकर प्रभावित परिवारों के जीवन को सामान्य बनाने के लिए हरसंभव कदम उठाएगी।

वहीं केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी एक्स पर बैठक की जानकारी देते हुए असम सरकार द्वारा मानसून के दौरान बाढ़ से लोगों की सुरक्षा के लिए उठाए गए सक्रिय कदमों की सराहना की। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में असम विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

बैठक में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव केके द्विवेदी तथा असम भवन की रेजिडेंट कमिश्नर कविता पद्मनाभन भी उपस्थित थीं। बैठक में बाढ़ राहत, पुनर्वास तथा दीर्घकालिक पुनर्निर्माण के लिए केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय को और मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया।

## मणिपुर में अब भी हालात सामान्य नहीं हुए : राहुल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर में हुई हालिया घटना को लेकर केंद्र को घेरा है। उन्होंने कहा कि मणिपुर वर्षों से हिंसा की आग में जल रहा है और अब भी हालात सामान्य नहीं हो सके हैं। राज्य में राष्ट्रपति शासन भी लगाया गया था लेकिन स्थिति में कोई परिवर्तन देखने को नहीं मिला।

राहुल गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि मणिपुर में एक बार फिर नफरत और हिंसा की आग में 20 घर जलकर नष्ट हो गए। हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और अनगिनत परिवार उजड़ चुके हैं। मणिपुर जिस पीड़ा से गुजर रहा है, उसकी कल्पना करना भी कठिन है।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह स्थिति केंद्र सरकार की विचारधारा का परिणाम है, जो लोगों को धर्म, जाति, भाषा, क्षेत्र और पहचान के आधार पर बांटती है। आज मणिपुर ही नहीं, बल्कि पूरा देश संवेदना की भी उम्मीद छोड़ चुका है।

राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर बेहतर भविष्य का हकदार है और इसके लिए समाज को जोड़ने की आवश्यकता है। देश को एकजुट रखने और विभाजनकारी राजनीति से ऊपर उठने की जरूरत है।

## उत्तराखंड में झमाझम बारिश, बदरीनाथ हाइवे व केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग बंद

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड में बारिश लगातार जारी है। मोसम विज्ञान केंद्र ने आज देहरादून, नैनीताल, पौड़ी, बागेश्वर व टिहरी जिले में बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है। बारिश से बदरीनाथ हाइवे गुलाबकोटि के पास और केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग सोनप्रयाग-मुनकटिया के पास पत्थर गिरने से बंद हो गया है। इसके अलावा बागेश्वर व अल्मोड़ा जिले में आज स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों में एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है।

राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी रोहित थपलियाल ने बताया कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान मानसून उत्तराखंड के शेष हिस्सों सहित उत्तर-पश्चिम भारत के अन्य राज्यों में भी पूरी तरह सक्रिय हो जाएगा। राज्य



आपदा प्राधिकरण ने जिलों को सतर्क रहने और चारधाम यात्रियों से अपील की है कि मौसम को देखते हुए यात्रा करें। लोगों से नदी नालों से दूर रहने की अपील की गई है।

रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर सोनप्रयाग-मुनकटिया के बीच आज सुबह पहाड़ी से पत्थर गिरने के कारण अवरुद्ध हो गया, जिससे पैदल आवाजाही एहतियातन अस्थायी रूप से रोक दी गई।

जिला प्रशासन के अनुसार, सुबह 9:44 बजे सेक्टर अधिकारी सोनप्रयाग ने मुनकटिया क्षेत्र में पत्थर गिरने की सूचना दी। यात्रियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल मार्ग पर आवाजाही रोक दी। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि मार्ग को शीघ्र सुचारु करने के लिए संबंधित विभाग की टीमें जेसीबी मशीनों के साथ मलबा और बड़े पत्थर हटाने के कार्य में युद्धस्तर पर जुटी हैं।

उन्होंने कहा कि मार्ग पूरी तरह सुरक्षित घोषित किए जाने के बाद ही यातायात बहाल किया जाएगा। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें तथा मार्ग खुलने की आधिकारिक सूचना मिलने तक प्रतीक्षा करें।

## असम के बोरजुली क्षेत्र को मिला जैव विविधता धरोहर स्थल का दर्जा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय वर्षा आधारित क्षेत्र प्राधिकरण (एनआरएए) द्वारा वित्तपोषित 'जंगली धान (ओरिजा रूफिपोगों) के यथास्थान संरक्षण और प्रबंधन' परियोजना ने असम में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस परियोजना के तहत बोरजुली को राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण द्वारा जैव विविधता धरोहर स्थल के रूप में अधिसूचित किया गया है।

यह परियोजना वर्ष 2022 से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (आईसीएआर-एनबीपीजीआर) द्वारा असम राज्य जैव विविधता बोर्ड के सहयोग से संचालित की जा रही है। इसका उद्देश्य जंगली धान के आनुवंशिक

**● जंगली धान संरक्षण परियोजना की बड़ी सफलता**



संसाधनों का संरक्षण, वैज्ञानिक अध्ययन और भविष्य के लिए सुरक्षित रखना है।

आईसीएआर-एनबीपीजीआर के वैज्ञानिकों के एक दल ने एनआरएए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर कुमार से मुलाकात कर परियोजना की प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने बताया कि बोरजुली क्षेत्र में जंगली धान की समृद्ध जैव विविधता को देखते हुए इसे जैव विविधता धरोहर स्थल घोषित किया गया है। इससे इस क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को और मजबूती मिलेगी।

डॉ. चंद्र शेखर कुमार ने मीडिया को बताया कि जंगली धान की प्रजातियाँ भारत की अमूल्य आनुवंशिक संपदा हैं। इनके माध्यम से भविष्य में ऐसी धान की नई किस्में विकसित की जा सकती हैं जो जलवायु परिवर्तन, सूखा और बाढ़ जैसी परिस्थितियों का बेहतर सामना कर सकें, अधिक उपज दें और बेहतर पोषण उपलब्ध कराएं। उन्होंने अन्य फसलों के जंगली संबंधी पौधों के संरक्षण के लिए भी इसी प्रकार की पहलें बढ़ाने पर जोर दिया।

### मप्र की दतिया विस उपचुनाव की तारीख घोषित

## 30 जुलाई को मतदान और 3 अगस्त को नतीजे की घोषणा

एजेंसी

**भोपाल।** भारत निर्वाचन आयोग ने मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तारीख घोषित कर दी है। इसके लिए 30 जुलाई को मतदान होगा, जबकि 03 अगस्त को मतगणना और परिणाम घोषित होंगे।

निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात की तीन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीख घोषणा कर दी है। इनमें मप्र की दतिया विधानसभा सीट भी शामिल है। निर्वाचन की तारीख का ऐलान होने के साथ ही दतिया विधानसभा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, दतिया उपचुनाव की अधिसूचना 6 जुलाई को जारी होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 13 जुलाई, नामांकन पत्रों की जांच 14 जुलाई तथा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 16 जुलाई निर्धारित की गई है। इसके बाद 30 जुलाई को मतदान होगा और 3 अगस्त को मतगणना की जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया 4 अगस्त तक पूरी कर ली जाएगी।

गौरतलब है कि मप्र की दतिया विधानसभा सीट से कांग्रेस के राजेंद्र भारती विधायक थे। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के राजेंद्र भारती ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा को पराजित किया था लेकिन कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को आर्थिक अनियमितता से जुड़े एक मामले में अदालत ने तीन वर्ष की सजा सुनाई थी। इसके बाद विधानसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता समाप्त कर दी थी, जिसके चलते यह सीट रिक्त हुई थी।

## ई-मोबिलिटी का लक्ष्य सिर्फ तकनीक बदलना नहीं बल्कि सतत औद्योगिक इकोसिस्टम बनाना : भूपेंद्र

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर बढ़ता कदम केवल पारंपरिक वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों को लाना नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य एक ऐसा सतत औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित करना है, जो विनिर्माण को मजबूती दे, हरित रोजगार सृजित करे और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने में योगदान दे।

एसोचैम द्वारा गुरुवार को यहां आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन 'इलेक्ट्रिक मोबिलिटीः बिल्डिंग इंडिया एन इलेक्ट्रिक मोबिलिटी हब फॉर विकसित भारत' को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि ई-मोबिलिटी के विस्तार में हरित विकास, मजबूत बुनियादी ढांचे, पारदर्शी शासन और सर्कुलर इकोनॉमी को प्राथमिकता देना



आवश्यक है, ताकि दीर्घकालिक पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पर्यावरणीय मंजूरियों की प्रक्रिया को सरल बनाने, परिवेश पोर्टल के माध्यम से अनुमोदन प्रणाली को डिजिटल करने, अनुपालन संबंधी आवश्यकताओं को तर्कसंगत बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ कारोबार सुगमता बढ़ाने के लिए कई सुधार किए हैं।

यादव ने कहा कि भारत को 'टेक-मेक-डिस्पोज' मॉडल से आगे बढ़कर पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण और संसाधनों के सतत प्रबंधन पर आधारित सर्कुलर इकोनॉमी अपनानी होगी। उन्होंने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए मजबूत चार्जिंग नेटवर्क, उन्नत विनिर्माण के स्थानीयकरण, महत्वपूर्ण खनिजों की सुरक्षित आपूर्ति श्रृंखला, बैटरी रीसाइक्लिंग और संसाधन दक्षता को आवश्यक बताया।

सम्मेलन में नीति निमार्ताओं, उद्योग जगत, ऑटोमोबाइल कंपनियों और तकनीकी विशेषज्ञों ने भाग लिया। विचार-विमर्श के दौरान इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत निरंतरता, चार्जिंग अवसंरचना का विस्तार, स्थानीय विनिर्माण, बैटरी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने, वित्तीय सहायता तथा तकनीकी नवाचार पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में एसोचैम के अध्यक्ष निर्मल के. मिंडा, ग्रीन मोबिलिटी राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष एवं जेबीएम ग्रुप के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक निशांत आर्य तथा एसोचैम के महासचिव सौरभ सान्याल सहित कई उद्योग प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**अमरनाथ यात्रा** › जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल ने की अमरनाथ वार्षिक यात्रा की औपचारिक शुरुआत

## 4,822 अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को किया रवाना

एजेंसी

**जम्मू।** श्री अमरनाथ वार्षिक यात्रा गुरुवार को औपचारिक रूप से शुरू हो गई। जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अधिकारियों ने बताया कि कुल 4,822 तीर्थयात्री 259 गाड़ियों के काफिले में जम्मू से बालटाल और पहलगाम के दो बेस कैंपों के लिए रवाना हुए।

इनमें से 2510 तीर्थयात्री पारंपरिक पहलगाम रास्ते से यात्रा कर रहे हैं, जबकि 2,312 ने छोटे बालटाल रास्ते को चुना है। पहले जत्थे में 3,707 पुरुष तीर्थयात्री, 816 महिला तीर्थयात्री, 16 बच्चे, 246 साधु और 37 साध्वियां शामिल हैं। काफिले में 106 बसें, 39 मध्यम मोटर वाहन, 111 हल्के मोटर वाहन और तीन दोपहिया वाहन शामिल हैं।

अधिकारियों ने बताया कि बालटाल जाने वाला काफिला सुबह 6:10 बजे भगवती नगर से निकला और उसके बाद पहलगाम जाने वाला काफिला सुबह 6:35 बजे रवाना हुआ। दोनों काफिलों को कई स्तरों वाली सुरक्षा




व्यवस्था के तहत सुरक्षा कर्मियों की निगरानी में ले जाया गया।

उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यात्रा को सुरक्षित, सुचारू और परेशानी-मुक्त बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों के लिए पर्याप्त सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, साफ-सफाई, रहने की जगह और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को बाबा बर्फानी के तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए तवी आरती और लाइट एंड साउंड शो का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आस्था, अनुशासन और आध्यात्मिक जागृति की यह पवित्र यात्रा अनगिनत पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने देश भर के श्रद्धालुओं को इस आध्यात्मिक यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि श्री अमरनाथ जी यात्रा लंबे समय से एक जीवंत सूत्र रही है, जो अलग-अलग भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं के लोगों को आस्था के एक साझे ताने-बाने में पिरोती है।

उम्मीद है कि तीर्थयात्री दोपहर तक कश्मीर घाटी पहुंचेंगे और फिर बालटाल और नुनवान बेस कैंप जाएंगे, जहां से वे तय कार्यक्रम के अनुसार पवित्र गुफा मंदिर की आगे की यात्रा शुरू करेंगे।

## भारत और पाकिस्तान को बातचीत से मसले सुलझाने चाहिए : उमर अब्दुल्ला

एजेंसी

**शोपियां।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान को बातचीत करके आपसी संबंधों को बेहतर बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच शांति की वकालत करने पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

शोपियां में पत्रकारों से बात करते हुए सीएम उमर ने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव कोई नई बात नहीं है और यह दशकों से चला आ रहा है और पिछले साल पहलगाम की घटना के बाद यह तनाव और बढ़ गया था। उन्होंने प्रधानमंत्री को लिखे गए उस हालिया पत्र का भी ज़िक्र किया, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच बेहतर संबंधों की मांग की गई थी। उन्होंने कहा कि ऐसी अपील पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने सवाल किया कि जम्मू-कश्मीर के नेताओं की ऐसी बातों पर आलोचना क्यों होती है, जबकि वरिष्ठ आरएसएस नेताओं द्वारा बातचीत के पक्ष में दिए गए बयानों पर कोई आलोचना नहीं होती। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि दोस्त बदले जा सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं। उन्होंने कहा कि मकसद बातचीत और शांतिपूर्ण तरीके से पड़ोसी देशों के बीच बेहतर संबंध देखना है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* (*पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9955023741